kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-72 ❑ रविवार, 12 अप्रैल 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



फार्मासिस्ट चिकित्सा विभाग की अहम कड़ी हैं। वे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का एक अभिन्न अंग हैं। फार्मासिस्ट डॉक्टरों द्वारा लिखे गए नुस्खों के अनुसार मरीजों को सुरक्षित और सही दवाएं उपलब्ध कराते हैं। दवाओं के उपयोग, खुराक, दुष्प्रभावों और परस्पर क्रियाओं के बारे में मरीजों को परामर्श देते हैं।

ब्रजेश पाठक

मप्र के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बढ़ा चीतों का कुनबा 10

युवा ही देश के वर्तमान और भविष्यः धामी 12

### सीएम योगी ने फिर चेताया, माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें

# थारू समाज के लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेगी सरकार : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❑ मुख्यमंत्री ने नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक पट्टों का किया आवंटन

❑ सीएम योगी ने 817 करोड़ रुपये से पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्र की 314 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी के वासियों के चेहरे पर बड़ी खुशी लाई। ज्योतिबा फुले के जन्मदिवस व महाराणा सांगा के जन्मदिवस के एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जनपद में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है। सीएम ने साफ तौर पर फिर चेताया कि कोई माफिया बनने का प्रयास किया तो मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर ले। किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने और नौजवान की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देंगे।

मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक पट्टों का आवंटन किया और 817 करोड़ रुपये से पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्र की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने थारू जनजाति के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति और अपनी संस्कृति को बचाकर रखने के लिए उनकी सराहना भी की।

**हमें जनता ने अधिकार दिया, हम जनता को अधिकार पत्र दे रहे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी हो। जनता के कल्याण में शासन का कल्याण है। शासन की खुशी का आधार व्यक्तिगत अभिलाषा का पूर्ण होना नहीं, बल्कि जनता-जनार्दन की खुशी है। यह कार्य तभी होता है, जब शासन सत्ता में संवेदना होती है और सेवा के माध्यम से यह जनता-जनार्दन तक पहुंचती है। यह कार्यक्रम अधिकार से आत्मनिर्भरता, आत्मनिर्भरता से आत्मसम्मान की ऐतिहासिक यात्रा भी है, क्योंकि आज अधिकार के साथ आत्मसम्मान व आत्मनिर्भरता की गारंटी भी मिल रही है। जनता ने हमें अधिकार दिया तो हम अधिकार पत्र दे रहे हैं।

**दशकों की अधूरी यात्रा आज हो रही पूरी**

सीएम ने कहा कि पूर्वी उप्र के स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को यहां बसाया गया था। आपकी तीन-तीन पीढ़ियां चली गईं, लेकिन कभी हक नहीं मिल पाया। दशकों की अधूरी यात्रा आज पुनर्वास कार्यक्रम के साथ बढ़ रही है। जब जनता और सरकार के बीच में विश्वास का सेतु बनता है ● शेष पेज 11 पर

### सीएम के हाथों सम्मानित हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी

लखीमपुर खीरी, मुख्यमंत्री ने थारू परिवारों व पूर्वी उत्तर प्रदेश से आकर यहां स्थापित परिवारों को भौमिक अधिकार पत्र प्रदान किए। सीएम योगी ने लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। सीएम योगी के हाथों बालकृष्ण, रामखेलावन, भज्जीराम, रामनरेश, रामकुमार को भौमिक अधिकार प्रदान पत्र मिला। आंगनवाड़ी भर्ती के तहत ऊषा देवी (ध्यानपुर), संध्या कुमारी (पुरैना), मीना कुमारी (सूरमा) को नियुक्ति पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ध्यानपुर की बल्लू देवी, शीतल, बेबी को चाबी मिली। एक जिला-एक उत्पाद के तहत लाभार्थी अंशु गुप्ता, शिव गुप्ता, संस्कार अग्रवाल को चेक प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत कुंवर सेन, अमित जिंदल, रामचंद्र को चेक प्रदान किया। नाबार्ड द्वारा संचालित योजना के तहत पूनम विश्वकर्मा को चेक प्रदान किया।

# ममता सरकार की विदा का मन बना चुकी है जनता : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❑ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रानीगंज में जनसभा को किया संबोधित

❑ बंगाल चुनाव-2026 : कोयलांचल में खिलेगा कमल, बंगाल में आएगा परिवर्तन : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली/कोलकाता। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के रानीगंज और गलसी विधानसभा क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल की जनता अब 'ममता दीदी' के भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और गुंडाराज को विदा करने का मन बना चुकी है। रानीगंज और गलसी की जनसभाओं में उमड़े जनसैलाब ने यह साफ संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस बंगाल ने देश को राष्ट्रगान और वन्दे मातरम् दिया, आज उसे 'कटमनी' और 'सिंडिकेट' के हवाले कर दिया गया है। यह लड़ाई केवल चुनाव जीतने की नहीं है बल्कि यह बंगाल की खोई हुई गरिमा को बहाल करने और 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को सिद्ध करने का धर्मयुद्ध है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की लड़ाई है। उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व की वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि योग्य युवाओं को रोजगार के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है, जबकि भ्रष्ट तंत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। ममता बनर्जी की सरकार ने 'माँ, माटी, मानुष' का नारा दिया था, लेकिन आज बंगाल में ● शेष पेज 11 पर

# ममता बनर्जी के आरोपों का संघ ने किया खंडन

एजेंसी



पश्चिम मेदिनीपुर । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केशियाड़ी में आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थानीय प्रशिक्षण केंद्र को लेकर विशेष प्रशिक्षण देने का आरोप लगाया, जिसे संघ ने सिरे से खारिज किया है। ममता बनर्जी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केशियाड़ी क्षेत्र में संघ का एक मजबूत ठिकाना मौजूद है, जहां विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा, ꠰मैं सारी जानकारी रखती हूं। जो अच्छे कार्य करेंगे उन्हें सम्मान मिलेगा और जो वोट काटने की कोशिश करेंगे, उनका विसर्जन कर दीजिए।꠱मुख्यमंत्री के इस बयान पर संघ की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। दक्षिण बंगाल के प्रचार प्रमुख बिप्लव राय ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि 15 वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद ममता बंगाल को ठीक से समझ नहीं पाई हैं। केशियाड़ी में संघ का कोई प्रशिक्षण केंद्र नहीं है और मुख्यमंत्री का आरोप पूरी तरह निराधार है।राय ने बताया कि आमतौर पर संघ की शाखाओं में स्वयंसेवकों को शारीरिक, बौद्धिक और संगठनात्मक प्रशिक्षण ● शेष पेज 11 पर

### ईरान-अमेरिका संघर्ष विराम के बाद 'जग विक्रम' जहाज ने पार किया होर्मुज स्ट्रेट

नई दिल्ली। ईरान और अमेरिका के बीच दो सप्ताह के अस्थायी संघर्ष विराम के बाद 'जग विक्रम' नामक भारतीय ध्वज वाले तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लदे जहाज ने होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर लिया है। इसमें करीब 20,000 टन एलपीजी होने का अनुमान है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अमेरिका-ईरान युद्धविराम के बाद भारतीय 'जग विक्रम' ने होर्मुज पार कर लिया है। इससे भारत की ऊर्जा सप्लाई को राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, इस क्षेत्र में अभी भी कई भारतीय जहाज फंसे हुए हैं। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला यह पहला भारतीय ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### मणिपुर में कुकी और नगा उग्रवादी संगठनों के बीच मुठभेड़, बीएसएफ जवान की मौत

इम्फाल । मणिपुर के उखरूल जिले में कुकी और नगा उग्रवादी संगठनों के बीच हुई गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह घटना लिटान थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोंगकोट चेपू इलाके में हुई, जहां दोनों उग्रवादी समूहों के बीच भारी गोलीबारी हुई। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ की 170वीं बटालियन के कांस्टेबल मिथुन मंडल की मौत हो गई। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

### थलपति विजय की फिल्म 'जन नायकन' लीक के आरोप को सीबीएफसी ने बताया निराधार और भ्रामक

नई दिल्ली । थलपति विजय की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जन नायकन' की एचडी क्वालिटी में ऑनलाइन लीक होने की खबर पर केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) का बयान सामने आया है। सीबीएफसी ने उन खबरों को निराधार और भ्रामक बताया है जिसमें तमिल फिल्म जना नायकन꠱ के प्रमाणन बोर्ड से लीक होने के दावे किए गए है। शनिवार को सीबीएफसी ने एक्स पर साझा किए गए अपने संदेश में कहा कि तमिल फिल्म ꠰जना नायकन꠱ के केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से लीक होने के दावे निराधार और भ्रामक हैं।
सीबीएफसी ने स्पष्ट किया है कि वह प्रमाणन के लिए प्रस्तुत सभी सिनेमाघरों में दिखाई जाने वाली फिल्मों के लिए एक सुरक्षित केडीएम (की डिलीवरी मैसेज) प्रणाली का पालन करता है। सामग्री तक पहुंच पासवर्ड से सुरक्षित है, और केडीएम केवल निर्माता, या फिल्म निर्माता के पास ही रहता है। वैध केडीएम के बिना फिल्म को देखा या एक्सेस नहीं किया जा सकता है। जना नायकन꠱ का डीसीपी (डिजिटल सिनेमा पैकेज) 17 मार्च को मुंबई में आवेदक को विधिवत पावती के साथ सौंप दिया गया था, और तब से उनके पास ही है। उल्लेखनीय है कि अभिनेता विजय की फिल्म ' जना नायकन' के सोशल मीडिया पर लीक होने के बाद फिल्म के कानूनी प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि अप्रकाशित फिल्म के किसी भी क्लिप को डाउनलोड करना, स्टोर करना या साझा करना एक गंभीर अपराध और कॉपीराइट कानूनों का उल्लंघन है।

# पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय के घर फिर ईडी का छापा

एजेंसी



भर्ती घोटाले की जांच तेज

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय के कोलकाता स्थित आवास पर एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है। ईडी की टीम शनिवार सुबह केंद्रीय बलों के साथ नाकतला स्थित उनके घर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई शिक्षक भर्ती से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में पूछताछ के सिलसिले में की गई है। ईडी अधिकारियों ने पहले भी पार्थ चट्टोपाध्याय को पूछताछ के लिए तलब किया था, लेकिन कई बार पेशी से बचने के बाद एजेंसी ने सीधे उनके आवास पर पहुंचकर छापा मारा। इसी क्रम में न्यू टाउन स्थित 'मिडलमैन' प्रसन्न राय के दफ्तर में भी ईडी की एक अन्य टीम ने छापेमारी की। भर्ती घोटाले की जांच के शुरुआती दौर से ही प्रसन्न राय का नाम सामने आता रहा है। पिछले वर्ष अगस्त में ईडी ने पुरुलिया में उनके एक रिश्तेदार के घर पर भी तलाशी अभियान चलाया था। उल्लेखनीय है कि पार्थ चट्टोपाध्याय 11 नवंबर को जेल से रिहा होकर अपने आवास लौटे थे। हालांकि इसके बाद से वह सक्रिय राजनीति में कम ही नजर आए हैं। भर्ती घोटाले के मामले में उन्हें लगभग तीन वर्षों तक जेल में रहना पड़ा था और जुलाई 2021 में उनकी गिरफ्तारी हुई थी। फिलहाल ईडी की इस ताजा कार्रवाई से शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच एक बार फिर तेज होती नजर आ रही है और ● शेष पेज 11 पर

### महाराष्ट्र के नासिक में सड़क हादसे के बाद पिकअप वाहन में लगी आग, चार की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के नासिक जिले के सिन्नर तहसील में स्थित पंचाले-शहा रोड पर शनिवार को तडक़े एक ट्रक और पिकअप ट्रक में ज़ोरदार टक्कर के बाद पिकअप वाहन में आग लग जाने से चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिला और दो पुरुष हैं। इस हादसे में दो घायलों का इलाज सिन्नर जिला उप अस्पताल में जारी है। इस हादसे की छानबीन एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। इस हादसे के छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि नासिक के पंचाले गांव के कुछ लोग पिकअप वाहन में जागरण के लिए गोंडल गए थे। वहां से लौटते समय आज तडक़े उनके पिकअप वाहन को एक ट्रक ने टक्कर मार दिया। इससे पिकअप वाहन में आग लग गई। इस हादसे में पिकअप वाहन चालक और एक व्यक्ति घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की टीम और फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे और चारों घायलों को सिन्नर जिला उप अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती ● शेष पेज 11 पर

# एक दिन में 51.5 लाख एलपीजी सिलेंडर किए गए डिलीवर: सरकार

एजेंसी



❑ पश्चिम एशिया संकट के बीच 8.7 लाख भारतीय स्वदेश लौटे : सरकार

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सरकार ने शनिवार को कहा कि भारत की ईंधन आपूर्ति और समुद्री परिचालन समान्य है। केंद्र सरकार ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। सरकार ने कहा कि कल 51.5 लाख से अधिक सिलेंडर वितरित किए गए हैं और 8.7 लाख भारतीय स्वदेश लौटे हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया, ''घरेलू रसोई गैस यानी एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है, जबकि 10 अप्रैल को ही ''51.5 लाख से ज्यादा घरेलू एलपीजी सिलेंडरों'' की डिलीवरी की गई, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास के घटनाक्रमों के कारण सप्लाई चेन पर दबाव बना हुआ है।'' मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने बिना किसी रुकावट के सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें ''घरेलू एलपीजी और पीएनजी की सप्लाई को प्राथमिकता दी गई है, इसके साथ ही अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों को भी उच्च प्राथमिकता दी है।''

मंत्रालय ने यह भी कहा कि ''एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स पर स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है,'' जिससे पता चलता है कि पूरे देश में सप्लाई स्थिर है। मंत्रालय ने कहा कि ''पूरे उद्योग में ऑनलाइन एलपीजी की बुकिंग बढ़कर लगभग 98 फीसदी हो गई है,'' जबकि ''गैस के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) पर आधारित डिलीवरी बढ़कर लगभग 93 फीसदी हो गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा, ''नागरिकों को पीएनजी और इलेक्ट्रिक या इंडक्शन कुकटॉप जैसे वैकल्पिक ईंधनों का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।'' मंत्रालय ने बताया कि ''अब तक 26,000 से ज्यादा पीएनजी उपभोक्ताओं ने https://mypngd.in/ के जरिए अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं।'' देश के सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं, जबकि पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जा रहा है। घरेलू खपत को पूरा करने के लिए रिफाइनरियों से एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (ओएमसी) ने पिछले 8 दिनों में 5 किलो एफटीएल सिलेंडरों के लिए लगभग 2,900 जागरूकता शिविर आयोजित ● शेष पेज 11 पर

### रक्षा मंत्री ने तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव-2026 का किया शुभारंभ

# भारत किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम : राजनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




❑ किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़, इनके बिना हमारे भोजन की थाली अधूरी है : राजनाथ सिंह

❑ प्राकृतिक और जैविक खेती से पैदा हुई फसल-सब्जियों से जवानों की सेहत हुई अच्छी

लखनऊ । केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरने के बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद रक्षामंत्री गोमती नगर (लखनऊ) जनकल्याण महासमिति के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी चुनौती से निपटने में भारत सक्षम है। भाजपा सरकार के रहते कोई भी संकट देश में आने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार है इसलिए किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बाद उत्पन्न हालात से कोई देश अछूता नहीं है लेकिन भारत ने उन चुनौतियों पर विजय पाने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। राजनाथ ने कहा कि मुझे यह देखकर भी बड़ी खुशी होती है कि हमारा लखनऊ रक्षा क्षेत्र में भी बढ़-चढ़ कर योगदान दे रहा है। यह लखनऊ के लिए गर्व की बात है कि इसे आगरा और कानपुर के साथ डिफेंस नोड घोषित किया गया। अब लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का विनिर्माण भी शुरू हो चुका है। गर्व की बात यह है कि इसकी पहली खेप हमारी सेना को सौंप भी दी गई है। इसके साथ ही रक्षा उपकरणों से जुड़े कई और छोटे-बड़े कारखाने भी यहां स्थापित हो रहे हैं। लखनऊ का विकास, बेहद सुनियोजित योजना के तहत चल रहा है। यह विकास की गंगा है जिसकी धारा में, गरीब का, व्यापारी का, बुजुर्ग का और नौजवान का, सबका कल्याण समाया है। हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि लखनऊ वासियों का रहन-सहन सुख-सुविधाओं से सम्पन्न और परिपूर्ण रहे। उन्होंने बताया कि जब आउटर रिंग रोड के चारों ओर, ये 4-6 लेन की सड़कें और तीन एक्सप्रेसवे जुड़ जाएंगे, तो लखनऊ 400-500 किलोमीटर के दायरे के लिए सबसे बड़ा सप्लाई सेंटर बन जाएगा। मतलब यह कि गांव से ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री ने महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती पर दी श्रद्धांजलि, 200वीं जयंती समारोह की शुरुआत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी 200वीं जयंती समारोह की औपचारिक शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने महात्मा फुले को एक दूरदर्शी समाज सुधारक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन समानता, न्याय और शिक्षा के आदर्शों को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शनिवार को कहा कि महात्मा फुले महिलाओं और वंचितों के अधिकारों के प्रबल पक्षधर थे और उन्होंने शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी साधन बनाया। आज भी फुले के विचार समाज की प्रगति के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने हिंदी, गुजराती और मराठी समेत तामाम भाषाओं में अलग-अलग पोस्ट में कहा कि महात्मा ज्योतिराव समानता, न्याय और शिक्षा के आदर्शों के लिए समर्पित दूरदर्शी समाज सुधारक थे। उन्होंने महिलाओं और वंचितों के अधिकारों की पैरवी की और शिक्षा को सशक्तिकरण का साधन बनाया। इस वर्ष हम उनकी 200वीं जयंती समारोह की शुरुआत कर रहे हैं। उनके विचार समाज की प्रगति के लिए हमें मार्गदर्शन देते रहें।

उल्लेखनीय है कि महात्मा ज्योतिराव फुले को लोकप्रिय रूप से महात्मा फुले के नाम से जाना जाता है। वह 19वीं सदी के भारत के प्रमुख सामाजिक सुधारकों में से एक थे। उन्होंने अपना जीवन सामाजिक एवं आर्थिक असमानताओं को समाप्त करने के लिए समर्पित किया। उन्होंने 1873 में 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य शोषण को रोकना और भेदभावपूर्ण प्रथाओं से पीड़ितों को मुक्ति दिलाना था। वह साल 1876 से 1882 तक पुणे ● शेष पेज 11 पर

# चिकित्सा विभाग की अहम कड़ी हैं फार्मासिस्ट: ब्रजेश पाठक

ब्रजेश पाठक ने कहा कि फार्मासिस्ट चिकित्सा विभाग की अहम कड़ी हैं।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार को इंदिरानगर में आयोजित डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन में शामिल हुए। इस अवसर ब्रजेश पाठक ने कहा कि फार्मासिस्ट चिकित्सा विभाग की अहम कड़ी हैं। वे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का एक अभिन्न अंग हैं।

फार्मासिस्ट डॉक्टरों द्वारा लिखे गए नुस्खों के अनुसार मरीजों को सुरक्षित और सही दवाएं उपलब्ध कराते हैं। दवाओं के उपयोग, खुराक, दुष्प्रभावों और परस्पर क्रियाओं के बारे में मरीजों को परामर्श देते हैं। आपके लिए हमारे घर और दफ्तर के दरवाजे सदैव खुले हैं।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्मासिस्ट की भूमिका केवल मरीजों को दवा देना ही नहीं वरन मरीजों की सुरक्षा और सही उपचार सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में हम लोगों के दायित्व अलग हो सकते हैं लेकिन लक्ष्य हमारा एक ही है। प्रदेश के लोगों को सुरक्षित और उच्च गुणवत्तापरक इलाज उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।ब्रजेश पाठक ने कहा कि फार्मासिस्ट हमारे परिवार का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित एसोसिएशन के प्रबंधन को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामानाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमें संयुक्त रूप से अपने विभाग को प्रदेश और देश में नंबर वन बनाना है।

वर्ष 2017 से पहले स्वास्थ्य विभाग की क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपा नहीं है। आज हम सभी ने बहुत मेहनत से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है लेकिन मंजिल अभी दूर है। हमें अभी और काम करना है और प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापरक इलाज पहुंचाना है।प्रस्ताव तैयार करने के निर्देशब्रजेश पाठक ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से जो भी मांग पत्र प्राप्त हुआ है, उनके स्तर जो संभव होगा, उसका प्रस्ताव तैयार कर मांग को जरूर पूरा कराया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने डीजी, हेल्थ को तत्काल ही प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे हर परिस्थिति में एसोसिएशन के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े हैं।

इनकी रही उपस्थितिकार्यक्रम में महानिदेशक चिकित्सा डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक, प्रशिक्षण डॉ. रंजना खरे, प्रदेश अध्यक्ष, डीपीआरए जेके सचान, महामंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, आरके निगम, जेडी, पैरामेडिकल डॉ. सुनील वर्मा, अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद आरके वर्मा, संप्रेक्षक, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद नागेंद्र भूषण पांडेय जी, निदेशक, पैरामेडिकल डॉ. संजू अग्रवाल एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# बाराबिरवा मंडी अग्निकांड: महापौर ने किया निरीक्षण, पुनर्वास के दिए निर्देश

❒ आग की घटना से कई दुकानों का हुआ भारी नुकसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बाराबिरवा फल व सब्जी मंडी स्थित मार्केट में बीती रात लगी भीषण आग की घटना अत्यंत दुखद रही, जिसमें कई दुकानों का भारी नुकसान हो गया। इस दुर्घटना से प्रभावित व्यापारियों को आर्थिक क्षति के साथ-साथ रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा हो गया है।

घटना की सूचना मिलते ही महापौर सुषमा खर्कवाल शुक्रवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार एवं स्थानीय पार्षद सौरभ सिंह 'मोनू' के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष श्री प्रथमेश कुमार से कॉल पर वार्ता कर मार्केट की दुकानों के शीघ्र पुनरुद्धार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित व्यापारियों को जल्द से जल्द राहत मिलनी चाहिए और बाजार को पुनः व्यवस्थित किया जाए।

महापौर ने दुकानदारों को आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में शासन-प्रशासन उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। जिन दुकानों को नुकसान हुआ है, उनकी सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी प्रभावितों को शीघ्र और समुचित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। महापौर ने कहा कि सभी संबंधित विभागों के सहयोग से इस विपरीत परिस्थिति से जल्द उबरने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन बाजार को पुनः व्यवस्थित और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि व्यापारियों की आजीविका जल्द पटरी पर लौट सके।

## चिनहट के ढाबे पर युवक के साथ मारपीट

**चिनहट, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित अयोध्या रोड पर एक युवक के साथ मारपीट, लूट और जान से मारने की कोशिश का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित रामजीत वर्मा ने इस संबंध में शुक्रवार को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमीर मंजिल एल्डिको तिराहा, चिनहट निवासी रामजीत वर्मा अपने एक मित्र के साथ कमता स्थित अयोध्या रोड तिराहे के पास स्थित यादव ढाबे पर खाना खाने गए थे। आरोप है कि भोजन के बाद 520 रुपये के बिल के भुगतान को लेकर ढाबा संचालक और पीड़ित के बीच कहासुनी हो गई।देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और ढाबा संचालक सहित वहां मौजूद करीब 20-25 लोगों ने रामजीत पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से उस पर बेरहमी से हमला किया तथा जान से मारने की नीयत से पिटाई की।इतना ही नहीं, पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि हमले के दौरान आरोपियों ने उससे करीब 40 हजार रुपये नकद, सोने की चेन और अन्य कीमती सामान भी लूट लिया।

## गोली से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित कौंधियारा थाना क्षेत्र के देवरा डांडी गांव में 24 मार्च को गोली लगने से घायल युवक की इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात मौत हो गई। शनिवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।मृतक की पहचान धर्मराज आदिवासी (30) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 24 मार्च की शाम करीब 6:30 बजे गांव में मामूली विवाद के बाद कहासुनी बढ़ गई थी। इसी दौरान आरोपितों ने धर्मराज की पीठ में गोली मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में उनका इलाज स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में चल रहा था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।परिजनों के अनुसार, इस मामले में मुख्य आरोपित देवरा डांडी निवासी अतुल और कैथा गांव का रहने वाला सुभम सिंह को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात स्कूटी सवार एक युवक सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस कहना है कि एक कुत्ते के दौड़ाने से स्कूटी अनियंत्रित होकर गिरी और हादसे में स्कूटी सवार युवक की जान चली गई।पुलिस उपायुक्त (नगर) मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि हादसे में प्रयागराज के कैन्ट थाना क्षेत्र स्थित उचवागढ़ी राजापुर निवासी आकाश जैसवार (26) की मौत हुई है। परिवार से तहरीर लेकर विधिक कार्रवाई की गई और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के संबंध में जानकारी देते हुए परिवार के लोगों ने बताया किआकाश अपना खर्च चलाने के लिए लाइट हाउस और कैटरिंग का ठेकेदारी करते थे। वह शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे कर्नलगंज क्षेत्र से घर के लिए वापस आ रहा थे, तभी रास्ते में ॣमां की रसोईॾ के सामने एक कुत्ते ने आकाश को दौड़ा लिया। इससे उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।आकाश के पिता प्रकाश चंद्र पिछले तीन वर्षों से पैरालाइज से पीड़ित हैं। मां निशा देवी और छोटा भाई विकास जैसवार का रो-रोकर हाल बेहाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

## नगर निगम में 'संपूर्ण समाधान दिवस' आयोजित 191 शिकायतों का हुआ निस्तारण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में शुक्रवार को 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अरुण कुमार गुप्त, डॉ. अरविंद कुमार राव, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह, विनय कुमार राय समेत समस्त जोनल अधिकारी एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कुल 191 शिकायतें प्राप्त, गृहकर-जलकर पर विशेष फोकस समाधान दिवस में कुल 191 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें गृहकर एवं जलकर से संबंधित आपत्तियों की संख्या प्रमुख रही। जोनवार प्राप्त गृहकर/जलकर आपत्तियों में जोन-1 से 23, जोन-2 से 3, जोन-3 से 14, जोन-4 से 8, जोन-5 से 7, जोन-6 से 11, जोन-7 से 15 तथा जोन-8 से 4 शिकायतें दर्ज की गईं। इस प्रकार कुल 85 आपत्तियां प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त जलकल विभाग से 8 एवं अन्य विभागों से 98 शिकायतें प्राप्त हुईं। मौके पर ही निस्तारण के दिए गए निर्देश कार्यक्रम के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से गृहकर, जलकर, जीआईएस सर्वे से संबंधित आपत्तियों, सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, सीवर एवं जल निकासी, सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान भी कराया गया। महापौर ने स्पष्ट किया कि नागरिकों की समस्याओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने भी सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता बनाए रखें।

## दशकों से राजनीति करने वाले पूर्व मंत्री बादशाह सिंह ने लिया सन्यास

**हमीरपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में पिछले चार दशक तक यूपी के साथ एमपी के राजनीति में दखल रखने वाले राजनीति के दिग्गज नेता कुंवर बादशाह सिंह ने सोशल मीडिया में करीब 10 मिनट का वीडियो वायरल करके सक्रिय राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की है।वायरल वीडियो में उन्होंने राजनीतिक सफर कांग्रेस के यूथ अध्यक्ष से शुरू करने की बात कहते हुए कहा कि हमीरपुर जिले की खरेला नगर पंचायत का अध्यक्ष बनने के साथ उन्होंने जिले की मौदहा विधानसभा सीट से पहली बार 1991 में विधानसभा का चुनाव लड़कर जीता। इस सीट से वह 2007 की आखिरी विधायक बने। इसके बाद इस सीट का अस्तित्व ही खत्म हो गया। भाजपा से तीन बार तथा बसपा से आखिरी बार यह मौदहा से विधायक रहे और 2007 में प्रदेश में बसपा की सरकार पर इन्हें कैबिनेट मंत्री बनाकर श्रम विभाग दिया गया। वर्तमान में सपा में सक्रिय थे और टिकट के प्रबल दावेदार थे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा मुखिया ने उनको बड़ी जिम्मेदारी सौंपी और कहा कि हमीरपुर के लोकसभा सीट जिताओ। उन्हें 2027 में विधान सभा में मौका दिया जाएगा।

# नगर निगम मुख्यालय में जनता दरबार, महापौर ने सुनीं समस्याएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित जनता दरबार में महापौर सुषमा खर्कवाल ने नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सफाई, जल निकासी, सड़क मरम्मत एवं अन्य नगर निगम से जुड़ी समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं।

जनता दरबार के दौरान महापौर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता, महापौर ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर निगम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# सीएम डैशबोर्ड से समग्र विकास की दिशा में तेजी से बढ़ रहा सीएम योगी का उत्तम प्रदेश

❒ सीएम डैशबोर्ड की मार्च माह की रिपोर्ट में हमीरपुर को मिला पहला स्थान

❒ सीएम डैशबोर्ड से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले नौ वर्षों से समग्र विकास की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रदेश में न केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी के सपनों को साकार करने में सीएम डैशबोर्ड अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

सीएम डैशबोर्ड से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में सीएम डैशबोर्ड की मार्च की रिपोर्ट में प्रदेशभर में हमीरपुर ने बेहरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि बरेली ने दूसरा और रामपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सीएम डैशबोर्ड की ओर प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 110 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है।

सीएम डैशबोर्ड की मार्च माह की रिपोर्ट के अनुसार हमीरपुर ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। बरेली जिले ने दूसरा स्थान और रामपुर जिले ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

डीएम ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप रामपुर में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। यही वजह है कि रामपुर पिछले कई माह से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टॉप टेन जिलों में अपने जगह बनाए हुए है। वहीं, हमीरपुर ने विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में 10 में से 9.55 अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह बरेली ने 9.54 अंक हासिल किये हैं।

सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट के अनुसार रामपुर ने 10 में से 9.51 अंक प्राप्त किये हैं। इसी तरह मैनपुरी चौथे और हरदोई पांचवे पायदान पर है। वहीं टॉप टेन जिलों में शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, जालौन, सोनभद्र और कौशांबी ने जगह बनाई है।

# जोन-7 में महापौर का औचक निरीक्षण, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर

❒ सुबह 7 बजे नगर आयुक्त के साथ किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । महापौर सुषमा खर्कवाल ने शुक्रवार सुबह नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जोन-7 का औचक निरीक्षण किया। सुबह 7 बजे शुरू हुए इस निरीक्षण में क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही अखबारों में प्रकाशित खबरों के आधार पर कुछ स्थानों की विशेष रूप से जांच की गई, जिसमें कुछ खबरें मौके पर भिन्न एवं आंशिक रूप से मिथ्य पाई गईं।

### इंदिरा नगर स्थित स्कूल परिसर का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान महापौर इंदिरा नगर स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल पहुंचीं, जहां पार्किंग क्षेत्र में कूड़ा रखे होने की शिकायत मिली थी। मौके पर जांच करने पर पाया गया कि कूड़ा स्कूल परिसर के भीतर एक खाली प्लाट में, गेट के अंदर एक किनारे रखा गया था। इस पर महापौर ने जोनल सेनेटरी ऑफिसर श्री अजीत राय को बुलाकर कूड़ा उठान की व्यवस्था को और बेहतर व समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए।

### कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था में सुधार के निर्देश

डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली संस्था 'लखनऊ स्वच्छता अभियान' के कर्मचारियों को भी समय से कूड़ा उठाने के निर्देश दिए गए। महापौर ने मौके पर ही कूड़ा उठाने वाली गाड़ी बुलवाकर तत्काल सफाई करवाई और कहा कि सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।

### हरिहरनगर में घर-घर जाकर लिया फीडबैक

इसके बाद महापौर नगर आयुक्त के साथ हरिहरनगर क्षेत्र पहुंचीं। यहां उन्होंने स्थानीय लोगों के घरों पर जाकर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। साथ ही क्षेत्र की साफ-सफाई का निरीक्षण कर नागरिकों से फीडबैक भी लिया।

### समयबद्ध कूड़ा उठान सुनिश्चित करने के निर्देश

महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त शिफ्ट लगाकर भी कूड़ा उठान समय से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाना है। इसके लिए निरंतर निगरानी और जनसहयोग दोनों आवश्यक हैं।महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव, मुख्य अतिथि ने दिया सफलता का मंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव, मुख्य अतिथि ने दिया सफलता का मंत्र

बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब क्षेत्र अंतर्गत आरआर ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में शनिवार को वार्षिकोत्सव प्रज्ञान-2026 का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरा परिसर उत्साह और उमंग से भर गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि विधायक योगेश शुक्ला रहे। इस अवसर पर एडिशनल सिटी मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेंद्र सिंह (मोनू) तथा संस्थान के चेयरमैन अनिल कुमार अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।समारोह के दौरान शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। बी.टेक (आईटी) प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी कुमारी ने 92.22 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, जबकि पॉलिटेक्निक (सीएसई) प्रथम वर्ष की छात्रा आकांक्षा अग्निहोत्री ने 85.87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दोनों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य पाठ्यक्रमों के टॉपर्स एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।संस्थान के सचिव चित्रांशु अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। निदेशक प्रो. (डॉ.) शैलेश सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।कार्यक्रम में मिस्टर प्रज्ञान, मिस प्रज्ञान, एकल व समूह नृत्य तथा गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में डीन एकेडमिक दुर्गेश वर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन फ़ेस्ट हेड खुशी अग्रवाल, को-हेड आयुष एवं उनकी टीम ने किया। इस दौरान संस्थान के समस्त संकाय सदस्य व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की करोड़ों माताओं-बहनों के सम्मान का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ संसद व विधानसभाओं में महिला नेतृत्व के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा : बेबीरानी मौर्य

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में ॣनारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023ॾ को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक ऐतिहासिक और युगांतरकारी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम देश की करोड़ों माताओं बहनों के सम्मान का संकल्प है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के उज्ज्वल, समावेशी और सशक्त भविष्य की आधारशिला है।ॾ यह महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में सशक्त भागीदार और निर्णयकर्ता बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।


बेबी रानी मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा लाया गया यह कानून देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान और अधिकारों का राष्ट्रीय संकल्प है। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला यह संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाएं मतदान और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं, लेकिन राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व अभी भी अपेक्षाकृत कम है। भागीदारी बढ़ी है, लेकिन प्रतिनिधित्व संतुलित नहीं है। इसी अंतर को समाप्त करने के लिए यह कानून अत्यंत आवश्यक है,। उन्होंने बताया कि वैश्विक और भारतीय अनुभव यह दर्शाते हैं कि जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं, तो नीतियां अधिक संवेदनशील बनती हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न शोधों के अनुसार जेंडर गैप कम होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था में बड़े स्तर पर वृद्धि संभव है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में हुए ठोस कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते खुले, बड़ी संख्या में महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उन्हें मिला। उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, मातृत्व अवकाश में वृद्धि जैसे कदमों ने महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है।

उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर लगभग 46 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व यह दर्शाता है कि महिलाओं को अवसर मिलने पर वे प्रभावी नेतृत्व प्रदान करती हैं। अब यही मॉडल संसद और विधानसभाओं में लागू होगा, जिससे नीति निर्माण अधिक जन-केंद्रित और जवाबदेह बनेगा। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 केवल आरक्षण का प्रावधान नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समान अवसर और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक व्यापक सुधार है। विकसित भारत 2047 का सपना महिला नेतृत्व के बिना अधूरा है।उन्होंने कहा कि जब नारी सशक्त होती है, तो समाज सशक्त होता है और जब समाज सशक्त होता है, तो राष्ट्र मजबूत होता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के उज्ज्वल, समावेशी और सशक्त भविष्य की आधारशिला है। इस अवसर पर महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय एवं महिला मोर्चा कि प्रदेश मंत्री ममता पाण्डेय भी उपस्थित रहीं।

# प्रभावित व्यापारी हैं सरोजनीनगर परिवार का हिस्सा, हर प्रकार से सहायता की जाएगी: डॉ. राजेश्वर सिंह

- बाराबिरवां सब्जी मार्केट अग्निकांड घटन स्थल पर पहुँचे विधायक
- पीड़ित 26 दुकानदारों को तत्काल सहायता, मुआवजे एवं पुनर्निर्माण के लिए प्रशासन से समन्वय जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बारा बिरवां सब्जी मार्केट में शुक्रवार रात्रि लगभग 10:30 बजे लगी भीषण आग ने देखते ही देखते लगभग 26 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे व्यापारियों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया एवं इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की।प्रभावित 26 व्यापारी साथियों को तत्काल राहत स्वरूप 10,000-10,000 की सहायता राशि प्रदान की गई।विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं जिलाधिकारी लखनऊ से वार्ता कर पीड़ितों को अधिकतम सहायता दिलाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि बिजली विभाग के माध्यम से मुआवजे की व्यवस्था कराई जाएगी तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) से समन्वय कर क्षतिग्रस्त दुकानों की मरम्मत भी सुनिश्चित की जाएगी।इस दौरान उन्होंने पीड़ित व्यापारियों से संवाद कर उनके दर्द को साझा किया और भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में वे अकेले नहीं हैं, पूरा प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि उनके साथ खड़े हैं।डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह घटना केवल आगजनी नहीं, बल्कि कई परिवारों की आजीविका पर गहरा संकट है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी प्रभावितों को इस कठिन समय से उबरने की शक्ति प्रदान करें।इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सौरभ सिंह मोनू, उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा, मंडल मंत्री प्रीतम सिंह, प्रदीप मिश्रा, साधन गुप्ता, शिविता गोयल एवं गंगाराम भारती सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रीपेड मीटर से परेशान उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा, लौलाई विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लौलाई विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में प्रीपेड मीटर की समस्याओं को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। लगातार आ रही तकनीकी दिक्कतों और बिजली आपूर्ति में बाधा से परेशान सैकड़ों उपभोक्ताओं ने विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए प्रीपेड मीटर हटाकर पुराने पोस्टपेड मीटर दोबारा लगाने की मांग उठाई है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रीपेड मीटर लगने के बाद से बिजली आपूर्ति अनियमित हो गई है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि मीटर में पर्याप्त बैलेंस होने के बावजूद अचानक बिजली कट जाती है, जिससे घरों और दुकानों का कामकाज प्रभावित हो रहा है।उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि अपनी समस्याओं को लेकर जब वे लौलाई विद्युत उपकेंद्र पहुंचते हैं, तो वहां उनकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं होती। आरोप है कि विभागीय कर्मचारी बिना संतोषजनक जवाब दिए ही उन्हें वापस भेज देते हैं, जिससे लोगों में रोष लगातार बढ़ रहा है।इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और उच्चाधिकारियों से वार्ता कर जल्द ही समस्या के समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

# केजीएमयू के चिकित्सकों ने दो मरीजों का घुटना प्रत्यारोपण कर दर्द से दिलाई निजात

- सर्जरी के बाद दोनों मरीजों की स्थिति स्थिर है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के आर्थोपेडिक विभाग के चिकित्सकों ने दो मरीजों का घुटना प्रत्यारोपण कर दर्द से निजात दिलाने का काम किया। पहले मरीज हरि प्रसाद हैं। इनकी आयु 76 वर्ष है। वह उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के निवासी हैं। पिछले चार वर्षों से दोनों घुटनों में लगातार दर्द से पीड़ित थे। समय के साथ उनकी स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी। उन्हें चलने-फिरने में अत्यधिक कठिनाई होने लगी और उनकी दैनिक गतिविधियाँ प्रभावित हो गई थीं।

दूसरे मरीज सत्यनारायण हैं। इनकी आयु 65 वर्ष हैं। यह प्रयागराज के निवासी हैं। यह पिछले तीन वर्षों से दोनों घुटनों के दर्द से परेशान थे। इन दोनों परिवारों के लिए यह समय अत्यंत भावनात्मक और चुनौतीपूर्ण कदम था, क्योंकि पूरा परिवार वर्षों तक दर्द सहते देखा था। इस अत्यंत जटिल सर्जरी को केजीएमयू के डॉ. नरेन्द्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में ऑर्थोपेडिक सर्जनों की टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। घुटना प्रत्यारोपण में डॉ. मनीष कुमार, डॉ. आकाश सिंह, डॉ. तुषार सिंह और डॉ. आयुष तिवारी शामिल रहे। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. हेमलता वर्मा, डॉ. शिवम, डॉ. गोविन्द और डॉ. हरीश ने घुटना प्रत्यारोपण में सहयोग किया। डॉ. नरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने शनिवार को बताया कि सर्जरी के बाद दोनों मरीजों की स्थिति स्थिर है। वे केजीएमयू में नियमित फिजियोथेरेपी के माध्यम से तेजी से रिकवरी कर रहे हैं और अब दोनों मरीज अपने पैरों पर खड़े होकर चलने लगे हैं।

# विद्युत पेंशनर्स परिषद की बैठक हुई सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के पेंशनर्स परिवार की आज सम्पन्न बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर उत्तर प्रदेश विद्युत शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया तथा मांगो, समस्याओं पर बनी सहमति का अनुपालन किए जाने का अनुरोध किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री भारत भूषण गोयल जी ने किया। कप्तान सिंह प्रमुख महासचिव विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा मीडिया को दी गई जानकारी मे बताया गया कि बैठक में चिकित्सा भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान समय से करने, लखनऊ में कैशलेश चिकित्सा हेतु हॉस्पिटल को पैनल पर लिए जाने, एल एम वी 10 को पोस्ट पेड बिलिंग में सहमति के अनुसार बनाए रखने, सभी संयोजनों को आर एम एस बिलिंग करने व गलत बिल को ठीक करने की माँग की गई।

## एसीपी विनय कुमार द्विवेदी ने चिनहट थाने में की समीक्षा बैठक, गुणवत्तापूर्ण जांच पर दिया जोर



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त विभूतिखंड विनय कुमार द्विवेदी ने थाना चिनहट में विवेचकों के साथ अर्दली रूम (गट) आयोजित किया।बैठक के दौरान एसीपी ने थाने में लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने थाना प्रभारी दिनेश चंद्र मिश्रा सहित सभी संबंधित विवेचकों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का निस्तारण शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए।एसीपी ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विवेचनाओं में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है।

## शिवानी सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष और अर्चना मिश्रा बनीं जिला प्रभारी



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** । लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) महिला प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संगठनात्मक मनोनयन किए हैं। शिवानी सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अयोध्या मंडल प्रभारी तथा अर्चना मिश्रा को जिला प्रभारी, लखनऊ का दायित्व सौंपा गया है।प्रदेश अध्यक्षा आरती पांडेय ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों ही नवनियुक्त पदाधिकारी अपने–अपने दायित्वों का निर्वाहन निष्ठा, समर्पण एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।इस अवसर पर प्रदेश नेतृत्व सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में पार्किंसन रोग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व पार्किंसन दिवस के अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के न्यूरोलॉजी विभाग द्वारा पार्किंसन रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु पार्किंसन रोग जागरूकता कार्यक्रम एवं मरीज डॉक्टर संवाद सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्किंसन रोग के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना, मरीजों और उनके देखभाल कर्ताओं को रोग की सही जानकारी प्रदान करना तथा उनके मन में उत्पन्न शंकाओं का समाधान करना था। कार्यक्रम में विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर डॉ. अजय सिंह, डॉ. दिनकर एवं डॉ. अब्दुल(प्रोफ़ेसर, न्यूरोलॉजी विभाग) तथा डॉ. रजनी(प्रोफ़ेसर, फिजियोलॉजी विभाग) उपस्थित रहे और उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद किया। संवाद सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने पार्किंसन रोग के लक्षण, रोग की प्रगति तथा उपलब्ध उपचार पद्धतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मरीजों और उनके परिजनों को अपने अनुभव साझा करने तथा अपनी समस्याओं और शंकाओं को सीधे विशेषज्ञों से पूछने का अवसर मिला।

## डीपीएस जूनियर विंग में पेरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोमती नगर स्थित डीपीएस जूनियर शाखा में पेरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम प्री–प्राइमरी विंग शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही विद्यालय और अभिभावकों के बीच एक सशक्त साझेदारी स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के प्रति विद्यालय की दृष्टि, पाठ्यक्रम एवं समग्र शैक्षिक दृष्टिकोण से अवगत कराया गया। कक्षा में अपनाई जाने वाली शिक्षण विधियों जैसे गतिविधि–आधारित, अनुभवात्मक एवं बाल–केंद्रित शिक्षण की स्पष्ट जानकारी भी प्रदान की गई।

## फैजुल्लागंज में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में वैष्णवी पुरम, फैजुल्लागंज में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लखनऊ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और शारीरिक जांच की गयी। साथ ही नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, जिसमें 69 लोगों को इस योजना का लाभ मिला। आयोजित इस शिविर में 193 लोगों ने अपनी जांच कराई और विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

# चिनहट का विधायक चौराहा वाहन सवारों के लिये बना नासूर, रोजाना जाम से जूझ रहे राहगीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** चिनहट क्षेत्र के व्यस्त विधायक चौराहे पर आज फिर भीषण जाम देखने को मिला, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। सैकड़ों वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।जानकारी के अनुसार, विधायक चौराहे पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। मौके पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिए कोई जिम्मेदार कर्मी नजर नहीं आया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। नतीजतन, वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ रहा है और चौराहे पर वाहनों की रफ्तार पूरी तरह थम जाती है।स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि सतरिख, चिनहट, मटियारी और मल्हौर को जोड़ने वाली छोटी गलियों में भी जाम लगने लगा है। इन गलियों में जाम की वजह से स्थानीय व्यापारियों के कारोबार पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है।

# नगराम क्षेत्र में सपा की जनसंपर्क को लेकर बैठक अम्बेडकर जयंती को भव्य बनाने की रणनीति तैयार

- सांसद आर.के. चौधरी ने सुनी जनसमस्याएं, कार्यकर्ताओं को दिया एकजुटता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । मोहनलालगंज क्षेत्र में आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारियों को लेकर समाजवादी पार्टी की बड़ी जनसंपर्क बैठक आयोजित की गई। नगराम क्षेत्र के करोरवा और कपेरा मदारपुर गांव में आयोजित इस बैठक में सांसद आर.के. चौधरी ने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।बैठक के दौरान सांसद आर.के. चौधरी ने ग्रामीणों की जनसमस्याएं भी सुनीं और उनके जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है और समाजवादी पार्टी हमेशा वंचित, गरीब और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर में बाबा साहब की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सामाजिक एकता, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि आंबेडकर जयंती को ऐतिहासिक रूप दिया जा सके।कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर वर्मा ने की, संचालन गजराज रावत ने किया और आयोजन अजय लोधी द्वारा किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर सहित कई पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान में कार्यकर्ताओं में जोश, विधायक अमरेश रावत बोले–बूथ ही जीत की असली ताकत

- नगराम में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सम्पन्न, सरकार की योजनाएं घर–घर पहुंचाने का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगराम मंडल के करोरा स्थित तिवारी कॉम्प्लेक्स में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अमरेश रावत ने कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती और बूथ प्रबंधन का मंत्र दिया। विधायक अमरेश रावत ने अपने संबोधन में कहा कि मजबूत बूथ ही चुनाव जीतने की असली कुंजी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही संगठन को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली और जनसेवा के प्रति जिम्मेदारियों को समझाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष हंसराज रावत के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जबकि अध्यक्षता दीपक तिवारी ने की। इस अवसर पर जिला संयोजक प्रबुद्ध वर्ग एस.सी. मिश्रा, नगराम मंडल प्रभारी बजरंग वर्मा, जिला मंत्री श्याम प्यारी, नगराम मंडल अध्यक्ष बलराम कश्यप, निगोहां मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा, रामनरेश लोधी, केपी सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

बाजार खाला, लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ के पश्चिमी ज़ोन अंतर्गत थाना बाजारखाला पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त पर लखनऊ क्षेत्र में लूट और चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। 11 अप्रैल को उसे गुलजार नगर से ऐशबाग जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. इरशाद पुत्र मुशीर उर्फ चांद बाबू (उम्र लगभग 23 वर्ष), निवासी बजरिया शाही बड़ी मस्जिद क्षेत्र थाना सआदतगंज के रूप में हुई है। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से तलाशी के दौरान 200 रुपये नकद बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना बाजारखाला पुलिस टीम के अधिकारियों की अहम भूमिका रही।

# सपा कर्यालय पर महात्मा ज्योतिराव गोविंद राव फुले की मनाई गई जयंती

- जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि ज्योतिराव फुले एक महान समाज सुधारक, महान क्रान्तिकारी भारतीय विचारक एवं उच्च कोटि के दार्शनिक थे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6 लाजपत राय भवन कैसरबाग, लखनऊ पर महात्मा ज्योतिराव गोविन्दराव फूले जी की जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', सांसद आर0के0 चैधरी एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ पार्टी के अन्य नेताओं एवं पदाधिकारियों ने महात्मा ज्योतिराव गोविन्दराव फूले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया।

जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि ज्योतिराव फुले एक महान समाज सुधारक, महान क्रान्तिकारी भारतीय विचारक एवं उच्च कोटि के दार्षनिक थे। स्त्रियों की दशा सुधारने और उनकी शिक्षा के लिए ज्योतिराव ने 1854 में एक स्कूल खोला। इस विद्यालय में जाति, धर्म तथा पंथ के आधार पर कोई भेदभाव नहीं था और उसके दरवाजे सभी के लिए खुले थे। उनकी समाजसेवा देखकर 1888 में मुंबई की एक विशाल सभा में उन्हे 'महात्मा' की उपाधि दी गयी। इस मौके पर प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष टी0बी0 सिंह, अनिल पासी, बचान सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष मोहनलालगंज उमाशंकर वर्मा, इश्तियाक अहमद, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष संजय यादव, मजूदर सभा जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू', शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विजय यादव, सत्येन्द्र रावत, धीरज यादव, मनोज यादव, शिवम यादव 'गोलू' के साथ दर्जनों पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बच्चों को संस्कारवान बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं की अहम भूमिका: कुंवर दिव्यदर्शी

**❒ श्रद्धा मांटेसरी स्कूल बिसवा का परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न**





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसवा, सीतापुर। श्रद्धा माण्टेसरी स्कूल दुर्गापुरी कालोनी सत्तिनपुरवा बिसवां का हिन्दी मीडियम का परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल जज बिसवां कुंवर दिव्यदर्शी, बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एड ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि सिविल जज कुँवर दिव्यदर्शी ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही साथ संस्कारवान बनाने विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहता है।उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों की प्रगति देखकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए सजगता के साथ शिक्षा प्रदान कर रहा है। सभी को बहुत बहुत बधाई एवं बच्चों को आशीर्वाद।विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एड.एवं सह प्रबंधक अरुणेश कुमार श्रीवास्तव एड.के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।सिविल जज बिसवां कुंवर दिव्यदर्शी सहित सभी अतिथियों द्वारा द्वारा क्लास में प्रथम,द्वितीय,तृतीय,चतुर्थ,पंचम स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार,परीक्षाफल एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के सर्वाधिक अंक एवं प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड एवं अन्य बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सम्मानित आचार्य प्रेम शंकर बाजपेई द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर अरूणेश श्रीवास्तव, अध्यापिकाएं रुची वर्मा, पूर्णिमा मिश्रा, अंजनी यादव, सुनीता यादव,प्रिया वर्मा, शिवानी सिंह,प्रीती यादव ने आए हुए मुख्य अतिथि सिविल जज कुँवर दिव्यदर्शी, बिसवां बार एसोसिएशन सचिव नीरज श्रीवास्तव एडवोकेट,बिसवां बार एसोसिएशन अध्यक्ष राज किशोर यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया एड, उपाध्यक्ष इंतिखाब आलम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष अनमोल मौर्या एड,जितेंद्र कुमार मिश्रा, कौशल किशोर वर्मा, जितेन्द्र भार्गव आदि का बैज लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।विद्यालय परिवार के डायरेक्टर अरूणेश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सिविल जज बिसवां कुंवर दिव्यदर्शी, बिसवा बार एसोसिएशन अध्यक्ष राज किशोर यादव एवं सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव, संतोष कठेरिया,इंतिखाब आलम सिद्दीकी, प्रबंधक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, जितेन्द्र मिश्रा,अनमोल कन्हैया,जितेन्द्र भार्गव, कौशल वर्मा,अमरेन्द्र श्रीवास्तव आदि अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार के प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एड एवं अरुणेश श्रीवास्तव एड ने अतिथि रजनीकांत दीक्षित,प्रभाष को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव एवं उप प्रधानाचार्या श्रीमती अणिमा श्रीवास्तव ने विद्यालय परिवार की तरह से सभी सम्मानित अतिथियों के प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद दिया।

## ब्लाक कसमंडा के मेन गेट पर बना सेल्फी प्वाइंट आम जनमानस कर रहा वाह-वाही



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कमलापुर, सीतापुर। जिलाधिकारी सीतापुर डाक्टर राजा गणपति आर के निर्देश पर विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र की ग्रामपंचायत महोली मे बने शेल्फी प्वाइंट का शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा राकेश कुमार श्रीवास्तव व प्रधान महोली धर्मेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया ब्लाक कार्यालय के गेट पर नेशनल हाइवे के किनारे बने शेल्फी प्वाइंट से मानो कमलापुर की सुन्दरता मे चार चांद लग गए है नेशनल हाइवे स्थित कस्बा कमलापुर के नहर चौराहे के समीप बना शेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र बना हुआ है कस्बे सहित नेशनल हाइवे पर गुजरने वाले लोग रंग विरंगी रोशनी से जगमगाते सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेने से अपने आप को रोक नही पाते है सेल्फी प्वाइंट के उद्घाटन अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय सिंह,प्रधान बेहणा बैकुण्ठपुर शूफियान खान,प्रधान सुल्तानपुर मारूफ विनोद प्रकाश मौर्या,जेई शिवकुमार पटेल,सचिव विवेक कुमार,अनुराग कुमार,गनेश कुमार, अरून कुमार मिश्रा,नवनीत मिश्रा,सहित बड़ी सख्या मे स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मृदा स्वास्थ्य और भावी पीढ़ी के लिए 'भूमि सुपोष एवं संरक्षण अभियान'

**❒ 19 मार्च से 19 अप्रैल 2026 तक चलने वाले देशव्यापी अभियान का उद्देश्य मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण**




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। बढ़ते शहरीकरण और रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से क्षय होती मिट्टी की उर्वरता को बचाने के लिए आगामी 19 मार्च से 19 अप्रैल 2026 तक 'भूमि सुपोष एवं संरक्षण अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। इस एक दिवसीय विशेष परिचर्चा में कृषि विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने मिट्टी के गिरते स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे बचाने का संकल्प लिया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह अभियान 19 मार्च से 19 अप्रैल 2026 तक निरंतर चलाया जा रहा हैं, जिसके माध्यम से विभिन्न गांवों, विद्यालयों और संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मिट्टी को 'सुपोषित' बनाने का संकल्प लिया जा रहा हैं ! भूमि केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि एक जीवंत इकाई है। इसका संरक्षण हमारे अस्तित्व के लिए अनिवार्य है।केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक, डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने मिट्टी के जैविक स्वास्थ्य और मृदा पोषण के वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे आधुनिक नवाचारों के जरिए मिट्टी की घटती उर्वरता को पुनः प्राप्त किया जा सकता है।पशु पालन वैज्ञानिक, डॉ. आनंद सिंह ने प्राकृतिक खेती और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के महत्व को रेखांकित किया, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए अनिवार्य हैं। प्रसार वैज्ञानिक, डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने कृषि में संसाधन संरक्षण की नई विधियों और जल प्रबंधन के आधुनिक तौर-तरीकों के बारे में तकनीकी जानकारी दी। उद्यान वैज्ञानिक, डॉ. शुभम्‍ सिंह करौर ने नवाचारों के व्यावहारिक अनुप्रयोग और भविष्य की कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व नई मशीनों के उपयोग पर जोर दिया। प्रक्षेत्र प्रबंधक, डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने संतुलित उर्वरक प्रयोग और प्रयोगशाला आधारित मृदा परीक्षण के महत्व को समझाते हुए छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।संवाद सत्र के दौरान महर्षि विश्वविद्यालय के छात्रों ने विशेषज्ञों से मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक खेती की चुनौतियों और प्रयोगशाला से खेत तक तकनीक के प्रसार को लेकर कई प्रश्न पूछे। वैज्ञानिकों ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे एक 'कृषि दूत' के रूप में इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाएँ।

## नामित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, फूलमाला पहनाकर दी बधाई




शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 14 मार्च को नगर निगम के लिए 10 लोगों को नामित पार्षद बनाया गया है। जिनका शपथ ग्रहण समारोह आज विकास भवन सभागार में प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, लोकसभा सांसद अरूण कुमार सागर, महापौर अर्चना वर्मा और उप सभापति वेदप्रकाश मौर्या आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान महापौर अर्चना वर्मा ने सभी नामित पार्षदों को शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान नामित पार्षदों को फूलमाला पहनाकर और बुके देकर बधाई एवं शुभकामनायें दी गईं। वित्त मंत्री ने सभी नामित पार्षदों को बधाई देते हुए उनसे महानगर शाहजहांपुर के विकास में योगदान देने की अपील की। इस दौरान सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ वाल्मीकि, नगर आयुक्त सहित तमाम पार्षद और नगर निगम के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुरपालिया में भीषण आग से तबाही, 200 बीघा खेत का अनाज जलकर राख

**❒ फायर ब्रिगेड जुटी आग बुझाने में जुटी, कई घंटे बाद आग पर पाया काबू**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



खैराबाद, सीतापुर । खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गुरपालिया में शनिवार को दिन में 11:00 बजे भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग 200 बीघा खेत में खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही घंटों में किसानों की महीनों की मेहनत जलकर राख हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग अचानक खेतों के बीच से उठती दिखाई दी और तेज हवा के कारण तेजी से फैलती चली गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। दमकल कर्मी लगातार कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। वहीं, पुलिस भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में सहयोग कर रही है।

इस भीषण आगजनी में गेहूं सहित अन्य खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों के सामने अब आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर खेती की थी, लेकिन आग ने सब कुछ बर्बाद कर दिया।

# डीएम, एसपी ने थाना बंडा में सुनी फरियादियों की समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**




शाहजहांपुर। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने थाना बंडा में फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों का सुना और ससमय त्वरित निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान डीएम ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए भूमि एवं कब्जा संबंधी विवादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। जिससे अनावश्यक विवाद एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। एसपी ने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में विधिक कार्यवाही को प्राथमिकता दी जाए तथा शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। कहा कि प्रत्येक फारियादी की समस्या का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। एसपी ने कहा कि किसी भी प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने बंडा थाना का निरीक्षण किया और अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई, महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली आगंतुक पंजिका, सीसीटीवी, शस्त्रागार एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पुवायां विधायक चेतराम, एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, बंडा थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में प्रदर्शन नारेबाजी, किताब माफिया का फूंका पुतला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर । राष्ट्रीय गोरक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी एडवोकेट और जिलाध्यक्ष गोविन्द मिश्रा के नेतृत्व में निजी स्कूलों में मनमानी फीस और तय दुकानों से पुस्तकें खरीदने के लिए मजबूर करने के विरोध में खिरनीबाग चैराहे पर किताब माफिया का पुतला फूंका गया और जमकर नारेबाजी की गई।

इसके बाद सभी लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को दिया गया। राजेश अवस्थी ने कहा कि निजी विद्यालय मनमानी फीस वसूल रहे हैं। मनचाही पुस्तकों की दुकानों से किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। किताब माफिया अभिभावकों से 10 गुना रूपया बसूल रहे हैं। अभिभावक बच्चों को पढ़ाने के लिए मजबूर है और किताब माफिया अभिभावकों को लूट रहे हैं। यही नहीं, अभिभावकों को दुकानदार मंहगी किताबें गलत दे रहे हैं, फिर वापस नहीं कर रहे हैं। वापस करने पर अभिभावक को धमकी दे रहे हैं। इसके बाबजूद प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। प्रशासन की मिलीभगत से किताब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। कहा कि अभिभावकों के साथ अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मांग की गई कि किताबों के अधिक दाम वसूलने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गैगस्टर, रासुका की कार्रवाई की जाए। कहा कि मांग पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा। हाइवे जाम किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी एडवोकेट और जिलाध्यक्ष गोविंद मिश्रा के साथ नीरज, महेंद्र, नितिन, छोटे राम, दुर्गेश कुमार, दिलदार, उजैब आदि कई लोग मौजूद शामिल रहे।

## अटरिया थाना समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने की जनसुनवाई, त्वरित निस्तारण के निर्देश



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 व पुलिस अधीक्षक आअंकुरअग्रवाल द्वारा थाना अटरिया में जनसुनवाई की गई तथा मौके पर शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इस दौरान संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सीओ विशाल गुप्ता का सिधौली तबादला, पत्रकारों ने दी भावभीनी विदाई



**मिश्रिख, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मिश्रिख सर्किल में तैनात क्षेत्राधिकारी (सीओ) विशाल गुप्ता का तबादला सिधौली सर्किल में कर दिया गया है। वहीं सीतापुर में सेवाएं दे रहे सीओ ब्रजेश कुमार को अब मिश्रिख सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तबादले की सूचना मिलते ही क्षेत्र में चर्चा का माहौल रहा।इसी क्रम में आज पत्रकार साथी प्रथम मिश्रा के कार्यालय पर सीओ विशाल गुप्ता के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकारों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना की।वक्ताओं ने कहा कि सीओ विशाल गुप्ता ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई और आमजन के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। उनके व्यवहार और कार्यशैली की सभी ने प्रशंसा की।इस अवसर पर पत्रकार श्रवण कुमार मिश्रा, सुदीप मिश्रा, अपूर्व पांडेय, शुभम शुक्ला, रवि शंकर, प्रथम मिश्रा, श्यामा मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, राम मिलन मौर्य सहित तमाम पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने सीओ विशाल गुप्ता को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पुवायां थाने के क्राइम इंस्पेक्टर का बाथरूम में मिला शव, हार्ट अटैक की आशंका



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना पुवायां में क्राइम इंस्पेक्टर पद पर तैनात 49 वर्षीय राजेश कुमार का शव आज सुबह उनके आवास के बाथरूम में मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। डॉक्टर ने हार्टअटैक से मौत होने की आशंका जताई है।जानकारी के अनुसार, थाना पुवायां में क्राइम इंस्पेक्टर पद पर तैनात राजेश सिंह शनिवार सुबह जब ड्यूटी पर नहीं पहुंचे, तो थाने के स्टाफ ने उन्हें फोन किया, लेकिन बार-बार कॉल करने के बाद भी उनका फोन रिसीव नहीं हुआ, तो स्टाफ के कर्मचारी उनके घर पहुंचे। उनका शव बाथरूम में जमीन पर पड़ा था। पुलिस कर्मियों ने उन्हें सीएचसी पुवायां लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण ने बताया कि पुवायां के इंस्पेक्टर क्राइम राजेश कुमार को सीएचसी भिजवाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के अनुसार, हार्ट अटैक से मौत प्रतीत हो रही है। परिजनों को जानकारी दे दी गई है।

## विश्व होम्योपैथिक दिवस पर डा. रवि मोहन सम्मानित

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व होम्योपैथिक दिवस पर शहर के एक होटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत होम्योपैथिक के जनक डा. सैमुअल हैनीमैन चित्र के समक्ष दीप प्रज्वल्लित व पुष्पांजलि से हुई। इस दौरान इंडियन रेडक्रास सोसायटी के सचिव डा. विजय जौहरी ने प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डा. रवि मोहन को रेडक्रास का मैडल व राम नाम का अंगोछा पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और रेडक्रास का प्रतीक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सचिव विजय जौहरी ने बताया कि डा. रवि मोहन को यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा, समर्पण एवं समाज के प्रति योगदान के लिए दिया गया है। उन्होंने अपने ज्ञान, सेवा भावना और निष्ठा के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने एवं रोगियों की सेवा में अतुलनीय योगदान दिया है, जो अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में डा. एसपी कौशल, डा. बीएन रस्तोगी, डा. संगीता मोहन, डा. प्रणव चौधरी, डा. मणिका चौधरी, डा. गौरव कौशल, डा. आंचल, डा. शम्मी सचदेवा, डा. हरीश सचदेवा, डा. राखी चटर्जी, डा. शुभ्रा श्रीवास्तव, डा. रमित कौर, डा. अनूप श्रीवास्तव, डा. मनीषा, डा. गुरूप्रीत, डा. शिवम रस्तोगी, डा. संध्या सक्सेना, डा. एसी वर्मा, डा. महेन्द्र अग्रवाल, डा. महेन्द्र शुक्ला, डा. एसके मिश्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. मणिका चौधरी और डा. गौरव कौशल ने किया। अंत में डा. संगीता मोहन ने सभी का आभार प्रकट किया।

# ट्रांसफार्मर न हटने से हादसे का खतरा, सड़क चौड़ीकरण कार्य भी बाधित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



पलिया कलां, खीरी। नगर के बाईपास रोड पर सड़क चौड़ीकरण कार्य के बीच विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर हो रही है। मोहल्ला अहिरान-2 निवासी रमेशचन्द्र गुप्ता ने आरोप लगाया है कि उनके प्लॉट के सामने लगा विद्युत ट्रांसफार्मर न केवल दुर्घटना का कारण बन सकता है, बल्कि चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य में भी बाधा उत्पन्न कर रहा है।

प्रार्थी के अनुसार उक्त ट्रांसफार्मर से 11 हजार वोल्ट की विद्युत आपूर्ति बाईपास रोड के दूसरी ओर स्थित होटल लैंडमार्क (प्रेम बर्फ मिल) को दी जा रही है, जबकि अन्य उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल रहा। ट्रांसफार्मर से जुड़ी केबिल सड़क के ऊपर काफी नीचे लटक रही है, जिससे प्रतिदिन गुजरने वाले भारी मालवाहक वाहनों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।रमेशचन्द्र गुप्ता ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि महेवागंज से बंशीनगर तक 10 मीटर सड़क चौड़ीकरण योजना के अंतर्गत विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मरों के शिफ्टिंग कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा विद्युत विभाग (द्वितीय गोला डिवीजन) को करीब 5 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसके बावजूद संबंधित ट्रांसफार्मर को अब तक स्थानांतरित नहीं किया गया है।वर्तमान में पलिया नगर में बाईपास रोड के दोनों ओर लगभग 2-2 मीटर चौड़ीकरण कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन ट्रांसफार्मर न हटने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में प्रार्थी ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर मामले की जांच कराते हुए ट्रांसफार्मर को प्रेम बर्फ मिल परिसर के पास शिफ्ट कराने की मांग की है, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके और सड़क निर्माण कार्य सुचारु रूप से पूरा हो सके।प्रार्थी ने यह भी बताया कि उन्होंने इस मामले में ऋक्लट्ट पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# लखीमपुर खीरी में अवैध निर्माण और बड़ी लापरवाही का खतरनाक संगम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी में अवैध निर्माण और बड़ी लापरवाही का खतरनाक संगम सामने आया है।शहर के संकटा देवी चौकी के निकट, विशाल मेगा मार्ट के सामने एक तरफ जहां अवैध होर्डिंग स्ट्रक्चर का निर्माण किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ उसी जगह के पास से गुजर रही 11000 वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन का तार हवा में झूलता नजर आ रहा है। अब बड़ा सवाल३अगर ये तार टूट गया तो क्या होगा। अगर कोई हादसा हो गया तो जिम्मेदार कौन होगा। क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह होर्डिंग बिना नगर पालिका की अनुमति के लगाया जा रहा है। नगर पालिका परिषद द्वारा इसे हटाने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इधर, हवा में झूलता हाईटेंशन तार कभी भी जानलेवा हादसे का कारण बन सकता है। सड़क किनारे लगातार लोगों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे खतरा और बढ़ गया है। नगर पालिका ने पुलिस को पत्र भेजकर कार्रवाई की बात कही है, लेकिन सवाल यही है किकार्रवाई कब तक होगी!

# संविधान में सबसे अधिक सम्मान भारतीय महिलाओं को मिला: भूपेश बघेल

❑ महात्मा ज्योतिबा राव फुले सामाजिक परिवर्तन में अहम भूमिका निभाई राजेन्द्र पाल गौतम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ,अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित, वैज्ञानिक जाति जनगणना दिवस, सत्यशोधक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 200 वी जयंती समारोह को संबोधित करते छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा भारतीय संविधान में सबसे ज्यादा अधिकार महिलाओं को मिला समता समानता और मानवता का,इसे से पूर्व महिलाओं को कोई अधिकार नहीं था। वह देश की महिलाए गुलाम थी युवा विधवाओं को अपने सिर मुंडवाते और जीवन में किसी भी प्रकार की खुशी से वंचित होते देखा। और उन्होंने कहा ज्योतिबा फुले ने असमानता को बढ़ावा देने वाली इन सभी सामाजिक बुराइयों को देखकर उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने का निर्णय लिया। उन्होंने अपनी पत्नी से शुरुआत की; हर दोपहर, ज्योतिराव अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ बैठते और जब वह उनके खेतों में भोजन लाने जाती थीं, तो उन्हें शिक्षित करते थे। उन्होंने अपनी पत्नी को प्रशिक्षण के लिए एक स्कूल में भेजा। पति-पत्नी ने 1848 में पुणे में खोला। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक परिवर्तन में अहम भूमिका निभाई थी। उस समय महिलाओं दलित पिछड़े वर्ग वंचित समाज के साथ अत्याचार अन्याय हुआ करता था उसके विरोध खड़े होकर सशक्त मुकाबला किया वंचित समाज और महिलाओं के विद्यालय की स्थापना किया इनका मूल उद्देश्य स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना, बाल विवाह का विरोध, विधवा विवाह का समर्थन करना रहा है। फुले समाज की कुप्रथा, अंधश्रद्धा की जाल से समाज को मुक्त करना चाहते थे। अपना सम्पूर्ण जीवन उन्होंने स्त्रियों को शिक्षा प्रदान कराने में, स्त्रियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में व्यतीत किया.19वी सदी में स्त्रियों को शिक्षा नहीं दी जाती थी। फुले महिलाओं को स्त्री-पुरुष भेदभाव से बचाना चाहते थे। उन्होंने कन्याओं के लिए भारत देश की पहली पाठशाला पुणे में बनाई थीं। स्त्रियों की तत्कालीन दयनीय स्थिति से फुले बहुत व्याकुल और दुखी होते थे इसीलिए उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि वे समाज में क्रांतिकारी बदलाव लाकर ही रहेंगे। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षा प्रदान की। सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला अध्यापिका थीं बाबा साहब फुले जी को अपना गुरु मानते थे।तेलंगाना सरकार के कैबिनेट मंत्री पोनम प्रभाकर, कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सांसद तनुज पुनिया, कॉग्रेस पार्टी विधायक दल उत्तर प्रदेश की नेता मोना मिश्रा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, सहित हज़ारों की संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

# सदन बैठक से पूर्व महापौर ने की अहम विषयों पर समीक्षा

❑ स्मार्ट सिटी कार्यालय में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा, 15 अप्रैल की बैठक की तैयारियां तेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। 15 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली नगर निगम के सदन की बैठक से पूर्व तैयारियों को लेकर शुक्रवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी सदन की बैठक में प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न प्रस्तावों और विषयों पर विस्तार से चर्चा करना रहा। महापौर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सदन में रखे जाने वाले सभी विषय स्पष्ट, तथ्यपूर्ण और जनहित से जुड़े हों, ताकि शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके। इस दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, श्री पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त और डॉ. अरविंद कुमार राव भी उपस्थित रहे।

इसके अलावा मुख्य कर निर्धारण अधिकारीअशोक सिंह और ी विनय कुमार राय, लेखाधिकारी महामिलिंद, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा, चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात तथा पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में शहर की साफ-सफाई, कर निर्धारण, निर्माण कार्यों की प्रगति, जल निकासी व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रस्तावों और योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की।महापौर ने कहा कि सदन की बैठक शहर के विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए सभी प्रस्तावों को गंभीरता से तैयार किया जाए और जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाए।अंत में नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रस्ताव समय से तैयार कर लिए जाएं, ताकि 15 अप्रैल की बैठक सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# प्रशिक्षित और अनुशासित कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं: डॉ. राजेश्वर सिंह



❑ इन्हीं के बल पर राष्ट्र निर्माण को गति मिलती है: विधायक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का शुभारंभ उत्साह एवं गरिमा के साथ किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से आयोजित इस महाअभियान के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

अवध विहार योजना स्थित ट्यूलिप गार्डन में आयोजित अर्जुनगंज मंडल प्रशिक्षण सत्र में सहभागिता करते हुए कार्यकर्ताओं ने संगठन की विचारधारा एवं कार्यसंस्कृति को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर की प्रेरणादायी उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा एवं वैचारिक स्पष्टता का संचार किया। अर्जुनगंज मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाया।इसी क्रम में सरोजनीनगर दक्षिण द्वितीय मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम आकृति डिलाइट्स लॉन, रुचि खंड-2, कम्युनिटी सेंटर, लखनऊ में मंडल अध्यक्ष विनोद मौर्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रमेश तूफानी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, वैचारिक आधार एवं राष्ट्रहित में समर्पण के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर रमा शंकर त्रिपाठी, राजेन्द्र बाजपेयी, पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, पार्षद हिमांशु अंबेडकर, पार्षद विमल तिवारी, पार्षद कमलेश सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।वहीं सरोजनीनगर दक्षिण तृतीय मंडल में वृंदावन कॉलोनी स्थित कान्हा बैंक्वेट हॉल, सेक्टर 6क में दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रमाकांत ल्लराजनङ्क मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्र में संगठनात्मक दक्षता, अनुशासन एवं सेवा भाव को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांत संगठन की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के वैचारिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सशक्त, अनुशासित एवं प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य को गति देते हैं।उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन कार्यकर्ताओं में सेवा, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करते हैं तथा संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करते हैं।यह महाअभियान सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं वैचारिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली पहल सिद्ध हो रहा है।

# बलिया के 10 प्रमुख चौराहों का होगा कायाकल्प, पांच करोड़ की परियोजना पर काम शुरू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बलिया । बलिया नगर पालिका क्षेत्र के प्रमुख चौराहों के आधुनिकीकरण और सुंदरीकरण को लेकर महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके लिए नगर के 10 प्रमुख चौराहों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की रूपरेखा तय की गई है।

शुक्रवार को मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन के नेतृत्व में निरीक्षण के दौरान नपा के अधिशासी अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, जल निगम के सहायक अभियंता तथा विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।सीआरओ त्रिभुवन ने बताया कि परिवहन मंत्री के प्रयासों से चौराहों के सुंदरीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए शासन द्वारा तीन करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जबकि कुल परियोजना लागत लगभग पांच करोड़ रुपये है।इस परियोजना के तहत चौराहों पर एलईडी स्क्रीन, ट्रैफिक लाइट, बुलेट कैमरा, साउंड सिस्टम तथा सिविल कार्य कराए जाएंगे। साथ ही चौराहों का चौड़ीकरण, सुंदर लाइटिंग, डिवाइडर निर्माण और विद्युत पोलों का स्थानांतरण भी किया जाएगा।परियोजना में कलेक्ट्रेट चौराहा, कुंवर चौराहा, एनसीसी चौराहा, मिड्ढा चौराहा, चित्तू पांडे चौराहा, रेलवे चौराहा, कदम चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा, चौक और जैपलिनगंज चौराहा शामिल हैं। जिनका सुंदरीकरण किया जाएगा। इसके अलावा एक आधुनिक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा, जहां से सभी चौराहों पर लगे कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए भूमिगत केबल लाइन बिछाई जाएगी।मुख्य राजस्व अधिकारी ने बताया कि इस योजना से न केवल चौराहों का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी और शहर की सुरक्षा भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट चौराहा और कुंवर चौराहा के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई गई। कलेक्ट्रेट चौराहे से ट्रांसफार्मर हटाकर विद्युत पोल शिफ्ट किए जाएंगे तथा चौराहे का चौड़ीकरण कर इसे भव्य रूप दिया जाएगा। वहीं कुंवर चौराहे पर भी ट्रांसफार्मर और पोल हटाकर पाइपलाइन को व्यवस्थित किया जाएगा।

# बकरी चरा रहे किशोर पर तेंदुए ने किया हमला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी । भीरा वनरेंज क्षेत्र के शंकरपुर गांव में शनिवार सुबह एक तेंदुए ने 16 वर्षीय किशोर पर हमला कर दिया। इस हमले में शंकरपुर निवासी अभिषेक पुत्र विद्यासागर घायल हो गया। घटना सुबह करीब साढ़े 9 बजे हुई। पास खेतों में काम कर रहे लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार अभिषेक सुबह गांव के बाहर बकरी चराने गया था, तभी खेत से निकले तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। किशोर की चीख-पुकार सुनकर पास में गन्ने की गुड़ाई कर रहे ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और शोर मचाया। ग्रामीणों के शोर से घबराकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया, जिससे किशोर की जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। घायल अभिषेक को उसके परिजन तुरंत बिजुआ सीएचसी ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है।

भीरा वनरेंज के वन क्षेत्राधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि बकरी चराने गए 16 वर्षीय किशोर पर तेंदुए ने हमला किया था। उन्होंने बताया कि किशोर को केवल हल्की खरोंचें आई हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर है। कुमार ने आगे बताया कि घटना के बाद से वन विभाग की टीम अलर्ट पर है और क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे जंगल और गन्ने के खेतों के पास अकेले न जाएं, बच्चों को बाहर न भेजें और शाम होने से पहले अपने घरों में लौट आएं। तेंदुआ दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करने की सलाह दी गई है। इस घटना के बाद से शंकरपुर और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**औरैया, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धीरजपुर में हुए सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। धीरजपुर निवासी सरोज पत्नी रमेश चंद्र सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस को सूचना दी और घायल महिला को उपचार के लिए औरैया के 50 शैय्या अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए चिचौली रेफर कर दिया। चिचोली में इलाज के दौरान शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे सरोज ने दम तोड़ दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही बाइक सवार की तलाश भी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मीरजापुर पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया

**मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले की अदलहाट पुलिस ने शनिवार को एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर की कार को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।थाना प्रभारी अजय कुमार सेठ ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को पुलिस ने इको स्पोर्ट कार सवार एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की पहचान कोलना निवासी मनीष सिंह उर्फ लल्ला के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 5.085 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2.5 लाख रुपये है। गांजा परिवहन में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया है।

## रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के गौरी थाता अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास शनिवार को एक युवक का शव मिला है। शव देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पहुंची इलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की।सदर कोतवाल राकेश राय ने बताया किगौरी थाता अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास आज एक युवक का शव पड़ा होने की जानकारीपर थाना पुलिस पहुंची। शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया गया। मृतक की पहचान अलीनगर मोहल्ला सदर कोतवाली निवासी दानीश (28) पुत्र कैश के रूप में हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच की गई।कोतवाल ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर घटना संदिग्ध लग रही है और विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## देवरिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से दुष्कर्म व पॉक्सो मामले के एक दोषी को 10 वर्ष की सजा

**देवरिया,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में ल्लऑपरेशन कन्विक्शनङ्क के तहत शनिवार को पुलिस की सशक्त पैरवी का असर देखने को मिला है। दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक पुराने मामले में अदालत ने दोषी को 10 वर्ष की कड़ी सजा सुनाई है।पुलिस अधीक्षक शंकर सुमन ने बताया कि थाना मईल में दर्ज पॉक्सो एक्ट की धारा 4 से संबंधित प्रकरण में आरोपित सचिदानन्द यादव पुत्र रामदेव यादव निवासी तेलिया कला को जिला न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाए जाने पर आज 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने 20 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।एसपी ने बताया कि उक्त केस में आरोपित को सजा दिलाने में एडीजीसी विपिन बिहारी मिश्रा, कोर्ट मुहर्रिर कांस्टेबल सोनू यादव, थाना मईल के पैरवीकार कांस्टेबल गोविन्द कुमार यादव तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी दुर्गेश कुमार सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# मिशन शक्ति फ़ेज–05 के अन्तर्गत महिलाओं, बालिकाओं को किया गया जागरुक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फ़ेज5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 11.04.2026 को जनपद के समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं स्वावलम्बन के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा उपायों तथा जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। साथ ही नवीन कानूनों - भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इसी क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच , बैड टच की पहचान, उनके अधिकारों तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

उन्हें बताया गया कि बस, रास्तों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मनचलों, शोहदों द्वारा छेड़खानी की घटना होने पर भयभीत न हों, बल्कि तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा निकटतम थाने पर जाकर एफआईआर दर्ज कराएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फ़ेसबुक एवं इंस्टाग्राम आदि का सावधानीपूर्वक उपयोग करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महिलाओं एवं बालिकाओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए स्वयं नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरो 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 181 वीमेन हैल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन ,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन,108 एम्बुलेंस सेवा ,101- अग्निशमन सेवा ,1930 साइबर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# छज्जा तोड़कर घर में चोरी करने वाले गिरोह के छह आरोपित गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में कछवां थाना क्षेत्र की पुलिस ने शनिवार को छज्जा तोड़कर घर में घुसे एक चोर गिरोह के छह शातिर आरोपितों को गिरफ्तार किया है।कछवां थाना प्रभारी अमरजीत चौहान ने बताया कि 6 अप्रैल को बरैनी निवासी दिनेश कुमार सिंह ने घर का छज्जा तोड़कर अंदर दाखिल होकर चोरी घटना की तहरीर दी थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने सुराग लगाकर सुरेश यादव पुत्र लालमनी यादव निवासी सहसेपुर, थाना औराई (भदोही), स्वतंत्र कुमार उर्फ पिंटू पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम गौड़, थाना मिर्ज़ामुराद (वाराणसी), शिवदयाल पुत्र रमाशंकर निवासी टाड़, थाना कोतवाली देहात, आकाश यादव उर्फ आदर्श पुत्र मुन्ना यादव निवासी बजहां, वैभव सिंह उर्फ बाबी पुत्र भाला सिंह निवासी सहसेपुर, थाना औराई (भदोही) तथा अर्जुन शर्मा पुत्र सुरेन्द्र शर्मा निवासी बजहा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से बैटरी, इन्वर्टर, बिजली के तार, साउंड सिस्टम, कंप्यूटर सेट, मोटरसाइकिल के पार्ट्स, पिकअप वाहन व अन्य उपकरण बरामद कर लिया गया है।थानेदार ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे संगठित गिरोह बनाकर दिन में रेकी और रात में दुकानों, गोदामों व कार्यक्रम स्थलों में चोरी करते हैं। चोरी के बाद सामान छिपाकर बाद में बेच देते हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है तथा गिरोह से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनय कुमार दूबे व राजनारायण सिंह सहित कछवां पुलिस टीम शामिल है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुरजोगा, विकास खण्ड बंकी, जनपद - बाराबंकी

पत्रांक- मेमो/2026-27 दिनांक -09.04. 2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रामपुरजोगा, विकास खण्ड बंकी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (बीपीजीरामजी) मनरेगा/ राजवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) / एसएलडब्ल्यूएम अंतर्गत करायें जाने वाले कार्य आपूर्ति के लिए सामग्री, आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, खेल का मैदान, विद्यालय की बाउंड्री वॉल, सामुदायिक शौचालय, सीएचसी सेंटर, अंत्येष्टि स्थल, पशु सेट, बारात घर, खेल का मैदान, मनरेगा पार्क ओपन जिम, कायाकल्प, एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट सीधा खंजड, 2. सीमेंट, 3. साधारण बालू, स्थानीय बालू, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 10 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स, 7. एन पी 3 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी 3, 8. सोलर लाइट, 9. ईंटरलाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेट, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाईकर्मी कीट/पशु आहार/भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, शो पीट, कम्पोस्ट पीट, नाडेप, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक) आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यों पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.04.2026 से 22.04.2026 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफ़ाफ़े में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह 2:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 23.04.2026 समय अपराह् 10 बजे से शाम 5 बजे तक।

**नियम/शर्ते:** 1- आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 3- ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 4- निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 5- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 6- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 7 - आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| **ग्राम प्रधान** | **पंचायत सचिव** |
| **ग्रा. पं. रामपुरजोगा** | **ग्रां. पं. रामपुरजोगा** |
| **विं. खं - बंकी** | **विं. खं - बंकी** |
| **जनपद - बाराबंकी** | **जनपद - बाराबंकी** |

# श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ता लगा रहे, ब्लैक मार्केटिंग का आरोप

## श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी के संचालक है दीपक सिंह या फिर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पूछ रहे हैं उपभोक्ता..?



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । परेड सरकार स्थित नेवलगंज में शनिवार को एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ता सुबह पांच बजे से लंबी कतार में खड़े रहे।कड़ी धूप में सिलेंडर न मिलने से लोग बेहद परेशान हैं।यह सम स्या कई दिनों से बनी हुई है।करीब दो उपभोक्ता सुबह से लाइन में लगे हुए थे।इनमें से कई उपभो क्ता परसपुर और बालपुर जैसे बीस किलोमीटर दूर के इलाकों से आए हैं।इतनी दूरी तय करने के बावजूद उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है,जि ससे उनकी परेशानी और बढ़ती जा रही है।

### 70 गैस सिलेंडर बंटने के बाद स्टॉक खत्म

बालपुर से आए एक उपभोक्ता ने बताया कि उन के भतीजे की शादी है और उन्हें अभी तक सिलेंड र नहीं मिला है।उन्होंने यह भी बताया कि कल भी वे गैस सिलेंडर लेने आए थे,लेकिन श्री साईं सिद्धि भारत गैस एजेंसी के संचालक या शिक्षक के दबंग ई से गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। दीपक सिंह के द्वारा लोगों से कहा जा रहा है की अब स्टॉक ख त्म हो गया है वही स्टॉक खत्म होने से उपभोक्ता ओं को खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है।

### सिलेंडर ना मिलने पर बुजुर्ग का छलका दर्द

बालपुर से आए एक बुजुर्ग की नाम न छापने की शर्त पर अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि कल भी वे सुबह पांच बजे से एलपीजी सिलेंडर के लिए लाइन में लगे थे,लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिला है उन्हें दूसरे दिन फिर बुलाया गया था लेकिन दूसरे दिन इंतजार करने के बाद भी सिलेंडर अभी भी नहीं मिला है,कई उपभोक्ताओं ने तो भारत पेट्रो लियम के सेल्स अधिकारी पर भी आरोप लगाया है कि भारत पेट्रोलियम के सेल्स अधिकारी उपभो क्ताओं की शिकायत को सुनते नहीं है ना कभी फो न उठा रहे हैं इससे की श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी संचालक की मनमानी जारी है।

### 25 सौ रुपए में होटलों में बेचे जा रहे सिलेंडर

उपभोक्ताओं में इस स्थिति को लेकर भारी गुस्सा देखा गया। उन्होंने नारेबाजी भी की।लोगों का आ रोप है कि एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी हो रही है।उनका कहना है कि होटलों में सिलेंडर 18 सौ से 25, सौ रुपए तक में बेचे जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है और होटल में घरेलू सिलेंडर धड़ले से जलाये जा रहे हैं।वही लोग सवाल कर रहे हैं कि श्री साई सि द्धि भारत गैस एजेंसी पर बैठे एक लोगों पर यह सवाल पूछ रहे हैं की दीपक सिंह है कौन एजेंसी संचालक या फिर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक है,अगर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं तो वह प्राथमिक विद्यालय के स्कूल में कब पहुंचते हैं या जनता पूछ रही है वही जब एक पत्रकार ने दीपक सिंह से सवाल किया की गैस सिलेंडर कब मिलेगा तो दीपक सिंह के बिगड़े बोल उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर हमारे घर पर नहीं बनते हैं।जब गाड़ी आ एगी तभी लोगों आईटीआई मैदान से सिलेंडर मि ल पाएगा,लेकिन वही सवाल या उठता कि क्या आईटीआई मैदान में कोई आग बुझाने की सुरक्षा व्यवस्था है।

# त्रिस्तरीय मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम हुआ संशोधित

### 22 अप्रैल 2026 को होगा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन

बहराइच । जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियों कराने आदि का कार्य 21 अप्रैल 2026 तक पूर्ण कर निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 22 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

# सभागार में मूलभूत सुविधाओं का अभाव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । रुपईडीह ब्लॉक परिसर में बना सभागार पर करीब पचास लाख रुपये खर्च होने के बावजूद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।हाल ही में इसका कायाकल्प किया गया था,लेकिन स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ है।सभागार में बैठक के दौरान क ई असुविधाओं का सामना करना पड़ता है,यहां सा त एयर कंडीशनर (एसी ) लगाए गए हैं,लेकिन उन के संचालन की कोई व्यवस्था नहीं है।इसके अति रिक्त,सभागार के बगल में बने शौचालय में भी कि सी प्रकार की सुविधा न होने के कारण पुरुषों और महिलाओं को परेशानी होती है।पचास लाख रुपये खर्च होने के बावजूद सभागार का नामकरण भी विवादों में है।इसका नाम 'पंडित सिंह स्मृति शेष' रखा गया है।जबकि ब्लॉक प्रांगण में कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम अंकित थे,उनके नाम पर सभागार का नाम न रखना सवाल खड़े करता है।

स्थानीय लोगों का सवाल है कि क्या यह नाम रख ना उचित था और क्या पंडित सिंह स्वतंत्रता संग्रा म सेनानियों से बढ़कर थे।इसकी मुख्य वजह यह बताई जा रही है कि रुपई डीह ब्लॉक के प्रमुख म हेश सिंह ने मनमानी करते हुए सभागार का नाम बदलवाया है।यहा सभी निर्माण कार्य खंड विकास अधिकारी के तत्वावधान में किए गए हैं।अधिकारी अक्सर ब्लॉक प्रांगण में स्थित बीडीओ कार्यालय आते-जाते रहते हैं,लेकिन इन असुविधाओं से भरे सभागार और कार्यालय पर कभी किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी।इस संबंध में जब बीडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया,तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

# दो माह में टूटने लगी इंटरलॉकिंग से बनी सड़क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले की विकासखंड मुजेहना ग्राम पंचायत रयगांव के अलादीन पुरवा में तीन माह पूर्व मानक के विपरीत बन रही सड़क की खबर को कैनविज टाइम्स ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था और खं ड विकास अधिकारी से मानक के विपरीत बन र ही सड़क की जानकारी भी ली थी,उस समय खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सड़क का काम रोक दिया गया है और जांच की जा रही है,लेकिन ग्राम प्रधान ने मुंबई में बैठकर सचिव से मिलकर भ्रष्टाचार की इबारत लिख दी है,मानक के विपरीत इंटरलॉकिंग से बनी सड़क तीन माह बीतने के बाद भुगतान से पहले ही धंसने लगी है,कई समाजसेवी अधिकारियों से इस विकास कार्य को श्रमदान घो षित करने की मांग कर रहे है।अलादीन पुरवा में हामिद अली के घर से बसीर के घर तक करीब दो सौ मीटर इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण करीब छः

लाख रुपये से हुआ है।यह काम मनरेगा मद से हो ना था लेकिन मुंबई में बैठकर ग्राम प्रधान ने सिर्फ दो तीन दिन के लिए नाम मात्र मनरेगा के मजदूरों से काम करवाया गया था। सूत्रों के अनुसार ग्राम प्रधान व सचिव ने मार्ग का निर्माण खुद न




कराकर इसे ठेके पर देकर ठेकेदारों से निर्माण करवाया है। निर्माण के दौरान पहले से लगे खड़ंजे को खोदवा कर उस पर मिट्टी पटान कर पीले ईंट बजड़ी और बालू डाल कर ही इंटरलॉकिंग लगवा दी गई। सूत्र बता रहे है कि मार्ग के दोनों ओर बालू में नाम मात्र सीमेंट मिलकर ईंटों से एजिंग का निर्माण कराया गया।इसके कुछ दिन बाद मार्ग की एमबी करवाक र फाइल को भुगतान की प्रक्रिया में लगा दिया ग या है,मार्ग जगह-जगह से टूटकर धंस गया,ग्रामीणों ने मानक विहीन मार्ग का भुगतान रोकने व इस कार्य को श्रमदान घोषित करने की मांग की है, तीन माह पहले मानक के विपरीत बन रही सड़क को वीडियो ने बताया कि मानक विहीन निर्माण की शिकायत मिली है।जांच कर कार्रवाई की जाएगी।लेकिन वीडियो के ढुलमुल रवैया के कारण सड़क मानक के विपरीत बनकर तैयार हो गई और अब भुगतान की प्रक्रिया में फाइल लगा दी गई है।


### प्रधान और सचिव ने मिल कर किया फर्जीवाड़ा

विकासखंड मुजेहना के ग्राम पंचायत कौरहे इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य में रोजगार सेवक की आईडी पासवर्ड से मनरेगा (VB-GRAMG) योजना के अं तर्गत किसी दलाल के द्वारा NMMS के माध्यम से फर्जीवाड़ा करते हुए श्रमिकों की फोटो साइड पर अपलोड की जा रही है,इसकी शिकायत रोज गार सेवक पाटेश्वरी प्रसाद वर्मा ने व्हाट्सएप के माध्यम से इसकी सूचना मुजेहना के खंड विकास अधिकारी को दी थी लेकिन खंड विकास अधिका री ने रोजगार सेवक की शिकायत को अनसुनी क र दी और ग्राम पंचायत में लग रही इंटरलॉकिंग का कार्य ठेकेदारी की प्रथा से होता रहा। वहीं कौरहे ग्राम पंचायत मे सवाल या उठना लाजमी है कि अ गर ग्राम पंचायत में कच्चा कार्य नहीं हुआ है तो न हीं हुआ है तो फिर पक्का कार्य कैसे हो गया।

# बिजली विभाग की जांच रिपोर्ट पर उठा सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में 35 वर्षीय रंजीत तिवारी की करंट लगने से हुई मौत अब सवालों के घेरे में है।वजह - बिजली विभाग की दो अलग-अलग जांच रिपोर्ट, जिनमें घटना का कारण अलग-अलग बताया गया है।एक ही विभाग की रिपोर्टों में विरोधाभास ने न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे इलाके को उलझन में डाल दिया है कि आखिर सच क्या है।मुख्य अभि यंता की जांच रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के समय रंजीत तिवारी अपने घर के सामने बिजली लाइन में हो रही स्पार्किंग का वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान अचानक तार टूटकर उनके ऊपर गिर गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।वहीं दूसरी ओर तीन अधिकारियों की संयुक्त रिपोर्ट में पूरी कहानी अलग है। रिपोर्ट के अनुसार, रंजीत अपने घर से काम पर जा रहे थे,तभी तेज हवा के कारण बिजली का


विद्युत दुर्घटना आख्या

तार टूटकर उन पर गिरा और करंट ल गने से उनकी जान चली गई।यानी एक रिपोर्ट उन्हें मौके पर खड़ा बताती है, तो दूसरी उन्हें रास्ते में चलते हुए।मुख्य अभियंता की रिपोर्ट में घटना की तकनीकी वजह भी विस्तार से बताई गई है। बता या गया कि रंजीत के घर के सामने से करीब 30 साल पुरानी 11 केवी हाईटेंशन लाइन गुजरती है। घर के पास एक 'जंगल जलेबी' का पेड़ है, जिस की दूरी तार से बेहद कम थी।तेज हवा के कारण तार पेड़ के तने से टकराया और स्पार्किंग होने ल गी।इसी दौरान तार टूटकर नीचे गिरा और रंजीत इसकी चपेट में आ गए।हालांकि विभाग ने यह भी दावा किया कि लाइन की ऊंचाई और सिस्टम मान कों के अनुसार सही था और हाल ही में पेड़ों की छंटाई भी कराई गई थी।

### जिम्मेदारी से बचने की कोशिश पड़ोसी पर डाला गया ठीकरा

दोनों जांच रिपोर्टों में एक बात समान है-किसी भी बिजली अधिकारी या कर्मचारी को दोषी नहीं ठह राया गया।इसके उलट,रिपोर्ट में रंजीत के पड़ोसी को जिम्मेदार बताया गया है।कहा गया कि जिस 'जंगल जलेबी' के पेड़ से तार टकराया,वह पड़ोसी की जमीन पर था और उसने पेड़ कटवाने का विरो ध किया था।विभाग का दावा है कि कई बार को शिश के बावजूद पेड़ की कटाई नहीं हो सकी,जब कि वही पेड़ हादसे की मुख्य वजह बना।अब सवा ल उठ रहा है कि अगर खतरा इतना बड़ा था,तो वि भाग ने वैकल्पिक उपाय क्यों नहीं किए.... ?

### परिवार को मुआवजे की सिफारिश, लेकिन सवाल बरकरार

तीन अधिकारियों की संयुक्त रिपोर्ट में मृतक की पत्नी पूजा तिवारी को विभागीय नियमों के तहत मुआवजा देने की सिफारिश की गई है।लेकिन इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल अब भी कायम है- क्या यह सिर्फ हादसा था या लापरवाही....? दो अलग-अलग जांच रिपोर्टों ने घटना को और उल झा दिया है।एक ही विभाग के भीतर सच्चाई के दो संस्करण सामने आने से लोगों का भरोसा भी डग मगाया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर स मय रहते पेड़ या लाइन को लेकर ठोस कदम उठा ए जाते,तो शायद एक जान बचाई जा सकती थी। अब सबकी नजर इस पर है कि प्रशासन इस विरो धाभास को सुलझाकर असली जिम्मेदार तय कर ता है या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जा एगा।

# बैंड-बाजे व नारों के साथ निकली स्कूल चलो अभियान प्रेरक रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। सेमरी बाजार स्थित पं0 सच्चिदानन्द इण्टर कॉलेज के तत्वावधान में शनिवार को 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। इसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा अभिभावकों को इसके प्रति सचेत करना रहा। बैंड-बाजे, बैनर और गुब्बारों के साथ निकली रैली में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर निम्बियापुरवा, सेमरी बाजार सब्जी मंडी और मस्जिद मार्ग सहित विभिन्न मोहल्लों से होते हुए पुनः विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान बच्चों ने शिक्षा है अनमोल रत्न, पढ़ने का सब करें यत्न, आधी रोटी खाएंगे, विद्यालय अवश्य जाएंगेङ्क तथा बेटी है बगिया का फूल, बेटी को भेजो स्कूल जैसे प्रेरक नारे लगाए। ग्रामीणों व अभिभावकों ने स्थान-स्थान पर रैली का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। प्रवक्ता मोहम्मद जमील कुरैशी ने बताया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय से बाहर बच्चों का चिन्हांकन कर उनका नामांकन कराया जा रहा है। प्रधानाचार्य राहुल मिश्रा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना और अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जन-जागरूकता के बिना यह लक्ष्य संभव नहीं। इस अवसर पर मोहम्मद जमील कुरैशी, प्रेम सागर यादव, चंदन श्रीवास्तव, सुचिता मिश्रा, मधुमिता, मधु वर्मा, राम प्रकाश, रोहिणी गुप्ता, नरेंद्र प्रताप सहित शिक्षकगण, अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सआदत इंटर कॉलेज नानपारा में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। स्थानीय सआदत इंटर कॉलेज के सभागार में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. आनंद अग्रवाल ने की। इस अवसर पर प्रबंध समिति के नरेश अग्रवाल, ओम प्रकाश पोद्दार, उमेश चंद्र शाह (अध्यक्ष, प्राचीन छात्र संगठन), धर्मेंद्र कान्त श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद मिश्रा, अदालत प्रसाद पांडे तथा परिषदीय स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक अनिल श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आर.सी. पांडेय ने किया।

कार्यक्रम में कक्षा 11 एवं कक्षा 9 के




विभिन्न वर्गों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 11 के वर्ग 'ए' में निधि यादव प्रथम, आदित्य चौहान द्वितीय तथा सारा तबरेज तृतीय स्थान पर रहीं। वर्ग बी में शायमा प्रथम, अभिषेक तिवारी द्वितीय एवं रहनुमा तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि वर्ग सी में वंश चौरसिया प्रथम, उम्मे कुलसुम द्वितीय एवं राम बाबू तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 9 के वर्ग ए में महबूब अली प्रथम, अनुभव सिंह द्वितीय एवं राजकुमार प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग बी में अतीक अली प्रथम, आलोक द्वितीय तथा सोनू गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे, जबकि वर्ग सी में आशिका प्रथम, नदुवा आफरीन द्वितीय एवं सना सलमानी तृतीय स्थान पर रहीं।

अध्यक्षता करते हुए डॉ. आनंद अग्रवाल ने कहा कि किसी भी छात्र की पढ़ाई आर्थिक अभाव के कारण प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आवश्यक सहायता के लिए विद्यालय के माध्यम से संपर्क करने का आह्वान किया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अभिभावकों से अधिक से अधिक प्रवेश दिलाने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

# जीवन का मूल आधार है शिक्षा: आशीष सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच । प्राथमिक विद्यालय अबुल्लापुर में स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी कला व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नन्हे मुन्नों बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतिया कर मोहा मन, आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि बीईओ जरवल अरविंद बहादुर सिंह,अजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीएसए श्री सिंह ने वार्षिक परीक्षा के मेधावियों को मेडल, पुरस्कार के साथ अंकपत्र भी वितरित किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय परिसर में नीम का पौधा रोपित करते हुए नई कक्षा में नामांकन हेतु आये बच्चों का टीका चन्दन लगाकर स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की तथा स्कूल चलो



अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के माध्यम से शिक्षकों व बच्चों ने गांव-गांव जाकर अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें परिषदीय विद्यालयों में मिलने वाली निःशुल्क सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती सविता सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एआरपी विनय शुक्ला,संतोष अभिषेक श्रीवास्तव,विनय सिंह, शिक्षक नेता आसिफ अली,गिरीश यादव कल्पना मिश्रा संतोष गुप्ता मधुलिका वर्मा,शुभम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# देश में अमन चैन और खुशहाली के लिये भाईचारा जरुरी : न्यायमूर्ति

## रस्तामऊ में तीन सौ अधिक गरीब महिलाओं को साड़ी और सूट किया वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । क्षेत्र के कस्बा रस्तामऊ में वारिस खान मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित होली एवं ईद मिलन समारोह में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजवीर सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह दोनों त्यौहार मोहब्बत और खुशी का पैगाम देते हैं। गंगा जमुनी संस्कृति को आगे बढ़ाये देश में अमन चैन कायम रहे इसके साथ ही विज्ञान और तकनीक को बढ़ावा मिले। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति राजवीर सिंह ने कहा कि होली और ईद का त्यौहार हम सबको आपस में मिलजुल कर रहने की सीख देता है और हम सब लोग इन दोनों त्यौहारों को मिलजुल कर मनाते हुये गंगा जमुनी संस्कृति प्रस्तुत करने की जरुरत हैं। कस्बा रस्तामऊ के समाज




सेवी खुर्शीद वजीर द्वारा आयोजित होली एवं ईद मिलन समारोह में न्यायमूर्ति राजवीर सिंह ने तीन सौ से अधिक गरीब महिलाओं को साड़ी और सूट वितरित किया। न्यायमूर्ति के हाथों साड़ी और सूट पाकर महिलाओं ने उनके दीर्घायु की कामना की।यूपीएससी की तैयारी कर रही इकरा खुर्शीद खान ने कहा कि खुशियां बांटने से बंटती है इंसानियत का यही धर्म है कि एक दूसरे की मदद करें।कार्यक्रम को तिलोई के उपजिलाधिकारी अमित सिंह, सीओ दिनेश कुमार मिश्रा ने सम्बोधन किया। आयोजक खुर्शीद वजीर ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य तिवारी ने किया।इस मौके पर सईद शाबरी,अमरेंद्र सिंह, मोहम्मद शफीक, अयान खान, ब्रजेश त्रिपाठी, कौसर खान, अयूब खान, शफीक खान, इम्तियाज खान, शकील अहमद, श्रीकृष्ण अवस्थी, मुश्ताक खान, अजहरुलहक, गुलाम वारिस सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# अधूरी पुलिया से बढ़ी मुश्किलें, श्मशान घाट तक पहुंचना हुआ दुश्वार

## व्यापार मंडल ने ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।नगर के शेरपुर चुंगी स्थित श्मशान घाट मार्ग पर बनी अधूरी पुलिया के कारण क्षेत्रीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस समस्या को लेकर युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने ब्लॉक प्रमुख श्रीमती मानसी अपूर्व सिंह को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की है ज्ञापन में बताया गया कि श्मशान घाट जाने वाले मार्ग पर पुलिया का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन उसे मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया है जिसकी कई बार सभासद अनुज गुप्ता सहित कई लोग सोशल मीडिया के माध्यम से ब ज्ञापन देकर समस्या से जल्द राहत की माँग कर चुके है इसके चलते अंतिम संस्कार के लिए जाने वाले लोगों को करीब डेढ़ किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है ऊबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरने की मजबूरी के चलते लोगों में रोष व्याप्त है व्यापार मंडल के युवा नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा ने बताया कि इस समस्या से न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि लोगों को शारीरिक परेशानी भी उठानी पड़ रही है ब्लॉक प्रमुख ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है व्यापार मंडल ने शेरपुर रोड स्थित श्मशान घाट की बदहाल स्थिति को लेकर भी चिंता जताई है बताया गया कि जलस्तर अधिक होने के कारण शव दफनाने में कठिनाई हो रही है इसके लिए जमीन ऊंची करने हेतु मिट्टी डलवाने की मांग की गई है साथ ही, श्मशान घाट पर इंटरलॉकिंग, बेंच, बाउंड्री वॉल और इसके अतिरिक्त महिला अस्पताल के सामने की जर्जर सड़क को लेकर भी ज्ञापन में शिकायत की गई है सड़क पर गड्ढों के कारण मरीजों व तीमारदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर बारिश के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है व्यापार मंडल ने प्रशासन से जनहित में इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# दो करोड़ रुपये की स्मैक के साथ कार सवार दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक किलो दो सौ पचास ग्राम स्मैक के साथ अन्तर्राज्यीय दो तस्करो को गिरफ्तार किया है और घटना में प्रयुक्त एक कार, दो मोबाइल फोन, विभिन्न बैंकों के बारह एटीएम कार्ड व चार हजार सात सौ पचास रुपया नकद बरामद किया है। पुलिस टीम द्वारा पकड़ी गई स्मैक की अनुमानित कीमत दो करोड़ रुपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी वाराणसी की तरफ से एक संदिग्ध कार आती हुई दिखाई दी जिसे रुकने का इशारा किया गया तो कार सवार भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेरकर पकड़ लिया गया।चालक ने अपना नाम अजीत गुप्ता पुत्र स्व. नरेश गुप्ता निवासी ग्राम नावाडीह थाना




पथलगड्डा जनपद चतरा राज्य झारखंड, तथा दूसरे ने अपना नाम सोनू कुमार साहू पुत्र राम चन्द्र निवासी ग्राम सजवी जोरी थाना वशिष्ठ नगर जनपद चतरा राज्य झारखण्ड बताया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में अजीत गुप्ता के कब्जे से एक सौ पचास ग्राम स्मैक बरामद हुआ एवं कार की तलाशी से एक किलो सौ ग्राम स्मैक बरामद हुआ और स्विफ्ट कार संख्या जे एच 02 ए वी 4416 के कागजात मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि वह झारखण्ड से स्मैक खरीदकर यूपी के बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी में बेच देते हैं। आज उनकी बरेली की एक पार्टी से बात हुई थी जिसे स्मैक देने के लिये रायबरेली बुलाया था। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के आपराधिक इतिहास की जानकारी उनके मूल निवास के थाने से की जा रही है और दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# पीलीभीत में सपा की रणनीतिक बैठक अंबेडकर जयंती को भव्य बनाने का बना प्लान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।समाजवादी पार्टी द्वारा आगामी 14 अप्रैल 2026 को मनाई जाने वाली बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को भव्य और ऐतिहासिक रूप देने के लिए शुक्रवार को पार्टी कैंप कार्यालय केजीएन-2 में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह के जनपद प्रभारी बनाए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने की। इस दौरान सिद्धार्थ सिंह का कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला।बैठक को संबोधित करते हुए सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय के लिए उनका योगदान और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका देश के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि



अंबेडकर जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि समानता, भाईचारे और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर है।उन्होंने निर्देश दिए कि 14 अप्रैल को जनपद के सभी सेक्टरों में कार्यक्रम पूरी भव्यता, अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती के साथ आयोजित किए जाएं। साथ ही प्रत्येक सेक्टर प्रभारी को जिम्मेदारी देते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा बाबा साहेब के विचारों पर चलती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं।बैठक का संचालन जिला महासचिव नफीस अंसारी ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।बैठक में अरविंद यादव, नरेंद्र मिश्रा, इम्तियाज अल्वी, अमित पाठक, राजकुमार राजू, मो. अरशद, लखविंदर सिंह, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चूल्हे से उठी चिंगारी से लगी आग, तीन घर जलकर राख, दो मवेशी की मौत एक मवेशी घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। जनपद के बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रैंचा के पूरे हरबंस में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार गांव के निवासी छोटे लाल कोरी के घर की महिलाएं खाना बना रही थी तभी तेज हवा से चूल्हे से उठी चिंगारी से घर के छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के दो अन्य घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों ने राम उजागिर की गौशाला को भी नहीं छोड़ा, जहां बंधी तीन गायें बुरी तरह झुलस गईं। इनमें से दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गाय गंभीर रूप से घायल बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही



दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंचे लेखपाल द्वारा आग से हुए नुकसान का आकलन किया गया है। फिलहाल प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को राहत दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# परमात्मा अदृष्य होते हुए भी प्रत्येक जीव में विद्यमान है : श्याम सारथी जी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत बरसावां गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा यजमान सरस्वती शुक्ला एवं राम मनोरथ शुक्ल के निज आवास पर भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत माहौल देखने को मिला। अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक श्याम सारथी जी महाराज ने शुकदेव जी के जन्म प्रसंग का अत्यंत मार्मिक और भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कलयुग में श्रीमद्भागवत महापुराण कल्पवृक्ष से भी श्रेष्ठ है, जो अर्थ, धर्म, काम के साथ-साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान कर जीव को परम पद तक पहुंचाती है। यह केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप है, जिसके प्रत्येक अक्षर में ईश्वर का वास है। महाराज ने बताया कि भागवत कथा का श्रवण दान, व्रत और तीर्थ से भी बढ़कर है। इसके



ध्यानपूर्वक श्रवण और आत्मसात करने से धुंधकारी जैसे महापापी का भी उद्धार संभव है। उन्होंने कहा कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन समय रहते सुधार न करना उसे पाप की श्रेणी में ले जाता है। कथा के दौरान राजा परीक्षित को मिले श्राप का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि जब उन्हें सातवें दिन सर्पदंश से मृत्यु का ज्ञान हुआ, तो उन्होंने मोह त्यागकर भगवान की शरण ग्रहण की। शुकदेव जी से भागवत कथा का श्रवण ही उनके उद्धार का माध्यम बना। उन्होंने यह भी कहा कि केवल कथा सुनना पर्याप्त नहीं, बल्कि श्रोता के भीतर जिज्ञासा और श्रद्धा होना आवश्यक है। परमात्मा अदृश्य होते हुए भी प्रत्येक जीव में विद्यमान है। कथा के समापन पर भागवत भगवान एवं व्यास पीठ की विधिवत आरती उतारी गई तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

## संग्रामपुर पुलिस ने गांजा बेंचने वाली महिला को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुये गांजा का क्रय विक्रय करने वाली एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक किलो छह सौ पच्चीस ग्राम गांजा, गांजा बिक्री के पांच हजार एक सौ तीस रुपये, दो एन्ड्राइड फोन व एक तराजू व एक बांट बरामद किया है ।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शनिवार को थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर सीता पत्नी गोविन्द कोरी निवासी ग्राम ठेंगहा थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र चालीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से कुल एक किलो छह सौ पच्चीस ग्राम गांजा, गांजा बिक्री के पांच हजार एक सौ तीस रुपये, दो अदद एन्ड्राइ फोन एवं एक तराजू व एक कांटा बांट बरामद हुआ। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला ने पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में बताया कि वह सौ दो सौ और तीन सौ रूपये के बंडल बनाकर गांजा बेचने का कार्य करती है। इस सम्बंध में थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़ी गई महिला के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## संग्रामपुर पुलिस ने गांजा बेंचने वाली महिला को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुये गांजा का क्रय विक्रय करने वाली एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक किलो छह सौ पच्चीस ग्राम गांजा, गांजा बिक्री के पांच हजार एक सौ तीस रुपये, दो एन्ड्राइड फोन व एक तराजू व एक बांट बरामद किया है ।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शनिवार को थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर सीता पत्नी गोविन्द कोरी निवासी ग्राम ठेंगहा थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र चालीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से कुल एक किलो छह सौ पच्चीस ग्राम गांजा, गांजा बिक्री के पांच हजार एक सौ तीस रुपये, दो अदद एन्ड्राइ फोन एवं एक तराजू व एक कांटा बांट बरामद हुआ। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला ने पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में बताया कि वह सौ दो सौ और तीन सौ रूपये के बंडल बनाकर गांजा बेचने का कार्य करती है। इस सम्बंध में थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़ी गई महिला के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## विवाहिता ने पति सास और देवर के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

तिलोई अमेठी । थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने अपने पति ,सास और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुये पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने स्थानीय पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि उसका विवाह पांच वर्ष पहले बाराबंकी जिले के असंद्रा थाना क्षेत्र के गांव सुब्बा का पुरवा मजरे खरिका फूल गांव निवासी राजन मिश्रा पुत्र अवधेश मिश्रा के साथ हुआ था ।आरोप है कि महिला के पति ,सास व देवर महिला से पांच लाख रुपया दहेज की मांग करते हुये प्रताड़ित करते थे ।उसी को देकर महिला के ससुराल के लोगों ने एक सप्ताह पहले मारपीट करते हुये उससे कपड़े व जेवरात छीन कर रख लिये और उसे ससुराल से भगा दिया है और विवाहिता इन दिनों अपने मायके की शरण में है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्जकर लिया गया है मामले की छानबीन की जा रही है।

## एकल दिशा रूट मैप से बदली नगर की चाल

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर ने आखिरकार चैन की साँस लेना सीख ही लियाकृवो भी तब, जब सालों से जाम में फंसी जिंदगी को ्रएकल दिशा रूट मैपङ्क नाम का रामबाण मिल गया। जिन गलियों में पहले हॉर्न की आवाज़ें आरती की तरह गूंजती थीं, वहां अब गाड़ियाँ भी शांति से चलने लगी हैं। लगता है ट्रैफिक भी अब अनुशासन में पीएचडी कर चुका है। और इस चमत्कार के सूत्रधार कप्तान चारू निगम जिनकी फुर्ती ऐसी कि क्राइम स्पॉट उन्हें बुलाने का इंतज़ार नहीं करता, बल्कि खुद शर्मिंदा हो जाता है।

# तीन वर्षों से जेल से छूटे अपराधियों की हल्कावार बनायें सूची बनाकर रखें निगरानी : डीआईजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या ने रिजर्व पुलिस लाइन्स, पुलिस कार्यालय गौरीगंज, थाना अमेठी एवं थाना जामो का वार्षिक निरीक्षण किया और मातहतों को दिशा निर्देश देते हुये महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस को सतर्क रहने की बात कही।पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या सोमेन बर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स अमेठी का वार्षिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम सलामी गार्द की सलामी ली गयी तथा पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। डीआईजी ने शस्त्रागार में रखे शस्त्रों और दंगारोधी उपकरणों के रख-रखाव व शस्त्रों की समयबद्ध सफाई हेतु निर्देशित किया गया एवं बैरक, मेस, कैश कार्यालय एवं परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की प्रविष्टियों का निरीक्षण कर संबंधित को निर्देशत किया गया।पुलिस लाइन्स के निरीक्षण के उपरान्त उन्होंने थाना अमेठी व थाना जामो का वार्षिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम महोदय द्वारा सलामी गार्द की सलामी ली गयी तदोपरान्त



थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, मालखाना, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया, रजिस्टर अभिलेखों की प्रवष्टियां व रख-रखाव सही पाया गया। दैनिक जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की गई व मिशन शक्ति केन्द्र की समीक्षा करते हुये पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गये। अपराधियों पर सतत निगरानी हेतु पुलिस कर्मियों को एचएस, टॉप टेन, जिलाबदर, एक्टिव लिस्ट व विगत तीन वर्षों में जेल से छूटे अपराधियों आदि का चौकी हल्कावार लिस्ट बनाकर निगरानी रखने व यक्ष एप में सभी प्रवष्टियां पूरी करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।शस्त्रों के नियमित रूप से साफ-सफाई हेतु निर्देश दिये गये थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों को सजग रहकर क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंच कर निष्पक्ष रूप से विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, युवक को मलेशिया में बनाया बंधुआ मजदूर

पूरनपुर।विदेश भेजने के नाम पर ठगी और मानव तस्करी जैसा गंभीर मामला सामने आया है। थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर निवासी जीशान मदार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पूरनपुर के एक ट्रेवल एजेंट पर धोखाधड़ी, अवैध वसूली और विदेश में प्रताड़ित कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं प्रार्थी के अनुसार, पूरनपुर स्थित सुपर मार्केट में दशमेश ट्रैवल्स संचालित करने वाले जसविन्दर सिंह उर्फ सोनी ने उसे मलेशिया में वर्क वीजा पर भेजने का झांसा दिया दो साल के लिए 50 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन का वादा कर आरोपी ने 1.80 लाख रुपये खर्च के नाम पर ले लिए बताया गया कि आरोपी ने दिल्ली एयरपोर्ट से जीशान को मलेशिया भेज दिया, लेकिन वहां पहुंचने पर पता चला कि वर्क वीजा के बजाय मात्र तीन दिन का टूरिस्ट वीजा दिया गया था मलेशिया पहुंचने के बाद एजेंटों ने उसे एक बंद मकान में कैद कर लिया और 20 हजार रुपये अतिरिक्त वसूल लिए पीड़ित ने आरोप लगाया कि बाद में उसे एक अन्य व्यक्ति के हाथ बेच दिया गया, जहां उसे बंधुआ मजदूर की तरह काम करने को मजबूर किया गया किसी तरह परिवार से संपर्क होने पर परिजनों ने एजेंट से बात की, लेकिन उसने धमकी देते हुए कहा कि ज्यादा दबाव बनाने पर युवक को वापस नहीं आने देगा प्रार्थी के अनुसार, काफी मशक्कत और अतिरिक्त 50 हजार रुपये देने के बाद वह किसी तरह वापस भारत लौट सका पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त एजेंट पहले भी कई लोगों के साथ इसी तरह ठगी कर चुका है और फर्जी दस्तावेजों के जरिए विदेश भेजने का अवैध धंधा करता है पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी व उसके सहयोगियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है यह मामला न केवल ठगी बल्कि मानव तस्करी जैसे संगीन अपराध की ओर इशारा करता है विदेश भेजने के नाम पर सक्रिय ऐसे गिरोहों पर सख्त कार्रवाई और निगरानी की आवश्यकता है।

## सम्पादकीय

# घातक किशोर अपराध

बदलते वक्त के साथ समाज में बढ़ते आक्रामक व्यवहार के चलते अपराधों का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन किशोरों की अपराधों में संलिप्तता बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है। हाल के दिनों में देश में किशोर अपराधों से जुड़ी अनेक ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिन्होंने देश को गहरी चिंता में डाला है। जो बाल अपराधों के सामाजिक कारणों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत पर बल देता है। निस्संदेह, यह विचारणीय प्रश्न है कि छोटे-छोटे विवादों के बीच किशोर हिंसक क्यों हो रहे हैं। जिसकी परिणति अकसर क्रूर हत्या के रूप में सामने आती है। पिछले दिनों दिल्ली के दयालपुर क्षेत्र में सिर्फ चार सौ रुपये के विवाद में एक युवक की निर्मम हत्या डराने वाली है। वहीं किशोरों में कानून का भय न होना गंभीर मसला है। बताया जाता है कि इस युवक की हत्या में तीन नाबालिग संलिप्त थे। इस घटना में तीन किशोर एक युवक पर लगातार चाकू मारते रहे। हिंसक प्रवृत्ति की पराकाष्ठा देखिए कि इनका चौथा साथी बाकायदा मोबाइल पर घटना का वीडियो बनाता रहा। निस्संदेह, यह घटना किसी भी सभ्य समाज में सिहरन पैदा करने वाली है कि किशोर में यह आपराधिक दुस्साहस कहां से आ रहा है। जाहिर बात है कि इन किशोरों में पुलिस-प्रशासन का कोई भय नहीं था, तभी वे सरेआम चाकूबाजी करते रहे। देश की राष्ट्रीय राजधानी जहां के बारे में अकसर कहा जाता है कि पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था बनाने में अग्रणी रहता है, वहां यह घटना सामने आयी। सवाल उठाया जा सकता है कि देश के दूर-दराज के इलाकों में यह स्थिति कितनी गंभीर हो सकती है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि किशोरों की आपराधिक घटनाओं में तेजी से बढ़ती भूमिका की असली वजह क्या है? उल्लेखनीय है कि दयालपुर की घटना से पहले भी कई गंभीर अपराधों में किशोरों की संलिप्तता की घटनाएं गाहे-बगाहे सामने आती रही हैं। लेकिन किशोर अपराध से जुड़े कानून उन्हें जल्दी रिहा करा देते हैं। दरअसल, देश में अकसर किशोरों के गंभीर अपराधों में लिप्त होने के चलते उनकी वयस्क होने की उम्र घटाने की मांग होती है। इसकी वजह यह है कि किशोर गंभीर अपराधों में संलिप्तता के बावजूद किशोर अपराध से जुड़े कानूनों के लचीलेपन के चलते जेल से जल्दी रिहा हो जाते हैं। जेल से बाहर आने के बाद फिर दूसरे गंभीर अपराधों में लिप्त हो जाते हैं। यह गंभीर मुद्दा है जिसके समाधान को केंद्र सरकार को अपनी प्राथमिकता बनाना चाहिए। दरअसल, इंटरनेट के तेजी से प्रसार और सोशल मीडिया में अपराधों से जुड़ी घातक सामग्री की उपलब्धता किशोरों में भटकाव को बढ़ावा दे रही है। हिंसक फिल्में और अन्य माध्यमों में अपराध के तौर-तरीके से जुड़ी सामग्री किशोर मन पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। देश में संयुक्त परिवारों के बिखराव व बच्चों पर मां-बाप का नियंत्रण कम होने से कई किशोर बुरी संगति के चलते अपराधजगत की फिसलन में उतर जाते हैं। दूसरी ओर स्कूल-कालेजों में शिक्षकों की वह भूमिका नहीं रही, जो सख्ती से किशोरों के व्यवहार को नियंत्रित कर सके। आज उनकी सोच को मोबाइल व सोशल मीडिया पर प्रसारित विकृत सूचनाएं प्रभावित कर रही हैं। समाज के व्यवहार में एक किस्म की आक्रामकता नजर आती है। वहीं दूसरी ओर आपराधिक गिरोह व गैंग भी अपने आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने कि लिए किशोरों का इस्तेमाल करते हैं। सवाल यह भी है कि किशोरों तक घातक हथियार कहां से और कैसे पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, नशे की दलदल में फंसने वाले किशोर भी कालांतर नशा खरीदने के लिये पैसे जुटाने के लिये अपराध की गली में उतर जाते हैं। फिर गंभीर अपराधों को अंजाम देने लगते हैं। निश्चित रूप से बदलते वक्त के साथ पुलिस की भूमिका व कार्यशैली में बदलाव लाने की जरूरत है। साथ ही समाज में भी जागरूकता लानी आवश्यक है ताकि किशोरों को अपराध की राह पर बढ़ने से रोका जा सके। सरकार और समाज के साझे प्रयासों से ही इस संकट से उबरने में मदद मिल सकती है।

# किशोर आक्रामकता एवं हिंसा पर अंकुश लगाने की पहल हो

**दिल्ली के दयालपुर क्षेत्र में मात्र चार सौ रुपये के विवाद में एक युवक की नृशंस हत्या, जिसमें तीन किशोरों ने बेरहमी से चाकू घोंपे और चौथा उसका वीडियो बनाता रहा, इस विकृति का भयावह उदाहरण है। यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि संवेदनाओं के क्षरण, नैतिकता के पतन और कानून के भय के समाप्त हो जाने का प्रतीक है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर किशोरों में यह दुस्साहस और हिंसात्मक प्रवृत्ति कहां से जन्म ले रही है? वस्तुतः, किशोर अपराधों के बढ़ते ग्राफ के पीछे कई परस्पर जुड़े हुए कारण हैं, जिनका विश्लेषण आवश्यक है। सबसे पहला और प्रमुख कारण है पारिवारिक संरचना का विघटन। पहले संयुक्त परिवारों में बच्चों को दादा-दादी, चाचा-चाची और अन्य सदस्यों के सान्निध्य में नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक मर्यादाओं का सहज प्रशिक्षण मिलता था। आज एकल परिवारों में माता-पिता की व्यस्तता और समयाभाव के कारण बच्चों के साथ संवाद का अभाव हो गया है। परिणामस्वरूप, किशोर अपनी समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान बाहर ढूंढते हैं, जो कई बार उन्हें गलत दिशा में ले जाता है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण है डिजिटल और सोशल मीडिया का अनियंत्रित प्रभाव। इंटरनेट ने जहां ज्ञान के द्वार खोले हैं, वहीं अपराध, हिंसा और अश्लीलता से भरी सामग्री भी किशोरों के लिए सहज उपलब्ध कर दी है। फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी धारावाहिकों में हिंसा को जिस प्रकार ग्लैमराइज किया जाता है, वह किशोर मन को प्रभावित करता है। वे अपराध को एक साहसिक कार्य या रोमांच के रूप में देखने लगते हैं।**

भारतीय किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से किशोरों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में किशोरों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। बदलते समय के साथ समाज के व्यवहार में आई यह हिंसक तीव्रता और आक्रामकता अब केवल वयस्कों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका सबसे चिंताजनक प्रभाव किशोर पीढ़ी पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना ज्यादा परेशान करने वाला है। हाल के वर्षों में किशोरों द्वारा किए गए अपराधों की संख्या और उनकी क्रूरता ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह गया, बल्कि यह सामाजिक संरचना, पारिवारिक मूल्यों, शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक प्रभावों के गहरे संकट का संकेतक बन चुका है। दिल्ली के दयालपुर क्षेत्र में मात्र चार सौ रुपये के विवाद में एक युवक की नृशंस हत्या, जिसमें तीन किशोरों ने बेरहमी से चाकू घोंपे और चौथा उसका वीडियो बनाता रहा, इस विकृति का भयावह उदाहरण है। यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि संवेदनाओं के क्षरण, नैतिकता के पतन और कानून के भय के समाप्त हो जाने का प्रतीक है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर किशोरों में यह दुस्साहस और हिंसात्मक प्रवृत्ति कहां से जन्म ले रही है? वस्तुतः, किशोर अपराधों के बढ़ते ग्राफ के पीछे कई परस्पर जुड़े हुए कारण हैं, जिनका विश्लेषण आवश्यक है। सबसे पहला और प्रमुख कारण है पारिवारिक संरचना का विघटन। पहले संयुक्त परिवारों में बच्चों को दादा-दादी, चाचा-चाची और अन्य सदस्यों के सान्निध्य में नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक मर्यादाओं का सहज प्रशिक्षण मिलता था। आज एकल परिवारों में माता-पिता की व्यस्तता और समयाभाव के कारण बच्चों के साथ संवाद का अभाव हो गया है। परिणामस्वरूप, किशोर अपनी समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान बाहर ढूंढते हैं, जो कई बार उन्हें गलत दिशा में ले जाता है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण है डिजिटल और सोशल मीडिया का अनियंत्रित प्रभाव। इंटरनेट ने जहां ज्ञान के द्वार खोले हैं, वहीं अपराध, हिंसा और अश्लीलता से भरी सामग्री भी किशोरों के लिए सहज उपलब्ध कर दी है। फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी धारावाहिकों में हिंसा को जिस प्रकार ग्लैमराइज किया जाता है, वह किशोर मन को प्रभावित करता है। वे अपराध को एक साहसिक कार्य या रोमांच के रूप में देखने लगते हैं। कई बार वे यह भूल जाते हैं कि वास्तविक जीवन में इसके गंभीर और जीवन विनाशक घातक परिणाम होते हैं। तीसरा पहलू शिक्षा व्यवस्था का है। आज शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा और रोजगार तक सीमित हो गया है। नैतिक शिक्षा, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षण लगभग समाप्त हो गया है। शिक्षकों की भूमिका भी अब मार्गदर्शक की बजाय केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करने तक सीमित हो गई है। विद्यालयों में अनुशासन और संवाद का जो वातावरण होना चाहिए, वह धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। इसके अतिरिक्त, समाज में बढ़ती असहिष्णुता और आक्रामकता भी किशोरों को प्रभावित कर रही है। जब वे अपने आसपास छोटे-छोटे विवादों में लोगों को हिंसक होते देखते हैं, तो यह उनके लिए सामान्य व्यवहार बन जाता है। राजनीति, मीडिया और सामाजिक जीवन में बढ़ती कटुता और टकराव की प्रवृत्ति किशोरों के मन में भी उसी प्रकार की प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करती है। किशोर अपराधों के पीछे एक और गंभीर कारण है आपराधिक गिरोहों द्वारा उनका उपयोग। चूंकि कानून में किशोरों के लिए अपेक्षाकृत नरमी होती है, इसलिए अपराधी गिरोह उन्हें अपने कार्यों के लिए मोहरे के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति भी किशोरों को अपराध की ओर धकेलती है। नशे की लत पूरी करने के लिए वे चोरी, लूट और यहां तक कि हत्या जैसे गंभीर अपराध करने से भी नहीं हिचकते। यह भी ध्यान देने योग्य है कि किशोर न्याय से जुड़े कानूनों का लचीलापन कई बार अपराधियों के लिए सुरक्षा कवच बन जाता है। गंभीर अपराधों में संलिप्त होने के बावजूद किशोरों को शीघ्र रिहा कर दिया जाता है, जिससे उनमें कानून का भय समाप्त हो जाता है। इस संदर्भ में यह बहस भी समय-समय पर उठती रही है कि गंभीर अपराधों में संलिप्त किशोरों के लिए वयस्कों जैसा दंड प्रावधान होना चाहिए या नहीं? हालांकि केवल कानून को कठोर बनाना ही समाधान नहीं है। समस्या की जड़ें कहीं अधिक गहरी हैं और इसके समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहले परिवार को अपनी भूमिका को पुनः समझना होगा। बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना, उनके मानसिक और भावनात्मक विकास पर ध्यान देना और उन्हें सही-गलत का अंतर समझाना अत्यंत आवश्यक है। माता-पिता को यह समझना होगा कि केवल भौतिक सुविधाएं प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समय और संस्कार देना अधिक महत्वपूर्ण है। दूसरे, शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, जीवन कौशल और व्यवहारिक प्रशिक्षण को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। शिक्षकों को केवल ज्ञान प्रदाता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरक की भूमिका निभानी होगी। स्कूलों में काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत करना भी जरूरी है ताकि किशोर अपनी समस्याओं को साझा कर सकें। तीसरे, मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझनी होगी। हिंसा और अपराध को महिमामंडित करने के बजाय सकारात्मक और प्रेरणादायक सामग्री का निर्माण किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी कंटेंट की निगरानी और नियंत्रण को सख्ती से लागू करना होगा। चौथे, पुलिस और प्रशासन को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना होगा। केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय, अपराध की रोकथाम पर अधिक ध्यान देना होगा। समुदाय आधारित पुलिसिंग, स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम और किशोरों के साथ संवाद जैसी पहलें प्रभावी हो सकती हैं। ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गयी है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नयी समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? यदि एक किशोर अपराध की राह पर जाता है, तो उसमें कहीं न कहीं परिवार, समाज, शिक्षा और व्यवस्था की भी जिम्मेदारी होती है। आज आवश्यकता है एक समन्वित और संवेदनशील दृष्टिकोण की, जिसमें सरकार, समाज, परिवार और शिक्षा संस्थाएं मिलकर कार्य करें। केवल दंड से नहीं, बल्कि संवाद, संस्कार और सकारात्मक मार्गदर्शन से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह आक्रामकता आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी गंभीर संकट का रूप ले सकती है। इसलिए यह समय चेतने का है, सोचने का है और मिलकर समाधान खोजने का है, ताकि हमारी किशोर पीढ़ी हिंसा की राह छोड़कर सृजन और संवेदना के मार्ग पर अग्रसर हो सके। **–ललित गर्ग**

# जनगणना में प्रवासी मजदूरों की गिनती जरूरी

**अरविन्द मोहन**

तो इस बार के चुनाव में भी मजदूरों के पलायन का सवाल आ ही गया। कैसा भी चुनाव हो, विकसित राज्य का हो या पिछड़े राज्य का, पलायन और प्रवासी मजदूर मुद्दा बन जाते हैं। पिछड़ा बिहार हो या विकसित पंजाब, यह मुद्दा है। दिल्ली में तो प्रवासियों का वोट निर्णायक ही माना जाने लगा है पर इस बार चुनाव न बिहार में है न पंजाब में और न दिल्ली में। केरल में चुनाव है तो वह भी खाली होने लगा है। प्रवासी मजदूर सिर्फ रसोई गैस की तंगी से ही नहीं वोट देने के लिए अपने देश बंगाल और असम लौट रहे हैं। तमिलनाडु में बहुत बिहारी मजदूर हैं तो उनका लौटना खास चरचा में नहीं है क्योंकि अभी वे वहां के वोटर नहीं हैं। केरल में तो आर्थिक जीवन ही नहीं हर तरफ प्रवासी बिहारी, झारखंडी, बंगाली और असमिया या ओडिया मजदूरों का श्राज्य है। उनके हिसाब से सस्ते होटलों का खाना बनता है, सिनेमा दिखाया जाता है, बसों पर हिन्दी और बांग्ला में तख्तियां लगाकर उनके आने-जाने के स्थान की सूचना दी जाती है, कमरों का किराया तय होता है और उनके बंगाल और असल लौटने की वजह मतदाता सूचियों का बृहद संशोधन और उस नाम पर लोगों के नाम काटने जोड़ने का खेल भी एक वजह है। कई तो अपने अपूर्ण या विवादित दस्तावेज की गवाही के लिए पहले आ गए हैं लेकिन ज्यादातर को लगता है कि वोट गिराने से उनकी नागरिकता पुख्ता होगी। इस बार प्रवासी मतदाताओं की उस तरह लल्लो-चप्पों नहीं हो रही है जैसा अक्सर अब बिहार या दिल्ली या फिर पंजाब चुनाव में दिखाई देता है। वहीं क्यों? अब तो मुंबई और सूरत वगैरह में भी चुनाव के समय भी प्रवासियों की आवाजाही और वोट का सवाल प्रमुख बनता है। पार्टियां उनके लिए खास तौर से उन राज्यों के अपने नेताओं को जिम्मा सौंपती है। मोटा फंड भी दिया जाने लगा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लोग भी पेड लीव और रिटर्न प्लेन टिकट के साथ अपने शहर भेजे जाते हैं। मजदूरों को साड़ी, बिंदी सहित छुट्टी के साथ घर भेजा जाता है। पिछले बिहार चुनाव में दिल्ली और हरियाणा से स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई गईं और मजदूरों को मुफ्त में लाया-ले जाया गया। भाजपा ने यह काम किया तो विपक्ष को इसे मुद्दा बनाने का मौका मिला। इस बार न पक्ष सक्रिय है न विपक्ष। सारा जतन प्रवासियों को खुद करना है। हां, इतना जरूर हुआ है कि बार-बार दिखने वाली दुर्दशा के चलते इस बार मीडिया, खासकर सोशल मीडिया में मजदूरों की घर वापसी एक मुद्दा बनकर सामने आई है। इसमें मुख्य मसला रसोई गैस के संकट का है पर किसी बहाने अगर समाज को इनकी सुध आने लगी है तो यह शुभ लक्षण है। बीते काफी वर्षों से इन अभागे मजदूरों के हिस्से जो जलालत और परेशानी की जिंदगी रही है उसमें ऐसे मौके-कुमौके की चर्चा से ज्यादा बदलाव नहीं आना है। उससे न तो अमीर और गरीब इलाकों के विकास का क्रम उलटेगा और न इस फासले से पैदा होने वाले पलायन के हालात। हमारा विकास ऐसे ही आड़ा-तिरछा बढ़ता गया है और उसी क्रम में मजदूरों का पलायन भी। प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक इस क्रम को इंटरनल कालोनी वाले तर्क से समझाने की कोशिश करते थे और सिर्फ चुनाव के वक्तनेताओं और भाग्य विधाताओं को इन मजदूरों की याद इसलिए आती हैं क्योंकि इनका वोट है। चुनावी लोकतंत्र में यह चीज इतनी बड़ी है जिसकी कल्पना आसानी से नहीं होती और आज इसी चीज को संदेहास्पद बनाने का जतन भी हो रहा है। जरा कल्पना कीजिए कि अगर यह अधिकार न होता तो इन मजदूरों की सुध लेने का होश किस नेता और अधिकारी को रहता? वर्षों पहले राजीव गांधी की सरकार ने एक अंतरराज्य प्रवासी मजदूर कानून बनाकर कुछ चीजें व्यवस्थित करने का प्रयास किया था तो वह बात जाने कहां पीछे छूट गई है। इसमें अपने प्रांत से बाहर जाने वाले मजदूरों के पंजीकरण की बात थी। इस लेखक की भी राय है कि अगर सिर सही संख्या सामने आ जाए तो कोई भी सरकार और नेता इनकी उपेक्षा करने का साहस नहीं कर सकता। फिर कोरोना की तालाबंदी में इन लाखों मजदूरों की जो दुर्गति हुई थी वह भी थमती। अभी इस लेख को लिखने का प्रयोजन चुनाव और मजदूरों की आवाजाही बढ़ाने या तकलीफों को बताने का नहीं है। हम जानते हैं कि लंबे इंतजार और सात-आठ साल की देरी से अभी जनगणना का काम शुरू हुआ है। घर गिनती से शुरुआत हुई है। अभी तक अपने यहां मजदूरों के पलायन का कोई ढंग का या अधिकृत आंकड़ा नहीं है। जब घर-घर जाकर सबको गिनने का क्रम चल रहा है तो इस श्रेणी को भी पर्याप्त महत्व देकर अलग स्थान दिया जाए। यह काम किसी एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से नहीं होगा, घर-घर जाकर ही होगा। अपने यहां जनगणना लगातार दस साल पर हुई है, सिर्फ इसी बार क्रम तोड़ा गया है।

## सेहत मंत्र

# कंधे में दर्द से परेशान हैं तो यह उपाय तुरंत राहत दिलाएंगे

जब भी आप गलत तरीके से सोते हैं या फिर आवश्यकता से अधिक व्यायाम करते हैं तो आपके कंधे में दर्द होने लगता है। कभी-कभी कुछ भारी सामान उठाने के कारण भी कंधों में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर देखने में आता है कि लोग इसकी अनदेखी करते हैं और एक या दो दिन में यह दर्द खुद-ब-खुद ठीक हो जाता है। लेकिन अगर आपको समय के साथ अपने दर्द में आराम का अहसास न हो तो यह बेहद आवश्यक है कि आप इस दर्द को ठीक करने के लिए कुछ उपाय करें। तो चलिए आज हम आपको ऐसे ही कुछ उपायों के बारे में बताते हैं- सिंकाईः दर्द को दूर करने में आप सिंकाई की मदद ले सकते हैं। कंधों में दर्द से आराम के लिए आप ठंडी सिंकाई करें। ठंडी सिंकाई दर्द के क्षेत्र में उत्तकों को सुन्न करने में मदद करता है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। ठंडी सिकाई करने के लिए आप एक प्लास्टिक बैग में बर्फ के कुछ टुकड़े डालें और फिर उस बैग को एक पतले टावल में लपेट दें। इस टावल को दर्द वाले स्थान पर रखें। आप चाहें तो ठंडे पानी में तौलिया डुबोकर उससे भी सिकाई कर सकते हैं। इससे भी आपको काफी राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त गर्म सिंकाई भी कंधों के दर्द में आराम दिलाती है, लेकिन यह सिंकाई आप तभी करें, जब किसी चोट के कारण आपको कंधे में दर्द हो और चोट लगने के 48 घंटों के भीतर ही गर्म सिंकाई करें। कंप्रेशन : दर्द को कम करने में कंप्रेशन भी एक असरदार तरीका है। कंप्रेशन न सिर्फ दर्द वाले स्थान पर दबाव डालता है, बल्कि इसके चलते आपके हाथों को एक सपोर्ट भी मिलता है। जिससे आप अपने हाथों को अच्छी तरह मूव कर पाते हैं। इसके लिए आप इलास्टिक बैंडेज की मदद से अपने दर्द वाले स्थान को बांधें। यह बैंडेज आपको केमिस्ट शॉप से आसानी से मिल जाती है। कुछ दिन लगातार इस उपाय को करने से दर्द व सूजन में काफी हद तक राहत मिलती है। लेकिन बैंडेज बांधते समय ध्यान रखें कि आप इसे बहुत अधिक जोर से न बांधें अन्यथा इससे ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है और आपकी स्थिति बद से बदतर हो जाती है। मसाज : जब आप हल्के हाथों से दर्द वाले स्थान पर मसाज करते हैं तो इससे आपका ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। ब्लड सर्कुलेशन के बेहतर होने से आपके क्षतिग्रस्त उत्तकों को रिपेयर होने में काफी कम वक्त लगता है। इस प्रकार आपके कंधों का दर्द व सूजन भी ठीक हो जाता है। मसाज करने के लिए आप नारियल, सरसों या ऑलिव ऑयल को हल्का गर्म करके इस्तेमाल कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# श्रीकृष्ण के तीन पौराणिक मंत्र किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देते

भगवान श्रीकृष्ण संबंधी मंत्र तो बहुत हैं लेकिन कुछ खास मंत्रों का ही प्रचलन और महत्व है। यहां प्रस्तुत हैं कृष्ण के सरल एवं पौराणिक मंत्र सभी मंत्र को जपने से पूर्व एक बार ? श्री कृष्णाय शरणं मम। मंत्र का उच्चारण अवश्य करें। पहले मंत्र के लिए पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। स्नान पश्चात कुश के आसन पर बैठकर सुबह और शाम संध्या वंदन के समय उक्त मंत्र का 108 बार जाप करें। यह मंत्र जीवन में किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देगा।

**कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने, प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः॥** दूसरा मंत्र संकटकाल में दोहराया जाता है। जब कभी भी व्यक्ति को आकस्मिक संकट का सामना करना पड़ता है तो तुरंत ही पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ उक्त मंत्र का जाप कर संकट से मुक्ति पाई जा सकती है। **नमः भगवते वासुदेवाय कृष्णाय, क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः।** तीसरा मंत्र निरंतर दोहराते रहना चाहिए। उक्त मंत्र को चलते-फिरते उठते-बैठते और कहीं भी किसी भी क्षण में दोहराते रहने से कृष्ण से जुड़ाव रहता है। इस तरह से श्री कृष्ण का निरंतर ध्यान करने से व्यक्ति कृष्ण धारा से जुड़कर मोक्ष प्राप्ति का मार्ग पुष्ट कर लेता है।

**'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे।, हरे राम हरे राम, राम-राम हरे-हरे।** कृष्ण मंत्रों का महत्व-उक्त मंत्र के महत्व को समझते हुए अन्य की ओर जो अपना मन नहीं लगाता वह कृष्ण की शरण में होता है और जो कृष्ण की शरण में है उसे किसी भी प्रकार के रोग और शोक सता नहीं सकते।

## पर्यटन



# एडवेंचर एक्टिविटीज करने के साथ लें मौसम का मज़ा, हिमाचल में बसे इस मनोरम जगह जाकर

शिमला से तकरीबन 54 किमी. दूर स्थित लगभग अनछुई जगह है तत्तापानी। यहां रोमांचक गतिविधियों के संग आप इन दिनों मना सकते हैं बारिश का उत्सव। रिमझिम बारिश की फुहारों के साथ बादलों की अठखेलियां मन मोह लेती हैं। ऐसे में इस अनछुई, प्यारी जगह का दीदार करना किसी शानदार सौगात से कम नहीं। यहां सतलुज नदी की ठंडी धारा के बीच 70 डिग्री सेल्सियस के तापमान वाला गर्म पानी का सोता निरंतर बह रहा होता है। इसे आज से 20 साल पहले यहां के स्थानीय लोगों के अलावा कोई जानता तक नहीं था। ऐसे में यहां के निवासी प्रेम कुमार रैना, जिनका घर नदी के बिलकुल पास हुआ करता था, उन्होंने एक दिन इस कीमती धरोहर को पहचाना। आज प्रेम कुमार रैना 'हॉट वाटर स्प्रिंग' नाम से एक नेचुरोपैथी वेलनेस सेंटर भी चलाते हैं, जहां दूर-दराज से लोग स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं। आयुर्वेद और नेचुरोपैथी के जरिए लोग अनेक रोगों से मुक्ति पाते हैं। हिमालय के ऊपरी इलाकों के निवासी जोड़ों के दर्द से राहत पाने हर साल यहां आते हैं। मान्यता है कि यह स्थान वास्तव में देवों का स्थान रहा है। यहां पांडवों ने वास किया, ऋषियों ने तपस्या की, इसीलिए यहां कदम-कदम पर चमत्कार देखने को मिलते हैं। तत्तापानी के स्थानीय लोग इस स्थान को महर्षि जमदग्नि की तपोभूमि मानते हैं। महर्षि अपनी पत्नी रेणुका और पुत्र परशुराम के साथ यहां तत्तापानी के आसपास रहा करते थे। इह जगह का धार्मिक अनुष्ठानों के लिए बहुत महत्व है। यहां हर साल माघ मेला लगा करता है। शिमला से तत्तापानी की दूरी लगभग दो घंटे में पूरी होती है, लेकिन इन रास्तों पर ड्राइव का मजा दूरी का एहसास नहीं होने देता। रास्ते में इतने सुहाने नजारे मिलते हैं कि आप मुग्ध हो जाएंगे। चूंकि शिमला से यह पूरा रास्ता उतराई की तरफ है, इसलिए पहाड़ों का नजारा बहुत आकर्षक है। इन रास्तों में कई धार्मिक स्थल पड़ते हैं, जिन्हें देखते हुए आगे बढ़ने में आनंद आता है। देश और दुनिया से बहुत सारे बाइकर ग्र्रुप इस घाट पर ड्राइव करने आते हैं। किन्नौर और काजा जाने वाले भी इसी रूट को पसंद करते हैं। अगर आप ट्रेकिंग के शौकीन हैं तो यह जगह आपके लिए स्वर्ग के समान है। देवदार के जंगलों के बीच ट्रेकिंग करने का अलग ही मजा है।

# नीति आयोग अधिकारी ने निंदूरा ब्लॉक का निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। नीति आयोग के अतिरिक्त निदेशक महेंद्र कुमार ने आकांक्षी विकासखंड का निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य व बाल विकास योजनाओं की समीक्षा की। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, लैब व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा सीएचसी घुंघटेर में स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की गई। अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। उपस्थितः महेंद्र कुमार, आलोक वर्मा, सुषमा सेंगर, अलकमा बानो, भानु प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी ।



# दो दिवसीय महाप्रशिक्षण अभियान का शरद ने किया शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान की शुरुआत किशुनपुर स्थित के पी पैलेस में हुई।कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता शरद कुमार अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से जोड़ना संगठन को मजबूत करना और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए तैयार करना है।प्रशिक्षण में मंडल व सेक्टर स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संगठन विस्तार नीतियों की समझ और जनसंपर्क को मजबूत करने पर जोर दिया।

## गौरैया के लिए संवेदनशील पहल, कटका क्लब ने लगाए जलपात्र और घोंसले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा उमरी (नगरहवा) सुदनापुर बाजार में ल्लगौरैया आओ मेरे देशङ्क अभियान के अंतर्गत पक्षियों के संरक्षण हेतु एक सराहनीय पहल की गई। अभियान के तहत बाजार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए जलपात्र स्थापित किए गए तथा उनके रहने के लिए घोंसलों की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व विभु शुक्ल ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश प्रभारी डॉ. ऋषभदेव शुक्ला ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और पर्यावरणीय असंतुलन के कारण गौरैया जैसे छोटे पक्षियों की संख्या लगातार घट रही है। ऐसे में यह अभियान न केवल जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है, बल्कि लोगों को पक्षी संरक्षण के प्रति प्रेरित भी कर रहा है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में जलपात्र अवश्य रखें और पक्षियों के लिए सुरक्षित व अनुकूल वातावरण बनाने में सहयोग करें। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों को बचाने का संकल्प लिया और संस्था के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वही कार्यक्रम के दौरान बृजेंद्र मिश्र,रवि शंकर शुक्ल,राघवेन्द्र शुक्ला,सौम्य शुक्ला,डॉ शिखा शुक्ला, श्रेया शुक्ला,श्रीमती राजकुमारी शुक्ला, सुशांत शुक्ला, शुभांशी शुक्ला, शौर्य शुक्ला, तेजस्व शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।



## विकासखंड बंकी, विकास कार्य ठप, पंचायत सचिव का टोटा, दाल में काला आम चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद के विकासखंड बंकी अंतर्गत छह ग्राम पंचायतों–बहादुरपुर, दरहरा, महुआ मऊ, पाराखंदौली, फतेहसराय और अकबराबाद–में पिछले तीन महीनों से ग्राम पंचायत सचिव का पद खाली पड़ा है। 6 जनवरी 2026 को तत्कालीन सचिव मधुलिका वर्मा के निलंबन के बाद अब तक किसी नई नियुक्ति न होने से प्रशासनिक और विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सचिव के अभाव में जहां पंचायतों के जरूरी कार्य ठप पड़े हैं, वहीं पंचायत सहायकों, केयरटेकरों और ग्राम प्रधानों को भी मानदेय नहीं मिल पा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है, ऐसे में ऑडिट और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी संकट गहराता जा रहा है।

ग्रामीणों की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल जैसे बुनियादी कार्यों के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि छोटे-छोटे कामों के लिए भी उन्हें कई बार ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उधर, ग्राम प्रधानों ने कई बार बीडीओ, डीपीआरओ, सीडीओ, डीएम, विधायक, सांसद समेत संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सचिव की तैनाती की मांग की, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। इससे जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार यदि जल्द ही सचिव की नियुक्ति नहीं की गई तो ग्राम पंचायतों के लोग और जनप्रतिनिधि मिलकर ब्लॉक मुख्यालय पर ताला बंदी कर धरना-प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं।

स्थिति गंभीर, समाधान की दरकार

लगातार तीन माह से प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हो रही इन पंचायतों में अब हालात गंभीर होते जा रहे हैं। ऐसे में जल्द से जल्द सचिव की नियुक्ति कर व्यवस्था को पटरी पर लाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

### जेबकतरे को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस के हवाले

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पिपरौली गांव निवासी किसान मेंहदी हसन से बाबा कुटी बाजार में 15 हजार रुपये की जेबकतरी करने वाले युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। किसान ने आलू बेचकर मिले रुपये जेब में रखे थे, तभी आरोपी ने चोरी कर ली। शक होने पर पीछा किया गया और शोर मचाने पर दुकानदारों की मदद से आरोपी पकड़ा गया। तलाशी में रुपये बरामद हुए। पुलिस आरोपी को थाने ले गई, जहां उसने अपना नाम तिषाल निवासी विदिशा (मध्य प्रदेश) बताया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने बताया उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### आईएएस गुंजिता नवाबगंज की नई एसडीएम

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रशासनिक कार्यों को सुचारु बनाने के लिए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों के तबादले किए हैं जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।गुंजिता अग्रवाल आईएएस को रामनगर से नवाबगंज का उप जिलाधिकारी बनाया गया है वहीं नवाबगंज के उप जिलाधिकारी आनंद कुमार तिवारी को रामनगर भेजा गया है।प्रशासन का मानना है कि इस फ़ेरबदल से कार्यों में तेजी और बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा आम जनता को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

### चंदवारा में तालाब पर अतिक्रमण, प्रशासन मौन

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मनरेगा योजना के तहत खुदवाये गये तालाब को पाट कर तालाब का आस्तित्व मिटाने मे लगे अतिक्रमणकारियों की शिकायत ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी से की है। मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवारा का है राजस्व अभिलेखों मे दर्ज गाटा संख्या 382 'कुईया गडही' का मनरेगा योजना के तहत खुदाई की गयी है आबादी के निकट तालाब होने के कारण गाँव के सर्वेश कुमार, अनिल कुमार पुत्रगण नन्हेंलाल अयोध्या प्रसाद, बलराम और गया प्रसाद ने कथित तौर पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। आरोप है कि इन लोगों ने तालाब को पाटकर उसके अस्तित्व को समाप्त करने मे लगे हुए है। ग्राम प्रधान रमेशचंद्र जयसवाल ने कई बार अतिक्रमण कार्यों को सचेत किया।
ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी से अपील की है कि वे इस अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटवाने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### गेहूं की 60 बीघा फसल जलकर राख

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखईपुर व धौरहरा के बीच खेतों में लगी आग से करीब 60 बीघा गेहूं की फसल जल गई। दमकल देर से पहुंचने पर किसानों में नाराजगी रही। प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

### बाराबंकी में हार्ट क्लिनिक शुरू, मरीजों को बड़ी राहत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। डिवाइन धनवन्तरी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में हार्ट क्लिनिक सेवाओं का शुभारंभ हुआ। यहां विशेषज्ञ परामर्श, जांच और आधुनिक उपचार की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। डॉ. ए.के. श्रीवास्तव ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद व पंचकर्म के जरिए समग्र उपचार पर भी जोर दिया जाएगा। डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. आशीष अस्थाना, डॉ. अमल एस. बाबू, डॉ. अनीता श्रीवास्तव, डॉ. मुकेश प्रताप, सचिन कुमार वर्मा, राजकुमार वर्मा व अन्य स्टाफ सक्रिय उपस्थित रहा।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

बाराबंकी। अयोध्या–लखनऊ हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से रामविलास (36) गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेंटर में उनकी मौत हो गई। वह खेत से लौट रहे थे और अपने पीछे पत्नी व चार छोटे बच्चों को छोड़ गए।

### समाधान दिवस में तीन शिकायतें, एक का मौके पर निस्तारण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें एक का मौके पर समाधान किया गया। शेष के लिए टीम गठित की गई। अधिकारियों ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उपस्थितः उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी व अन्य अधिकारी ।

### स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक विद्यालय लोधपुरवा में बच्चों के शत–प्रतिशत नामांकन हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। छात्र–छात्राओं ने शिक्षा के महत्व पर नारे लगाए और अभिभावकों को प्रेरित किया।प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ, एआरपी श्याम जी, गीता, परवीन, क्षमा मिश्रा व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### पुलिस ने चोरी की बाइक व आरोपी पकड़े

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर पुलिस ने दो मामलों में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को चोरी की बाइक सहित और दूसरे को 15 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया।
दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। कोतवाल मनोज सोनकर, उपनिरीक्षक निष्कर्ष चौरसिया, अमरीश वर्मा व पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना की जा रही।

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति फ़ेज–5 के तहत एचएमएस पब्लिक इंटर कॉलेज में छात्राओं को सुरक्षा, साइबर अपराध व कानूनों की जानकारी दी गई। हेल्पलाइन नंबरों व सरकारी सेवाओं के बारे में भी बताया गया।योगेंद्र मिश्रा, अखिलानंद शुक्ला, सोनम शर्मा, लक्ष्मी अनुराधा बाजपेई, इफ्तिखार अहमद, कमाल अहमद व अन्य उपस्थित रहे।

### कुर्सी थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी–लूट से लोगों में आक्रोश

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र में दो माह में आधा दर्जन चोरी व लूट की घटनाएं हुईं, लेकिन पुलिस अब तक किसी का खुलासा नहीं कर सकी। कई मामलों में रिपोर्ट भी दर्ज नहीं हुई, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।स्थानीय पीड़ित, व्यापारी व ग्रामीणों मे भारी आक्रोश है।

### व्यापारियों का हुआ सम्मान

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विगत 19 मार्च भारतीय हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के दिशा निर्देशन में चौक घंटा पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आज संगठन के सभी मुख्य पदाधिकारियों ने उक्त आयोजन में शामिल स्पोंसर व्यापारियों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया जिसमें मुख्य रूप से रणजीत सिंह शेमफ़ोर्ड पब्लिक स्कूल, प्रमोद पांडेय लिटिल फ्लावर स्कूल, सुरेश सोनी यशराज ज्वेलर्स, सुधीर अग्रहरि दास ज्वैलर्स,परितोष कसौधन राम लखन मैरिज पॉइंट, धर्मेंद्र सिंह एमडी ग्रुप, महेंद्र पाल सिंह मेहमान होटल, शशांक मिश्रा एसकेएम स्कूल, राम सहाय मिश्रा मिश्रा कैटरर्स, हर्षित गुप्ता

## पुलिस ने गस्त कर बाजार में हटवाया अतिक्रमण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । अयोध्या मार्ग वजीर गंज बजार की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पुलिस ने दुका नदारों को चेतावनी दी है।थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय ने गस्त के दौरान दुकानदारों से कहाकि फु टपाथ पर से कब्जा स्वयं हटा लें।जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। फुटपाथ खाली रखें।जिससे ग्राहकों को दुकान त क आने में सुविधा रहे।सड़क पर जाम भी न लगे। कहाकि धूप व बारिश से बचाव के लिए दुकान के आगे टीन सेड लगा सकतें हैं, लेकिन पांच फीट से अधिक न रहे।अतिक्रमण स्वयं हटा लें।वजीर गंज बजार गोंडा-अयोध्या मार्ग पर पुलिस टीम ने गस्त किया और सड़क से आक्रमण को हटवाया।

## यूपी पीसीएस में 16वीं रैंक प्राप्त शिवांकी दूबे का विद्यालय में भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लंभुआ/सुल्तानपुर। शनिवार को स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज, गोपालपुर मधैया में उस समय गर्व और उत्साह का माहौल बन गया जब उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपी पीसीएस) परीक्षा में 16वीं रैंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाशाली छात्रा शिवांकी दूबे प्रातः प्रार्थना सभा के अवसर पर विद्यालय पहुंचीं। विद्यालय प्रांगण में उनके आगमन पर समस्त विद्यालय परिवार द्वारा ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं एवं पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस सम्मान से अभिभूत होकर शिवांकी दूबे ने विद्यालय परिवार के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया। शिवांकी दूबे पुत्री गौरी शंकर दूबे ग्राम गोपीनाथपुर, ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय शंकर शुक्ल एवं सभी गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया।उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 2012 में हाई स्कूल तथा 2014 में इंटरमीडिएट की परीक्षा इसी विद्यालय से उत्तीर्ण की थी। तभी से उन्होंने अपने लक्ष्य को निर्धारित कर निरंतर प्रयास करते हुए आज यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने शिवांकी दूबे की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विद्यालय एवं जनपद के लिए गौरव का क्षण बताया।



# विधायक ने दो खिलाड़ियों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जयसिंहपुर/सुलतानपुर। क्षेत्र के दो होनहार खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। शुभम धुरिया 67 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल व प्रियाल धुरिया 36 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल दोनों खिलाड़ी मडई, परगना बरौंसा, जयसिंहपुर, सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) के निवासी हैं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल से क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक राज बाबू उपाध्याय ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए वह हर संभव सहयोग देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। विधायक ने यह भी विश्वास जताया कि गांव के प्रधान एवं ब्लॉक प्रमुख भी इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ खड़े रहेंगे और उनके विकास में पूरा सहयोग देंगे। इस सफलता के पीछे आर्म बॉक्सिंग के डायरेक्टर नसरुद्दीन का भी बड़ा योगदान रहा है, जिनके मार्गदर्शन में यह खिलाड़ी तैयार हुए हैं। उनकी क्लासेस सुल्तानपुर के मुंशी प्रेमचंद पार्क, बढ़िया वीर में लगातार संचालित हो रही हैं, जहां बच्चों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए और अधिक मेडल जीतकर वापस आएं। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि उनकी इस उपलब्धि पर पूरे गांव में भव्य स्वागत किया जाएगा।

जयसिंहपुर के इन उभरते सितारों ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से गांव के बच्चे भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकते हैं। क्षेत्रवासियों को इन पर गर्व है और सभी इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।



## शासनादेश को ठेंगे पर रख कर कमला इंडियन गैस एजेंसी कर रहा मनमानी

कुड़वार/सुल्तानपुर। क्षेत्र स्थित कमला इंडियन गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे है। एजेंसी पर दिन भर लंबी लाइन लगी रहती है डीएसी नंबर होने के बावजूद रहने भी उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे उपभोक्ता निराश होकर वापस लौट रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन सिलेंडर बुक किया है उनका डीएसी नंबर मिलान कर गैस की पासबुक और 970/-? ले लिया जाता है और सिलेंडर 10 दिन बाद लेने के लिए कहा जाता है। जबकि पासबुक और एडवांस में पैसा लेने का कोई प्रावधान नहीं है। जबकि दूसरी ओर कालाबाजारी करने वालों के पास घरेलू गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि जब आम उपभोक्ता को गैस नहीं मिल रही, तो अवैध रूप से सिलेंडर कैसे उपलब्ध हो जा रहे है। क्षेत्र में कई दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडर का खुलेआम व्यावसायिक उपयोग कर रहे है। इस पर एजेंसी कर्मचारियों का कहना है कि होटल संचालक अन्य उपभोक्ताओं के नाम पर सिलेंडर बुक कराकर उठा ले जाते हैं।

# अपने गढ में आरसीबी के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी मुंबई इंडियंस

एजेंसी



मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग में अपने अभियान की धीमी शुरूआत के बाद मुंबई इंडियंस रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से खेलेगी तो उसका लक्ष्य अपने गढ में जीत की राह पर लौटने का होगा।

तेरह सत्र में पहली बार मुंबई ने आईपीएल में जीत के साथ शुरूआत करते हुए दो सप्ताह पहले यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। पांच बार की चैम्पियन टीम हालांकि उसके बाद लय कायम नहीं रख सके और दूसरे मैदान पर दोनों मैच बड़े अंतर से हारने के बाद अब खराब रन रेट ( माइनस 0 . 715) के साथ आठवें स्थान पर है। रोहित शर्मा को कुछ समय के लिये आरेंज कैप भी मिली लेकिन बल्लेबाजी मुंबई की चिंता का सबब है और आरसीबी जैसे दमदार प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक ईकाई के रूप में उसे अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। मैच टाइम कम रहने के बावजूद रोहित ने अब तक मुंबई के लिये सर्वाधिक रन बनाये हैं लेकिन मध्यक्रम में तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव नहीं चल पा रहे। सूर्यकुमार ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक बनाया लेकिन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अगले मैच में नाकाम रहे। कप्तान हार्दिक पंड्या का बल्ला अभी तक चला नहीं है। गुवाहाटी में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर मुंबई के बल्लेबाज लय को तरसते रहे जबकि रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने आक्रामक पारियां खेली। जसप्रीत बुमराह जैसे दिग्गज गेंदबाज की भी उन्होंने धुनाई कर दी और पावरप्ले के 3 . 2 ओवर में ही 59 रन जोड़ दिये। मुंबई के पास एक और विकल्प बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर को लाने का है जबकि इंग्लैंड के हरफनमौला विल जैक्स अभी पहुंचे नहीं हैं। मुंबई को बखूबी पता है कि पिछला मैच हारने के बाद आरसीबी वापसी की पूरी कोशिश करेगी। सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल की बेहतरीन पारियों के दम पर रॉयल्स ने उसे छह विकेट से हराया है। बल्लेबाजों की मददगार पिच पर आरसीबी के पास कई बेहतरीन बल्लेबाज हैं। कप्तान रजत पाटीदार (142) , विराट कोहली (129) और देवदत्त पडिक्कल (125) ने अच्छी पारियां खेली है जबकि टिम डेविड (99), रोमारियो शेफर्ड और वेंकटेश अय्यर फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। जोश हेजलवुड की वापसी से गेंदबाजी मजबूत हुई है जो भुवनेश्वर कुमार के साथ नयी गेंद संभालेंगे।

# अल्काराज और सिनर सेमीफाइनल में

एजेंसी





मोंटे-कार्लो। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और नंबर दो खिलाड़ी जानिक सिनर मोंटे-कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुँच गए हैं। अल्काराज ने शुक्रवार को अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरे साल इस टूर्नामेंट के सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई। स्पेनिश खिलाड़ी को मार्च में मियामी में सेबेस्टियन कोर्डा के हाथों तीसरे दौर में निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस हफ़्ते मोनाको में क्ले कोर्ट पर वापसी करते हुए वह काफ़ी सहज दिखे। अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज़ और टॉमस मार्टिन एचेवेरी को हराने के बाद, अल्काराज़ ने आठवीं वरीयता प्राप्त बुब्लिक के ख़िलाफ़ अपनी परीक्षा पास कर ली; बुब्लिक पहली बार इस स्पेनिश खिलाड़ी का सामना कर रहे थे। फ़ुटबॉल जगत के दिग्गज पाओलो डि कैनियो की मौजूदगी में खेले गए एक रोमांचक शुरुआती सेट में, अल्काराज ने बुब्लिक की विविधताओं और गेंद पर उनकी पकड़ का बखूबी सामना किया, और कई बार 'चूहे-बिल्ली' जैसे रोमांचक खेल में 28 वर्षीय बुब्लिक को अपनी चालों से मात दी। नंबर 1 खिलाड़ी ने इसके बाद कोर्ट रेनियर ाा पर दूसरे सेट में ज़बरदस्त खेल दिखाते हुए अपनी 300वीं टूर-स्तरीय जीत हासिल की। अल्काराज अब मोंटे-कार्लो में अपने खिताब को सफलतापूर्वक बचाने से बस दो जीत दूर हैं; पिछले साल चैंपियनशिप मैच में लोरेंजो मुसेटी को हराकर उन्होंने पहली बार क्ले-कोर्ट एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में जीत हासिल की थी। 22 वर्षीय अल्काराज़ का अगला मुकाबला शनिवार को सेमी-फ़ाइनल में मोनेगास्क स्टार वैलेंटीन वैचेरोट से होगा। वैचेरोट ने मोंटे-कार्लो मास्टर्स में अपना ऐतिहासिक सफर जारी रखा, जहां वह प्रिंसिपिलिटी में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले मोनेगास्क खिलाड़ी बने। कोर्ट रेनियर ाा पर शोर मचाती भीड़ के समर्थन से, वैचेरोट ने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया और अपनी चौथी शीर्ष 10 जीत हासिल की। इस बीच नंबर दो जानिक सिनर ने फ़ेलिक्स ऑगर-एलियासिम को आसानी से हराकर अपने 2026 सीज़न में एक और एटीपी मास्टर्स 1000 का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। एटीपी रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ऑगर-एलियासिम को 6-3, 6-4 से हराकर अलेक्जेंडर ज़्वेरेव के साथ अंतिम चार में मुकाबले की तैयारी कर ली है।

# बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप: आयुष शेट्टी ने विश्व नंबर एक कुनलावुत वितिदसार्न को हराकर रचा इतिहास

एजेंसी



नई दिल्ली। बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के पुरुष एकल वर्ग में भारत के युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ा उलटफ़ेर किया। उन्होंने शनिवार को मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर एक कुनलावुत वितिदसार्न को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ आयुष इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में पहुंचने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए हैं। इससे पहले भारत के लिए इस प्रतियोगिता में दिनेश खन्ना ने वर्ष 1965 में स्वर्ण पदक जीता था। उसके बाद सुरेश गोयल, प्रकाश पादुकोण, पुलेला गोपीचंद, अनुप श्रीधर और एच. एस. प्रणय ने अलग-अलग वर्षों में कांस्य पदक हासिल किया था, लेकिन कोई भी खिलाड़ी फाइनल तक नहीं पहुंच सका। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने यह मुकाबला एक घंटे पंद्रह मिनट में 10-21, 21-19 और 21-17 से जीता। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना चीन के शि यू ची या चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन में से किसी एक खिलाड़ी से होगा। यह आयुष और वितिदसार्न के बीच दूसरी भिड़ंत थी। पिछली बार दोनों का सामना आर्कटिक ओपन में हुआ था, जिसमें थाई खिलाड़ी ने जीत दर्ज की थी। इस मुकाबले में भी वितिदसार्न ने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया, लेकिन इसके बाद आयुष ने जबरदस्त वापसी की। दूसरे गेम में आयुष ने मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाया और बढ़त हासिल की। हालांकि विरोधी खिलाड़ी ने वापसी की कोशिश की, लेकिन आयुष ने निर्णायक अंक लेकर मुकाबले को तीसरे गेम तक पहुंचाया। अंतिम गेम में आयुष ने शुरू से ही बढ़त बनाए रखी और शानदार स्मैश के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इससे पहले आयुष ने शुरुआती दौर में विश्व नंबर सात ली शी फेंग को हराया था। उसके बाद उन्होंने ची यू जेन को सीधे गेमों में पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने विश्व नंबर चार जोनाथन क्रिस्टी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। अब पूरे देश की नजरें आयुष पर टिकी हैं, जो फाइनल में इतिहास रचने के इरादे से उतरेंगे।

# एलएसजी के लिए घरेलू रिकॉर्ड चिंता का विषय, गुजरात के खिलाफ लय बनाने की करेगा कोशिश

एजेंसी




लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को मुकुल चौधरी के रूप में एक नया स्टार मिल गया है, लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले उसके लिए घरेलू मैदान पर खराब रिकॉर्ड बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। एलएसजी और गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक रन की रोमांचक जीत दर्ज की थी जिससे उसने अपना खाता भी खोला। एलएसजी ने सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ उनके मैदानों पर प्रभावशाली जीत दर्ज की। हालांकि एलएसजी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। उसे अगर इसे अपना मजबूत गढ़ बनाना है तो खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। एलएसजी ने पिछले सत्र में यहां खेले गए आठ मैचों में से छह में हार झेली थी। इसमें लगातार पांच मैचों में हार शामिल हैं। यही कारण रहा कि वह पिछले साल सातवें स्थान पर रहा था। उसने इस मैदान पर खेले गए 22 मैचों में से केवल नौ में ही जीत हासिल की है। मौजूदा सत्र में भी उसके घरेलू मैदान पर पहले मैच में बल्लेबाजों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और दिल्ली कैपिटल्स ने उसे 141 रन पर आउट करके छह विकेट से जीत हासिल की थी। एलएसजी का यह घरेलू मैदान पर इस सत्र का दूसरा मैच होगा और वह यहां अपना जीत का रिकॉर्ड सुधारने के लिए बेताब होगा। एलएसजी का केकेआर के खिलाफ पिछला मैच विशेष रूप से यादगार रहा, जिसमें मुकुल के रूप में एक नए 'फिनिशर' का उदय हुआ। राजस्थान के 21 वर्षीय बल्लेबाज मुकुल ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और अपने आदर्श महेंद्र सिंह धोनी का पसंदीदा हेलीकॉप्टर शॉट सहित कई तरह के शॉट लगाकर क्रिकेट जगत का अपनी तरफ खींचा। एलएसजी के लिए एक और सकारात्मक पहलू आयुष बडोनी की फॉर्म में वापसी है, जिन्होंने केकेआर के खिलाफ अर्धशतक लगाया था। इस तरहसे एलएसजी का बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत नजर आ रहा है जिसमें मिचेल मार्श, एडन मार्क्रम, कप्तान ऋषभ पंत और निकोलस पूरन भी शामिल हैं। यह मैच दोपहर में खेला जाएगा और यहां की धीमी पिच पर गुजरात के राशिद खान और वाशिंगटन सुंदर का मुकाबला करना आसान नहीं होगा। राशिद ने दिल्ली के खिलाफ 17 रन देकर तीन विकेट लिए और अपनी टीम की एक रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। राशिद पिछले साल अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए वह आलोचकों के निशाने पर थे लेकिन पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन से उन्होंने करारा जवाब दिया। गुजरात टाइटंस के लिए इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जोस बटलर की फॉर्म में वापसी और कप्तान शुभमन गिल का चोट से उबरकर अर्धशतक जमाना सकारात्मक संकेत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पंद्रह बरस की उम्र में काफी परिपक्व हैं सूर्यवंशी : भुवनेश्वर

**गुवाहाटी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी की उम्र भले ही 15 साल हो लेकिन वह काफी परिपक्वता और स्पष्टता के साथ बल्लेबाजी करते हैं। सूर्यवंशी ने आरसीबी के खिलाफ 26 गेंद में 78 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' जिस तरह से वह शॉट्स खेलता है , वह बाकायदा क्रिकेट शॉट होते हैं। 15 वर्ष की उम्र में वह काफी परिपक्व है। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, हमें उसे इसका श्रेय देना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि आरसीबी कभी भी पूरी तरह से दबाव में नहीं थी। उन्होंने कहा ,'' यह टी20 मैच है। वह युवा है और अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है। वह परिपक्वता से बल्लेबाजी कर रहा है लेकिन हमें कभी भी यह नहीं लगा कि हम पर पूरी तरह से दबाव बन गया है। अगर एक 15 साल का लड़का इस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है या वह 25 का भी हो, यह टी20 मैच में होता है। उन्होंने कहा ,'' हमने रणनीति बनाई थी और एक कैच भी छूटा लेकिन यह क्रिकेट में होता है। हम अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर सके और यह टी20 क्रिकेट का हिस्सा है। हम बहुत चिंतित नहीं हैं। लेग स्पिनर सुयश शर्मा की जगह हरफनमौला वेंकटेश अय्यर को उतारने के बारे में उन्होंने कहा ,'' पावरप्ले में स्पिनरों का प्रयोग मुश्किल है। हमारे पास बायें हाथ का एक ही स्पिनर है और हमने सुयश की जगह इंपैक्ट सब को चुना। उन्होंने कहा ,''हमारे पास आफ स्पिनर नहीं था। बायें हाथ का गेंदबाज बायें हाथ के बल्लेबाज को गेंदबाजी करे तो समझ में आता है। हमने वही किया जो कर सकते थे और वेंकटेश ने अच्छी बल्लेबाजी की।

### पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट : खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज की दमदार जीत


**नई दिल्ली।** पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट (पुरुष एवं महिला) के 5वें दिन शनिवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। एसजीटीबी खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता एसजीटीबी खालसा कॉलेज के मैदान पर खेली जा रही है। पुरुष वर्ग के एक मुकाबले में किरोड़ी मल कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 92ऽ49 के बड़े अंतर से हराया। किरोड़ी मल कॉलेज के हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम योगदान दिया और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। एक अन्य मैच में एसजीटीबी खालसा एलुमनी ने रामजस कॉलेज को 81ऽ60 से मात दी। खालसा एलुमनी के मुकेश ने बेहतरीन खेल दिखाया और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का सम्मान मिला। महिला वर्ग में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। गार्गी कॉलेज ने मैत्रेयी कॉलेज को 59ऽ29 से हराकर दमदार जीत दर्ज की। गार्गी कॉलेज की कनिका को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। एक अन्य महिला मुकाबले में स्टनर्स अकादमी ने रामजस कॉलेज को 70ऽ29 से पराजित किया। स्टनर्स अकादमी की रिदम को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### मास्टर्स गोल्फ़ प्रतियोगिता में रॉरी मैकइलरॉय की धमाकेदार बढ़त, अक्षय भाटिया बाहर

**नई दिल्ली।** ऑगस्टा में जारी प्रतिष्ठित मास्टर्स गोल्फ़ प्रतियोगिता के आधे चरण के बाद मुकाबले ने रोमांचक मोड़ ले लिया है। रॉरी मैकइलरॉय ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छह शॉट की रिकॉर्ड बढ़त बना ली है, जबकि अक्षय भाटिया निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कट पार करने में नाकाम रहे। मैकइलरॉय ने दूसरे दौर में सात अंडर पैंसठ का बेहतरीन स्कोर बनाया और कुल बारह अंडर एक सौ बत्तीस के स्कोर के साथ शीर्ष पर मजबूत पकड़ बना ली। यह मास्टर्स के इतिहास में मध्य चरण तक की सबसे बड़ी बढ़त मानी जा रही है। अंतिम सात होल में उन्होंने छह बर्डी लगाकर बाकी खिलाड़ियों से बड़ी दूरी बना ली। उनके प्रदर्शन में अनुभव और दबाव में संयम साफ झलका। कुछ खराब टी-शॉट के बावजूद उन्होंने समझदारी से खेलते हुए खुद को संभाला और छोटे शॉट्स में बेहतरीन सटीकता दिखाई। अब वह ग्रीन जैकेट की ओर बढ़ते दिख रहे हैं और लगातार खिताब जीतने वाले महान खिलाड़ियों जैक निकलॉस, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स की सूची में शामिल होने की राह पर हैं। दूसरे स्थान पर पैट्रिक रीड और सैम बर्न्स हैं, जो मैकइलरॉय से छह शॉट पीछे हैं। रीड ने उनहत्तर का स्कोर बनाया लेकिन आख़िरी होल में बोगी के कारण पिछड़ गए। वहीं सैम बर्न्स ने अंतिम दो होल में बर्डी लगाकर इकहत्तर का स्कोर किया।

# बांग्लादेश ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों के लिए टीम घोषित की

एजेंसी



ढाका। बांग्लादेश की नई चयन समिति, जिसका नेतृत्व हबीबुल बशर कर रहे हैं, ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय वही टीम बरकरार रखी है, जिसने पिछले महीने घरेलू मैदान पर पाकिस्तान को दोऽएक से हराया था। श्रृंखला के पहले दो मुकाबले 17 और 20 अप्रैल को ढाका में खेले जाएंगे, जबकि तीसरा मुकाबला 23 अप्रैल को चट्टोग्राम में होगा। टीम की कमान मेहदी हसन मिराज़ के हाथों में होगी। हालांकि हाल की जीत के बावजूद कुछ बल्लेबाज़ों के प्रदर्शन पर सवाल बने हुए हैं। सैफ़ हसन और अफ़ीफ़ हुसैन ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन पारियों में क्रमशः 17.33 और 19 की औसत से रन बनाए थे, जो उम्मीदों से कम रहे। तेज़ गेंदबाज़ी विभाग में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। चयनकर्ताओं ने नाहिद राना, तस्कीन अहमद, मुस्तफ़िज़ुर रहमान और शोरिफुल इस्लाम पर भरोसा बरकरार रखा है। हाल के समय में गेंदबाज़ों को बदलऽबदल कर खिलाने की नीति के विपरीत यह एक स्थिर संयोजन माना जा रहा है। बांग्लादेश की टीम के पाँच खिलाड़ी इस समय पाकिस्तान में चल रही लीग में खेल रहे हैं। ये सभी खिलाड़ी बारह अप्रैल को राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। रिपोर्टों के अनुसार, एकदिवसीय श्रृंखला समाप्त होने के बाद केवल मुस्तफ़िज़ुर रहमान ही वापस लीग में लौटेंगे। इसके बाद दोनों देशों के बीच तीन बीसऽबीस ओवरों के मुकाबले भी खेले जाएंगे। बांग्लादेश की 15 सदस्यीय टीम इस प्रकार हैः मेहदी हसन मिराज़ (कप्तान), सौम्य सरकार, सैफ़ हसन, तंजीद हसन, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हृदोय, लिटन दास (विकेटकीपर), अफ़ीफ़ हुसैन, महिदुल इस्लाम, रिशाद हुसैन, तनवीर इस्लाम, मुस्तफ़िज़ुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरिफुल इस्लाम और नाहिद राना।

# यह सिर्फ एक नंबर है, किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिये तैयार : तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर जुरेल

एजेंसी

गुवाहाटी। आईपीएल के इस सत्र में चार पारियों में दो अर्धशतक लगा चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करके खुश हैं हालांकि उन्होंने कहा कि यह महज एक 'नंबर' है और वह किसी भी क्रम पर उतरने के लिये तैयार हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जुरेल उस समय क्रीज पर आये जब राजस्थान रॉयल्स का स्कोर एक विकेट पर 21 रन था। जुरेल ने 43 गेंद में नाबाद 81 रन बनाकर टीम को लगातार चौथी जीत दिलाई। जुरेल ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैं पिछले साल पांचवें छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा था। आखिर में तो लक्ष्य मैच जीतना होता है। प्रबंधन ने मुझ पर भरोसा करके तीसरे नंबर पर भेजा है। उन्होंने कहा ,'' यह महज एक नंबर है। मैं कोई विशेष नंबर नहीं चाहता। मेरा स्वभाव ऐसा ही है। अगर मुझे आठवें नौवें नंबर पर भी भेजेंगे तो मैं योगदान देकर खुश रहूंगा। टीम को जहां मेरी जरूरत है, मैं तैयार हूं। रॉयल्स के लिये वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंद में 78 रन बनाये। जुरेल ने कहा ,'' जब मैं तीसरे नंबर पर उतरता हूं तो वह मेरा काम आसान कर देता है। वैभव हर गेंद पर पीट रहा था और उसे देखकर आपको लगता है कि विकेट में कुछ नहीं है। क्रिकेट उतना आसान नहीं है जितना वह बना देता है। उन्होंने कहा ,'' जब आपको पता है कि वह गेंद को बखूबी पीट रहा है और दबाव भी है कि वह इतना अच्छा खेल रहा है और मुझे भी कुछ करना है। ऐसे में भी आसानी होती है क्योंकि आपको लगता है कि वह इतना अच्छा खेल रहा है तो मैं भी खेल सकता हूं।''

# वेदांता एल्युमिनियम पार्क में विनिर्माण संयंत्र लगाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

एजेंसी



नई दिल्ली। वेदांता एल्युमिनियम ने ओडिशा के झारसुगुडा में प्रस्तावित वेदांता एल्युमिनियम पार्क में अपनी विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए शुक्रवार को दो कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर सिंघल स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड और एससीओटी-एएल मेटकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर ओडिशा के उद्योग मंत्री संपद चंद्र स्वैन और अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग) हेमंत शर्मा मौजूद थे। वेदांता एल्युमिनियम ने एक बयान में कहा कि झारसुगुडा में वेदांता एल्युमिनियम पार्क की स्थापना का मकसद मूल्यवर्धन को बढ़ावा देना और एमएसएमई की वृद्धि को समर्थन देने के साथ ओडिशा की वैश्विक एल्युमिनियम केन्द्र के तौर पर उपस्थिति को मजबूत करना है। इस पहल से 500 करोड़ रुपये से अधिक के नए निवेश आने और लगभग 1,500 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोज़गार के मौके बनने की उम्मीद है। इस अवसर पर स्वैन ने कहा, ''यह पहल ओडिशा की एक अग्रणी औद्योगिक गंतव्य के तौर पर उपस्थिति को मजबूत करती है। वेदांता एल्युमीनियम पार्क निवेश में तेज़ी लाएगा, बड़े पैमाने पर रोज़गार पैदा करेगा और सभी क्षेत्रों में राज्य की विनिर्माण क्षमता को मज़बूत करेगा। वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव कुमार ने कहा कि प्रस्तावित पार्क कंपनी के प्राथमिक उत्पादन से आगे बढ़कर मूल्यवर्धित विनिर्माण की ओर बढ़ने के प्रतिबद्धता को दिखाता है।

# बिजली कंपनियों ने नियमों में राहत के लिए एचईआरसी का रुख किया

एजेंसी



चंडीगढ़। हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियों ने ईंधन अधिभार की वसूली से जुड़े नियमों में राहत देने की मांग करते हुए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) का रुख किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बहु-वर्ष शुल्क (एमवाईटी) विनियम, 2024 के विनियमन 68 में संशोधन की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की हैं। मौजूदा नियमों के अनुसार, ईंधन और बिजली खरीद की अतिरिक्त लागत हर महीने उपभोक्ताओं से ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) के जरिए वसूली जाती है। बिजली कंपनियों ने प्रस्ताव दिया है कि इस मासिक वसूली को फिलहाल टाल दिया जाए और इसकी जगह यह राशि अगले वित्त वर्षों में सभी उपभोक्ताओं से एक समान दर 47 पैसे प्रति यूनिट से वसूली जाए। कंपनियों ने यह भी मांग की है कि बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करने के लिए 'कैरींग कॉस्ट' (ब्याज जैसी अतिरिक्त लागत) को भी शामिल करने की अनुमति दी जाए। आयोग ने इस पर तुरंत कोई फैसला नहीं लिया है और पहले जन परामर्श प्रक्रिया अपनाने का निर्णय किया है। एचईआरसी ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर सभी संबंधित पक्षों से आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। व्यक्ति और संस्थाएं एक मई तक अपनी राय दे सकते हैं। इस मामले पर 14 मई को पूर्वाह्न 11:30 बजे पंचकूला स्थित आयोग के 'कोर्टरूम' में सार्वजनिक सुनवाई होगी।

# पेज एक का शेष

## थारू ...

तो वही विश्वास अधिकार बनकर धरातल पर उतरता है। चंदन चौकी इस जनपद का गौरव है। यहां वनवासी संस्कृति की जड़ें, स्वाभिमान और तराई की उर्वरता साथ फलती-फूलती है। चंदन चौकी व आसपास दर्जनों थारू बाहुल्य गांव हैं, जो पहचान के लिए मोहताज थे। कभी वन, पुलिस, व राजस्व विभाग द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जाता था। शौर्य व वीरता के साथ अपने इतिहास को जोड़ने वाला थारू समाज पहले पहचान के लिए मोहताज था, लेकिन आज उसे अधिकार पत्र मिल रहा है और यही डबल इंजन सरकार की ताकत और स्पीड है। देश की आजादी में योगदान देने वाले भी अधिकार से रहे वंचित सीएम योगी ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए लोगों ने देश की आजादी के लिए सब कुछ खोया। ब्रिटिशरों ने इन्हें यातनाएं (काला पानी, देशनिकाला, फांसी) दीं। आजादी के बाद तत्कालीन सरकार ने उन्हें बसाया तो, लेकिन जमीन का हक उपलब्ध नहीं कराया। देश की आजादी में योगदान देने वाले लोग आजाद भारत में अपने अधिकार से वंचित थे। 1976 में थारू समाज को इन गांवों में जमीन देने की बात कही गई थी, लेकिन उन्हें जमीन का स्वामित्व नहीं मिला। 1955 में पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी मालिकाना हक नहीं मिल पाया

4356 थारू परिवारों को 5338 हेक्टेयर भूमि और 2350 परिवारों को 4251 हेक्टेयर भूमि का मिल रहा भौमिक अधिकार

सीएम ने कई दशकों से इन लोगों की सुनवाई न होने पर पिछली सरकारों को भी खरी-खरी सुनाई, कहा कि पिछली सरकारों में संवेदना का अभाव था। यह लोग परिवारवाद से ऊपर उठते तो थारू व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के बारे में सोच पाते, लेकिन समाज को बांटने व संसाधनों पर डकैती डालने वालों से अधिकार दिलाने की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने कर्फ्यू, माफिया, गुंडा पाले और नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, लेकिन जिस जमीन पर आप खेती करते हैं, आपकी फसल लहलहाती है। जिस जमीन पर आपने सपने बोए थे, उसे आकार देने के लिए डबल इंजन सरकार खड़ी है। 4356 थारू परिवारों को 5338 हेक्टेयर भूमि का अधिकार पत्र सौंपा गया है। 1955 में पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए लोगों को तत्कालीन सरकार पैतृक संपत्ति नहीं दे पाई, लेकिन ऐसे 2350 परिवारों को 4251 हेक्टेयर भूमि का भौमिक अधिकार मिल रहा है। जो कभी नहीं हुआ, वह कार्य डबल इंजन सरकार कर रही है। इसके पीछे शासन की सुनवाई, आपके विधायक का संघर्ष, अन्य विधायकों का सहयोग, प्रभारी मंत्री की पैरवी है, जिसकी बदौलत सभी के सपनों को पंख लगे हैं।

पहले विकास व योजना सिर्फ सैफई में होती थी, आज सभी 75 जनपदों में हो रही है

सीएम ने कहा कि पहले योजना-विकास सैफई में होती थी। एक परिवार ही सब कुछ हजम कर जाता था, लेकिन भाजपा के लिए 25 करोड़ की आबादी ही परिवार है। हर जनपद में समान विकास हो रहा है। हर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के माध्यम से जहां जिसका घर, वहां उसका अधिकार उपलब्ध कराया जा रहा है। अब जमीन, नाम, सम्मान और पहचान भी मिल रही है। अब केवल अधिकार ही नहीं मिला, बल्कि विकास की धारा को बढ़ाने की पहल भी हुई है।

विधायक से कहा-चंदन चौकी में भी कीजिए व्यवसाय

सीएम ने विधायक रोमी साहनी की मांगों को शासन में लिखित में भेजने को कहा। सीएम ने उनसे

कहा कि बेकरी के व्यवसाय को चंदन चौकी और आसपास भी कीजिए, जिससे थारू समाज द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह को जोड़कर तराई क्षेत्र के साथ आपकी बेकरी के प्रोडक्ट को उत्तराखंड में भी भेज सकें। यहां 300 से अधिक महिला स्वयंसेवी समूह कार्य कर रही है। डबल इंजन सरकार ने हर समूह को 30 हजार रुपये का रिवाल्विंग फंड व डेढ़ लाख रुपये का कम्युनिटी इनवेस्टमेंट फंड उपलब्ध कराया है। यह क्षेत्र पुनर्वास से विकास और विकास से समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। घर पाने की खुशी सुरक्षा, सम्मान के साथ जुड़ती है और स्वावलंबन व आत्मनिर्भरता की नई कहानी कहती है।

बेमौसम बरसात से पीड़ित किसानों के साथ खड़ी है सरकार

सीएम योगी ने कहा कि ओलावृष्टि व अतिवृष्टि के कारण किसानों को भारी क्षति हुई है। हमने जल्द ही सर्वे रिपोर्ट मांगी है। पीड़ित किसानों को फसल बीमा योजना, आपदा राहत कोष से पैसा उपलब्ध कराएंगे। जनहानि, पशुहानि होने पर 24 घंटे में सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। अग्निकांड में फसल नुकसान होने पर मंडी समिति द्वारा तत्काल मुआवजा, घर जलने या आंधी-तूफान से नष्ट होने पर मुख्यमंत्री आवास योजना से आवास दिलाने को कहा गया है।

## ममता ...

न मां सुरक्षित है, न माटी माफियाओं से मुक्त है और न ही मानुष को उसका अधिकार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने रानीगंज क्षेत्र में कोयला खदानों पर माफिया के वर्चस्व का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मेहनतकश मजदूरों की कमाई पर कब्जा करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आवश्यक है। वहीं, गलसी विधानसभा में उन्होंने विकास, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने का रोडमैप प्रस्तुत किया और कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर हर क्षेत्र में संतुलित और तेज विकास सुनिश्चित किया जाएगा। रानीगंज में मुख्यमंत्री ने स्थानीय महिलाओं के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को जाना। अखिल महिला मारवाड़ी समाज, गरिमा लेडीज विंग (लायंस क्लब) और महिला युवा मोर्चा की महिलाओं ने क्षेत्र में बढ़ते अपराध, असुरक्षा और भ्रष्टाचार के मुद्दों को सामने रखा। उन्होंने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर ममता सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि एक महिला मुख्यमंत्री के होते हुए भी यदि बंगाल की बेटियां खौफ के साये में जी रही हैं तो यह सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी संवेदनशील सरकार महिलाओं की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकती। भाजपा सरकार बनने पर हर महिला को सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की गारंटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों जनसभाओं में उमड़ी भीड़ इस बात का प्रमाण है कि पश्चिम बंगाल की जनता अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति का अंत होगा, विकास और सुशासन की नई शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री ने जनता से आह्वान किया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग कर इस परिवर्तन का हिस्सा बनें और राज्य में एक मजबूत, विकासोन्मुख सरकार बनाने में योगदान दें।

## ममता...

दिया जाता है। इसमें व्यायाम, दंड अभ्यास, खेल, योग और परेड जैसे शारीरिक अभ्यास शामिल होते हैं। इसके साथ ही भारत के इतिहास, संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी बौद्धिक सत्र आयोजित किए जाते हैं। इनके माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा की भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाता है।

## ईरान-अमेरिका...

जहाज है। यह जहाज शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरा और शनिवार दोपहर को पूर्व की ओर बढ़ते हुए जलडमरूमध्य के पूर्व में ओमान की खाड़ी में स्थित था। मार्च की शुरुआत से अब तक यह फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है, जबकि करीब 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी भी क्षेत्र में रुके हुए हैं और आगे बढ़ने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। 'जग विक्रम' मध्यम आकार का गैस वाहक जहाज 26,000 टन से अधिक वहन क्षमता रखता है और इसमें करीब 20,000 टन एलपीजी होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के समय होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में कम से कम 28 भारतीय जहाज मौजूद थे, जिनमें 24 पश्चिमी हिस्से में और चार पूर्वी हिस्से में थे। 'जग विक्रम' से पहले पश्चिमी हिस्से से आठ और पूर्वी हिस्से से दो जहाज सुरक्षित निकल चुके थे, जबकि कई विदेशी जहाज अब भी फारस की खाड़ी में रुके हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। देश लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल, करीब आधी नेचुरल गैस और लगभग 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। इनमें से अधिकांश आपूर्ति खाड़ी देशों से होती है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है। संघर्ष के दौरान इस मार्ग के बाधित होने से भारत में एलपीजी और गैस आपूर्ति प्रभावित हुई थी। इसके कारण वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति घटाई गई थी, जिसे अब आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है।

## पूर्व शिक्षा...

आने वाले दिनों में इस मामले में नए खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## महाराष्ट...

करवाया। लेकिन आज सुबह इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। हादसे में मरने वाले चारों लोग सिन्नर तहसील के पंचाले गांव के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान पिकअप ड्राइवर किरण रवींद्र मोरे (25), शुभम गणेश नवले (22), रिंकू शुभम नवले (19) और मीराबाई विश्वनाथ गंगुर्डे (35) के रुप में की गई है । इस घटना में सचिन गणेश नवले और सुनीता गणेश नवले दोनों गंभीर रूप से घायल हैं, दोनों का इलाज जारी है।

## एक...

किए हैं। भारतीय ध्वज वाला एलपीजी पोत जग विक्रम लगभग 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर गया। खाड़ी क्षेत्र से 2,009 से अधिक भारतीय नाविक सुरक्षित रूप से स्वदेश लौट आए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में 81 नाविक वापस लौटे हैं। भारतीय दूतावास और पोस्ट भारतीय नागरिकों के लिए चौबीसों घंटे हेल्पलाइन और सक्रिय सहायता प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और एलपीजी नियंत्रण आदेश, 2000 के तहत राज्य सरकारों को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की निगरानी करने और जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया है।

## भारत ...

लेकर शहर तक, हर जरूरत का सामान लखनऊ से आसानी से और जल्दी पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 927 का निर्माण होने वाला है। जो आउटर रिंग रोड के पास से बाराबंकी से शुरू होकर बहराइच तक जाएगा। यह 101 किलोमीटर लंबा फोरलेन का मार्ग होगा और इसके साथ ही फोरलेन की सर्विस रोड भी बनेगी। इस प्रोजेक्ट पर करीब 7,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अभी बाराबंकी से बहराइच जाने में जो ढाई घंटे लगते हैं, वह समय घटकर मात्र सवा घंटे का रह जाएगा। इस सड़क के आसपास, स्टेट कैपिटल रीजन यानी राज्य राजधानी क्षेत्र के विकास का एक नया कॉरिडोर भी बनेगा। इसमें प्राकृतिक आपदा से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई अब फसल बीमा के माध्यम से की जा रही है। भारत सरकार ने देश के सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए हैं। इसकी मदद से किसान पता लगा पा रहे हैं कि उनके खेत में कौन सी फसल ली जा सकती है और उन्हें खाद की कितनी मात्रा डालनी है। इससे कृषि की लागत घटी है। भारत सरकार ने गांव-गांव तक सड़कें, नल से जल, बिजली कनेक्शन दिए और गांवों को शहरों से जोड़ा है। देशभर की मंडियां ऑनलाइन होने से किसान अब घर बैठे अपनी उपज बेच सकता है। हमारी सरकार ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि किसानों और गांवों के लिए अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। किसानों के कल्याण के लिए धन की कमी कभी आड़े नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि वे देश के रक्षा मंत्री है, लेकिन दिल से एक किसान भी हैं।

रक्षा मंत्री सिंह ने किसानों के हित में रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए नवाचार की जानकारी देते हुए बताया कि हमने देशभर में मौजूद सेना की छावनियों के आसपास के किसानों से ही प्राकृतिक खेती से पैदा किए गए फल एवं सब्जियां खरीदने का निर्णय लिया है। प्राकृतिक और जैविक खेती से पैदा फल और सब्जियां के उपभोग से जवानों की सेहत भी अच्छी हुई है। हमने इन खाद्य उत्पादों को बाहर से बुलवाना बंद कर दिया है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ी है और उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने श्रीअन्न को भी प्रोत्साहन दिया है। इससे छावनी इलाकों के आसपास के किसानों को श्रीअन्न का समुचित मूल्य मिल रहा है। हमारे प्रयासों से जय जवान, जय किसान का नारा सच्चे अर्थों में चरितार्थ हुआ है।

उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था किसानों पर ही टिकी हुई है। किसानों द्वारा उत्पादित अनाज परिवहन और औद्योगिक क्षेत्र को भी गति देता है। किसान केवल अन्न ही नहीं, वह अर्थव्यवस्था, रोजगार और सेवाओं को भी आगे बढ़ाता है। किसानों के बिना अर्थव्यवस्था बेजान है। हमारी सरकार खेती के पेशे को बड़े सम्मान से देखती है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हमारे युवा साथी खेती-किसानी के व्यवसाय से जुड़ें। भारतीय युवा शक्ति की तारीफ पूरी दुनिया में हो रही है। खेती को ड्रोन, मोबाइल सेंसर जैसी आधुनिक तकनीक और नवाचारों के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। मिट्टी की जांच, मौसम का पूर्वानुमान, फसलों की निगरानी तकनीक से की जा सकती है। खाद्य प्रसंस्करण से भी कच्चे कृषि उत्पादों को प्रोसेस कर लाभ कमाया जा सकता है। इस क्षेत्र में युवा साथी नया स्टार्ट-अप शुरू कर किसानों को बिचौलियों और साहूकारों के चंगुल से बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। गांवों के युवा इससे जुड़ेंगे तो खेती गर्व का विषय बनेगा और हमारे किसान आत्मनिर्भर जीवन जी सकेंगे।

## प्रधानमंत्री...

नगर पालिका के सदस्य रहे और 1888 में गरीबों एवं वंचितों की मुक्ति में उनके योगदान के लिए उन्हें 'महात्मा' तथा 'भारत के बुकर टी. वॉशिंगटन' की उपाधियों से सम्मानित किया गया।

संसद भवन परिसर में स्थापित महात्मा ज्योतिराव फुले की 12 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा, जिसका निर्माण राम वी. सुतार द्वारा किया गया था और जिसका अनावरण 3 दिसंबर 2003 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था, वर्तमान में परिसर के भीतर प्रेरणा स्थल पर स्थित है।

# मप्र के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बढ़ा चीतों का कुनबा

एजेंसी

नई दिल्ली/श्योपुर । मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक बार फिर चीतों का कुनबा बढ़ गया है। यहां भारतीय मूल की मादा चीता 'गामिनी' ने चार शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 57 हो गई है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस घटना को मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह भारत के वन्यजीव संरक्षण अभियान के लिए बड़ी सफलता है। यादव ने शनिवार को एक्स पोस्ट में कहा कि 2022 में चीतों के पुनर्वास की शुरुआत के बाद से यह वन्य जीवन में दर्ज किया गया पहला जन्म

### 'गामिनी' ने दिया 4 शावकों को जन्म

है और महत्वपूर्ण रूप से यह भारतीय मूल की मादा चीते का पहला ऐसा मामला है। उन्होंने कहा कि यह घटना परियोजना के मूल उद्देश्यों को प्राप्त करने में एक बड़ी उपलब्धि है- भारत में प्राकृतिक परिस्थितियों में चीतों के अस्तित्व और प्रजनन को सुनिश्चित करना। यादव ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय पारिस्थितिक परिस्थितियों के प्रति चीतों के बढ़ते अनुकूलन को दर्शाती है और कुनो राष्ट्रीय उद्यान में निरंतर संरक्षण और वैज्ञानिक प्रबंधन प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। केंद्रीय मंत्री ने चीता संरक्षण कार्यक्रम में शामिल वन्यजीव प्रबंधकों, पशु चिकित्सकों और क्षेत्र कर्मचारियों के समर्पण और अथक प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने इस घटना को राष्ट्र के लिए गौरव का क्षण बताया और परियोजना से जुड़े सभी लोगों को हार्दिक बधाई दी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मादा चीता गामिनी का शावकों के साथ फोटो भी शेयर किया है। उन्होंने लिखा कि मध्य प्रदेश अब चीतों के 'पुनरुद्धार' के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। कूनो के खुले जंगलों में 'गामिनी' चीते से जन्मी 25 महीने की भारतीय मूल की मादा चीते द्वारा चार शावकों का जन्म इस बात का प्रमाण है कि मध्य प्रदेश की भूमि चीतों के वंश विस्तार के लिए पूरी तरह से अनुकूल है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :-

**04212/04211 सुलतानपुर – लोकमान्य तिलक (ट) – सुलतानपुर आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| गाड़ी सं. 04212 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04211 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:00 | सुलतानपुर | 23:00 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 20:50 | 21:00 |
| 12:20 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 14:35 |

चलने के दिन : 04212 सुलतानपुर से दिनांक 20.05.2026 से 15.07.2026 (प्रत्येक बुधवार) तथा 04211 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 21.05.2026 से 16.07.2026 (प्रत्येक गुरुवार) को।
ठहराव : लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, पाचोरा जं., चालीसगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य

**04226/04225 वाराणसी जं. – लोकमान्य तिलक (ट) – वाराणसी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 16 फेरे

| गाड़ी सं. 04226 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04225 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 01:35 | वाराणसी जं. | 02:05 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 20:50 | 21:00 |
| 12:20 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 14:35 |

चलने के दिन : 04226 वाराणसी जं. से दिनांक 21.05.2026 से 09.07.2026 (प्रत्येक गुरुवार) तथा 04225 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 22.05.2026 से 10.07.2026 (प्रत्येक शुक्रवार) को।
ठहराव : जौनपुर सिटी, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, पाचोरा जं., चालीसगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य

**04070/04069 आनंद विहार (ट) – शेखपुरा – आनंद विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** 52 फेरे

| गाड़ी सं. 04070 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:20 | आनंद विहार (ट) | 23:20 | --- |
| 23:30 | --- | शेखपुरा | --- | 00:30 |

चलने के दिन : 04070 आनंद विहार (ट) से दिनांक 17.04.2026 से 14.07.2026 (प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार) तथा 04069 शेखपुरा से दिनांक 18.04.2026 से 15.07.2026 (प्रत्येक शनिवार एवं बुधवार) को।
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं. एवं अस्थावाँ स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

**04620/04619 फिरोज़पुर कैंट – झंझारपुर – फिरोज़पुर कैंट आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04620 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04619 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:30 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 10:40 | --- |
| 23:30 | --- | झंझारपुर जं. | --- | 01:00 |

चलने के दिन : 04620 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 18.04.2026 से 23.05.2026 (प्रत्येक शनिवार) तथा 04619 झंझारपुर जं. से दिनांक 20.04.2026 से 25.05.2026 (प्रत्येक सोमवार) को।
ठहराव : लोहियां खास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद जं., राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., बराड़ा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नज़ीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर जं., सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनियां, सीतामढ़ी जं., शिशो जं. एवं सकरी जं. स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

**04064/04063 नई दिल्ली जं. – गया जं. – नई दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 98 फेरे

| गाड़ी सं. 04064 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | नई दिल्ली जं. | 08:10 | --- |
| 07:15 | --- | गया जं. | --- | 09:15 |

चलने के दिन : 04064 नई दिल्ली जं. से दिनांक 15.04.2026 से 14.07.2026 (दिनांक 21.05.2026, 23.05.2026 एवं 25.05.2026 को छोड़कर) (सोम, बुध, गुरु, शनि) तथा 04063 गया जं. से दिनांक 16.04.2026 से 15.07.2026 (दिनांक 22.05.2026, 24.05.2026 एवं 26.05.2026 को छोड़कर) (मंगल, गुरु, शुक्र, रवि) को।
ठहराव : टुण्डला, गोविंदपुरी, सूबेदार गंज, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04066/04065 आनंद विहार (ट) – खोरधा रोड – आनंद विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 08 फेरे

| गाड़ी सं. 04066 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:30 | आनंद विहार (ट) | 03:40 | --- |
| 11:30 | --- | खोरधा रोड | --- | 15:30 |

चलने के दिन : 04066 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.04.26 से 11.05.26 (प्रत्येक सोमवार) तथा 04065 खोरधा रोड से दिनांक 21.04.26 से 12.05.26 (प्रत्येक मंगलवार) को।
ठहराव : गाज़ियाबाद, गोविंदपुरी, सूबेदार गंज, मिर्ज़ापुर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, आद्रा, बाँकुड़ा, बिष्णुपुर, मेदिनीपुर, हिजली, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्द्रुझर रोड़, कटक एवं भुवनेश्वर स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04185/04186 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी – आसनसोल – वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** 46 फेरे

| गाड़ी सं. 04185 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04186 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:20 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 19:10 | --- |
| 20:45 | 20:50 | वाराणसी जं. | 06:35 | 06:40 |
| 14:30 | --- | आसनसोल | --- | 17:10 |

चलने के दिन : 04185 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से दिनांक 28.06.2026 तक (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) तथा 04186 आसनसोल से दिनांक 29.06.2026 तक (प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार) को।
ठहराव : उरई, पुखरायाँ, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, किऊल जं., झाझा, जसीडीह, मधुपुर जं. एवं चितरंजन स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान, द्वितीय श्रेणी एवं सामान्य

**04127/04128 कानपुर सेंट्रल – गुवाहाटी – कानपुर सेंट्रल विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 10 फेरे

| गाड़ी सं. 04127 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04128 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:00 | कानपुर सेंट्रल | 07:30 | --- |
| 13:45 | 13:50 | वाराणसी जं. | 23:05 | 23:15 |
| 19:00 | --- | गुवाहाटी | --- | 22:00 |

चलने के दिन : 04127 कानपुर सेंट्रल से दिनांक 16.04.2026 से 14.05.2026 तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा 04128 गुवाहाटी से दिनांक 17.04.2026 से 15.05.2026 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को।
ठहराव : फतेहपुर, प्रयागराज, ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी, नवगछिया, कटिहार, बारसोई जं., किशनगंज, अलुआबाड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, कोकराझार, न्यू बंगाईगाँव, बरपेटा रोड, रंगिया एवं कामाख्या स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**01491/01492 पुणे जं. – ह. निज़ामुद्दीन – पुणे जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 22 फेरे

| गाड़ी सं. 01491 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01492 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:30 | पुणे जं. | 23:55 | --- |
| 18:30 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 21:25 |

चलने के दिन : 01491 पुणे जं. से दिनांक 17.04.2026 से 10.07.2026 (दिनांक 22.05.2026 को छोड़कर) प्रत्येक शुक्रवार तथा 01492 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 18.04.2026 से 11.07.2026 (दिनांक 23.05.2026 को छोड़कर) प्रत्येक शनिवार को।
ठहराव : लोनावला, कल्याण, भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर एवं मथुरा स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**09523/09524 ओखा – शकूर बस्ती – ओखा सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 24 फेरे

| गाड़ी सं. 09523 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09524 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:20 | ओखा | 13:00 | --- |
| 10:35 | --- | शकूर बस्ती | --- | 13:15 |

चलने के दिन : 09523 ओखा से दिनांक 14.04.26 से 30.06.26 (प्रत्येक मंगलवार) तथा 09524 शकूर बस्ती से दिनांक 15.04.26 से 01.07.26 (प्रत्येक बुधवार) को।
ठहराव : द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., वांकानेर, सुरेन्द्रनगर, विरामगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर ज., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

**04086/04085 मेरठ सिटी जं. – संतरागाछी जं. – मेरठ सिटी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04086 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04085 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:00 | मेरठ सिटी जं. | 17:30 | --- |
| 06:35 | --- | संतरागाछी जं. | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04086 मेरठ सिटी जं. से दिनांक 14.04.2026 तथा 04085 संतरागाछी से दिनांक 16.04.2026 को।
ठहराव : हापुड़ जं., खुर्जा जं., अलीगढ़ जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, महुदा जं., भोजूडीह जं., आद्रा, बांकुड़ा, बिष्णुपुर, मेदिनीपुर, खड़गपुर एवं पाँशकुड़ा जं. स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04679/04680 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – श्रीनगर – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** 08 फेरे

| गाड़ी सं. 04679 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04680 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:05 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 19:00 | --- |
| 13:35 | --- | श्रीनगर | --- | 15:10 |

चलने के दिन : 04679 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा तथा 04680 श्रीनगर से प्रतिदिन दिनांक 15.04.2026 तक।
ठहराव : रियासी, संगलदान एवं बनिहाल स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**05048/05047 बनारस – कोलकाता – बनारस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 06 फेरे

| गाड़ी सं. 05048 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05047 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:45 | बनारस | 04:15 | --- |
| 10:55 | 11:00 | वाराणसी जं. | 03:45 | 03:50 |
| 06:15 | --- | कोलकाता | --- | 08:25 |

चलने के दिन : 05048 बनारस से दिनांक 14.04.2026 से 28.04.2026 (प्रत्येक मंगलवार) तथा 05047 कोलकाता से दिनांक 15.04.2026 से 29.04.2026 (प्रत्येक बुधवार) को।
ठहराव : वाराणसी, औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, रेवती, सुरेमनपुर, छपरा, दिघवारा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल एवं नैहाटी स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी

**09195/09196 प्रतापनगर – मऊ जं. – प्रतापनगर सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 31 फेरे

| गाड़ी सं. 09195 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09196 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:00 | प्रतापनगर | 03:15 | --- |
| 15:40 | 15:45 | वाराणसी जं. | 02:15 | 02:20 |
| 18:00 | --- | मऊ जं. | --- | 23:25 |

चलने के दिन : 09195 प्रतापनगर से दिनांक 25.07.26 तक (प्रत्येक शनिवार) तथा 09196 मऊ जं. से दिनांक 12.04.26 से 26.07.26 (प्रत्येक रविवार) को।
ठहराव : वडोदरा जं., गोधरा, दाहोद, रतलाम जं., कोटा जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., रूपबास, आगरा कैंट, फतेहाबाद, बाह, इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी एवं औंड़िहार जं.।
स्थान : प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**09271/09272 भावनगर (ट) – हरिद्वार – भावनगर (ट) विशेष रेलगाड़ी विशेष किराये पर (साप्ताहिक)** 16 फेरे

| गाड़ी सं. 09271 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09272 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:25 | भावनगर (ट) | 04:35 | --- |
| 15:00 | --- | हरिद्वार | --- | 16:25 |

चलने के दिन : 09271 भावनगर (ट) से दिनांक 12.04.26 से 31.05.26 (प्रत्येक रविवार) तथा 09272 हरिद्वार से दिनांक 13.04.26 से 01.06.26 तक (प्रत्येक सोमवार) को।
ठहराव : सिहोर गुजरात, धोला जं., बोटाद जं., सुरेन्द्रनगर गेट, वीरमगाम जं., अम्बली रोड, गांधीनगर कैपिटल, महेसाना जं., पालनपुर जं., आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड़ जं., पाली मारवाड़, लूनी जं., जोधपुर जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., डेगाना जं., छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ जं., चूरू, सादुलपुर जं., सिवानी, हिसार, भिवानी जं., कलानौर कलां, रोहतक जं., पानीपत जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं. एवं रुड़की स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा का शाहदरा (उत्तरी) जोन में विद्यालयों का निरीक्षण, सुधार के सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने शनिवार को शाहदरा (उत्तरी) जोन के गौतम पुरी वार्ड स्थित नगर निगम विद्यालयों, आवासीय परिसर, कैथवाड़ा एवं ब्रह्मपुरी (टी-1) का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने विद्यालयों में छात्रों की कम संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्र संख्या बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने शिक्षकों की कमी के बावजूद दो शिफ्टों में कक्षाएं चलने पर नाराजगी जताते हुए सभी कक्षाओं को एक ही शिफ्ट में संचालित करने और रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए। स्थायी समिति अध्यक्ष ने अभिभावकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बिना अनुमति अवकाश लेने वाले शिक्षकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में सभी शिक्षक नियमानुसार पूर्व स्वीकृति लेकर ही अवकाश लें। सत्या शर्मा ने निरीक्षण में विद्यालयों में प्रकाश व्यवस्था की कमी को देखते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। विशेष रूप से ब्रह्मपुरी (टी-1) स्थित विद्यालय में शौचालयों की खराब स्थिति और साफ-सफाई में कमी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थायी समिति अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा की दिल्ली नगर निगम विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ वातावरण और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जो कमियां सामने आई हैं, उन्हें गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पंजाब से 155 लाख टन अनाज उठाने के लिए केंद्र विशेष ट्रेनें चलाएगा: भगवंत मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र राज्य में लगभग 155 लाख टन गेहूं और चावल उठाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाने पर सहमत हो गया है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और रबी विपणन सत्र से पहले भंडारण की समस्या कम होगी। मान ने दिल्ली में केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस फैसले से गोदामों में जगह बनाने और चालू सत्र के दौरान गेहूं की आसानी से खरीद सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब भंडारण जगह की भारी कमी का सामना कर रहा है क्योंकि इसके ज्यादातर छत वाले गोदाम पहले से ही भरे हुए हैं, जबकि मौजूदा रबी सत्र के दौरान लगभग 130-132 लाख टन गेहूं की खरीद की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य केंद्र से अनाज की आवाजाही में तेजी लाने का आग्रह कर रहा है, क्योंकि मौजूदा उठाव लगभग पांच लाख टन प्रति माह है, जो काफी नहीं है। उन्होंने मांग की कि इसे बढ़ाकर कम से कम 12 लाख टन हर महीने किया जाना चाहिए। मान ने ग्रामीण विकास कोष (आरडीएफ) के तहत लंबित 9,000 करोड़ रुपये का मुद्दा भी उठाया। मुख्यमंत्री के अनुसार केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया है कि इस मामले को सुलझाने के लिए जल्द ही सचिव स्तर की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि पंजाब से नकद ऋण पर केंद्र के मुकाबले ज्यादा ब्याज लिया जा रहा है और इसे एक जैसा करने की मांग की। इस अंतर की वजह से राज्य को नुकसान होता है। मुख्यमंत्री ने केंद्र से हाल ही में हुई ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का आकलन करने और किसानों को मुआवजा देने के लिए एक टीम भेजने की भी मांग की। उन्होंने आढ़ितयों के कमीशन का मुद्दा भी उठाया और उम्मीद जताई कि गेहूं और धान के लिए इसे लगभग 4.75 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया जाएगा। एक सरकारी बयान के अनुसार मान ने कहा कि केंद्र ने उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक जवाब दिया है और किसानों के हितों की रक्षा करने और राज्य में मंडियों को ठीक से चलाने के लिए ज़रूरी कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# संक्षिप्त समाचार

## 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिला सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में अब नारी शक्ति का सशक्तिकरण नीति-निर्माण से लेकर राष्ट्र-निर्माण तक उसकी अग्रणी भूमिका को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम से विधायिका में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ेगी और देश के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक वीडियों जारी करते हुए कहा कि आज भारत को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं का आगे आना आवश्यक है। केवल विकास ही नहीं, बल्कि देश को सही दिशा में ले जाने की भी जरूरत है। आज संसद और विधानसभाओं में महिलाएं आगे आकर सत्ता का हिस्सा बनें, शासन और प्रशासन में भागीदारी निभाएं, यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक महिला और एक बेटी होने के नाते, हमने अपने जीवन में जो देखा और सहा है, वही हमें बेहतर निर्णय लेने की समझ देता है। जब यह निर्णय लिया गया कि बेटियों को साइकिल दी जाए, ताकि वे आसानी से स्कूल जा सकें, तब मुझे वह संघर्ष याद आया जो एक बेटी को जन्म से आगे बढ़ने तक करना पड़ता है। इसी सोच के साथ ल्लखपति बिटिया योजनाङ्क लाई गई, ताकि हर बेटी पढ़े, अपनी ग्रेजुएशन पूरी करे और अपने पैरों पर खड़ी हो सके। जब यह नीति बनाई गई, तो उसे एक महिला के दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की हर जागरूक महिला को आगे आकर इस बिल पर अपनी राय देनी चाहिए, इसका समर्थन करना चाहिए और अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ आर्ट्स से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की थी। इस दौरान कैंपस में छात्राओं और महिलाओं में इस हस्ताक्षर अभियान और महिला आरक्षण को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हस्ताक्षर में उनका सपना, आगे बढ़ने का हौसला और बराबरी से भागीदारी का भरोसा का संदेश है।

## चिकित्सा जगत का महाकुंभ, भागलपुर में जुटे देश भर के दिग्गज पैथोलॉजिस्ट

**भागलपुर।** जिले के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में शनिवार को दो दिवसीय कार्यशाला और सीएमई का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान प्रमुख वक्ताओं में डॉ असिताभा मंडल, डॉ स्वामीनाथन, डॉ रुपेश गुण्डवार और डॉ मनोज कहार ने स्लाइड को स्क्रीन पर प्रसारित कर विस्तार में डेमोस्ट्रेट किया गया। सभा का संचालन डॉ प्रीति एवं डॉ कुमार सुनीत द्वारा किया गया। कार्यशाला में बिहार राज्य के विभिन्न विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। कुछ छात्राएं रिम्स रांची से देखी गईं। लंच के बाद छात्रों द्वारा उनके किए गए शोध कार्य पेपर एव पोस्टर द्वारा प्रेजेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि आज कल कैंसर हर उम्र में बढ़ता जा रहा है। जिससे हर रोज नए रिसर्च हो रहे है। इसी क्रम में आज सॉफ्ट टिस्सयू कैंसर के सभी मॉरफ़ॉलॉजिक वैरायटी पर विस्तार पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ स्वामीनाथन ने बताया की मैंने 30 साल से ज़्यादा चिकित्सक शिक्षक के तौर पर कार्य करते हुए कठिन कठिन स्लाइड को जमा कर रखा है। उसे आज आप के सामने पेश कर रहा हूँ। डॉ असिताभा मॉडल ने बच्चों में होने वाले सॉफ्ट टिश्यू कैंसर के ईविंग सारकोमा पर विस्तार से प्रकाश डाला, साथ साथ स्नातक छात्रों से रूबरू हुए। कुछ कैंसर नए पैथोलॉजिस्ट के लिए विविधता के कारण डायग्नोसिस में संशय बना रहता है। इस बिषय पर डॉ रूपेश गुण्डवार द्वारा स्लाइड शो द्वारा सिखाया गया। डॉ मनोज क़हर ने गुजरात और राजस्थान में भौगोलिक परिस्थितियों के कारण होने वाले सॉफ्ट टिश्यू कैंसर पर अपना प्रकाश डाला। अंत में वोट ऑफ़ थैंक्स डॉ मुकेश प्रसाद साह द्वारा सम्पन्न किया गया। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले पैथोलॉजिस्ट में डॉ बिपिन कुमार, आईजीएमसी के पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ ए के सिन्हा पुर्णिया से शामिल रहे।

## डीएम मयूर दीक्षित की अपील: जनगणना के लिए पोर्टल पर करें गणना

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने लोगों से अपील की कि भारत सरकार ने जनगणना प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसके तहत नागरिक अब स्वयं पोर्टल के माध्यम से अपनी गणना कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सेल्फ इनुमेरेशन की सुविधा 10 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। इसके अंतर्गत कोई भी नागरिक आधिकारिक वेबसाइट पद्व-दद्वद्वपपफ्र-द्वधप-द्वद्व पर जाकर अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से लॉगिन कर सकता है। इसके बाद गूगल मैप की सहायता से अपने घर की लोकेशन चिन्हित कर आवश्यक विवरण भर सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिक अपने घर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, शौचालय आदि से संबंधित जानकारी भी स्वयं पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक यूनिक आईडी जनरेट होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया कि जब 25 अप्रैल से जनगणना टीम घर-घर सर्वे के लिए पहुंचेगी, तब नागरिक इस आईडी को दिखाकर अपनी जानकारी सत्यापित करा सकते हैं। इससे जनगणना प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और आसान बनेगी। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से आग्रह किया है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए समय पर अपना सेल्फ इनुमेरेशन अवश्य पूर्ण करें।

## लच्छीवाला टोल प्लाजा से 14 अप्रैल को रहेगी फ्री इंट्री

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देहरादून दौरे को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। भारी भीड़ और वाहनों के दबाव को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने के लिए 14 अप्रैल को लच्छीवाला टोल प्लाजा को सुबह 5 बजे से शाम 8 बजे तक खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी 14 अप्रैल को उत्तराखंड आ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। देहरादून में जसवंत सिंह ग्राउंड गढ़ी कैंट परिसर में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के प्रतिभाग करने की संभावना है। ऐसे में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आने वाले वाहनों से शहर और आसपास जाम की स्थिति न बने, इसके लिए जिलाधिकारी ने लच्छीवाला टोल प्लाजा को 14 अप्रैल को प्रातः 5:00 बजे से शाम 8 बजे तक खुला रखने के निर्देश दिए हैं।

# 'दीदी की रसोई' की बढ़ी डिमांड, सरकारी कार्यालयों से अस्पतालों तक विस्तार

- पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में अन्नपूर्णा जीविका दीदी की रसोई का हुआ उद्घाटन
- शहरी क्षेत्र में 18 लाख से अधिक महिलाओं को रोजगार के लिए आर्थिक सहायता देने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। महिला रोजगार के रूप में दीदी की रसोई की शुरुआत बिहार से हुई है। यहां गुणवत्तापूर्ण और सस्ते भोजन-नाश्ते की सुविधा उपलब्ध रह रही है। खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता और दर को देखते हुए लगातार दीदी की रसोई की डिमांड बढ़ रही है। आने वाले समय में राज्य में मांग के अनुसार दीदी की रसोई का तेजी से विस्तार किया जाएगा। ये बातें शनिवार को ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कही। मंत्री श्रवण कुमार पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय, पटना में अन्नपूर्णा जीविका दीदी की रसोई (विश्वविद्यालय कैंटीन) का उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कुमार ने कहा कि इस रसोई के संचालन से करीब 500 से अधिक छात्र-छात्राओं और स्टाफ को सस्ते दर पर गुणवत्तापूर्ण भोजन और नाश्ता मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने जबसे जीविका समूह का गठन किया है, तबसे 11 लाख 67 हजार से अधिक समूह बने हैं और एक करोड़ 50 लाख से अधिक परिवार को जोड़ा गया है। एक करोड़ 81 लाख महिलाओं को महिला रोजगार योजना के तहत 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि दी गई है। शहरी क्षेत्र में 18 लाख से अधिक परिवार हैं, जिन्हें 10-10 हजार रुपये दिया जाना है। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं रोजगार शुरू कर चुकी हैं उन्हें सेकेंड फ़ेज के तहत 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि इसी महीने में दी जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि महिला रोजगार के रूप में ही दीदी की रसोई की शुरुआत पूरे राज्य भर में की गई है। यहां 6 हजार से अधिक जीविका दीदियां काम कर रही हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति छात्रावास, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज के साथ-साथ जिला और अनुमंडल अस्पतालों में जीविका की दीदी की रसोई का संचालन हो रहा है। कई जिलों में हमने विजिट किया तो पाया कि समूह की दीदियां रसोई का संचालन सही से कर रही हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में इस तरह की पहल से न केवल छात्रों और कर्मचारियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता की भावना भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि जीविका दीदी की यह रसोई शिक्षा और सेवा के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# किशनगंज में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, 6953 से अधिक सिलेंडर स्टॉक में

किशनगंज। जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने स्थिति पूरी तरह सामान्य बताई है। शनिवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। जिला प्रशासन के अनुसार वर्तमान में जिले में 6953 से अधिक एलपीजी गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी की व्यवस्था भी सामान्य रूप से चालू कर दी गई है, जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उपभोक्ता घर बैठे बुकिंग कर सकते हैं और पूर्व की तरह दो से तीन दिनों के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी दी जा रही है। प्रशासन ने बताया कि शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

# डिजिटल अरेस्ट और निवेश ठगी गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शांति सेवा न्याय
Delhi Police
SHANTI SEWA NYAYA

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन निवेश ठगी से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ ही अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय एक संगठित गिरोह का भी खुलासा हुआ है, जो म्यूल बैंक खातों के जरिए ठगी की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर करता था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रांच में दर्ज ई-एफआईआर के अनुसार, एक पीड़ित से 47.74 लाख रुपये की ठगी की गई थी। आरोपितों ने खुद को कानून प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया और जांच के नाम पर रकम तथाकथित सुरक्षित खातों में ट्रांसफर करा ली। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम म्यूल बैंक खातों के जरिए अलग-अलग स्थानों पर भेजी गई। करीब 18.74 लाख रुपये की राशि बदायूं उप्र से जुड़े खाते में ट्रेस की गई। तकनीकी निगरानी के बाद पुलिस ने 8 अप्रैल को बदायूं निवासी गौतम सिंह (25) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने 15 हजार रुपये के बदले अपना बैंक खाता और मोबाइल सिम सह-आरोपित फरहान को दे दिया था। इसके बाद पुलिस ने फरहान (30) को नोएडा से गिरफ्तार किया। उसने खुलासा किया कि वह कमीशन लेकर ऐसे बैंक खाते उपलब्ध कराता था, जिनका इस्तेमाल ठगी की रकम ट्रांसफर करने में किया जाता था। पुलिस ने आरोपितों के पास से मोबाइल फोन और बैंक किट भी बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच ने एक अन्य मामले में 35 लाख रुपये की ऑनलाइन निवेश ठगी का भी खुलासा किया है। इस मामले में पीड़ित को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए अधिक मुनाफ़े का लालच देकर फर्जी ट्रेडिंग स्कीम में निवेश कराया गया। जांच में पता चला कि ठगी की पूरी रकम दिल्ली में रजिस्टर्ड एक फर्जी फर्म के बैंक खाते में ट्रांसफर की गई थी। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर बागपत निवासी अंकुश को इस फर्म का अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता पाया गया। पुलिस टीम ने उसे बडौत के पास से गिरफ्तार किया।

# मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कई स्थानों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने 'गवर्नमेंट ऑन व्हील्स' अभियान के तहत बस में सफर करते हुए सड़कों, नालियों और जाम जैसी समस्याओं का मौके पर ही निरीक्षण किया। उनके साथ पीडब्ल्यूडी के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि शनिवार को अवकाश के दिन भी सरकार मैदान में उतरकर काम कर रही है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने पीडब्ल्यूडी मुख्यालय से एमएसओ भवन, मूलचंद, एम्स, छत्तरपुर मेट्रो, नेल्सन मंडेला मार्ग, मुनिरका फ्लाईओवर, विवेकानंद मार्ग होते हुए हयात रीजेंसी तक हर जमीनी हकीकत देखी। उन्हें जहां भी लापरवाही या कमी मिली, वहीं तत्काल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि काम में देरी और ढिलाई बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी।

# युवा ही देश के वर्तमान और भविष्य: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति बताते हुए कहा कि युवा केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी हैं। उनकी ऊर्जा, संकल्प और नवाचार की सोच ही भारत के विकास की दिशा तय करती है। वह शनिवार को डीएवी पीजी कॉलेज में आयोजित छात्रसंघ समारोह में छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने छात्र राजनीति को नेतृत्व विकास, संगठन क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे संगठनों की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे युवाओं में राष्ट्र सेवा, चरित्र निर्माण और सामाजिक चेतना का विकास होता है। साथ ही स्वामी दयानंद सरस्वती के आदर्शों का उल्लेख करते हुए शिक्षा को चरित्र और राष्ट्र निर्माण से जोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्किल इंडिया' जैसी योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं। राज्य सरकार भी उत्तराखंड को शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में 9 नए महाविद्यालयों की स्थापना, 20 मॉडल कॉलेजों का निर्माण, महिला छात्रावास, आईटी लैब और परीक्षा भवनों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए भर्तियां भी की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के हितों की रक्षा के लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले चार वर्षों में 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डीएवी पीजी कॉलेज के अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शैक्षणिक ब्लॉक की छत पर दो अतिरिक्त तल के निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री खजान दास, रामसिंह कैड़ा, विधायक उमेश कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे अधिकारी, मुख्य सचिव ने परखी व्यवस्थाएं

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने आने वाले हैं। उनके दौरे की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। शनिवार को मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन और पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक ने डाट काली मंदिर से महिंद्रा ग्राउंड, गढ़ी कैंट तक तैयारियों को परखा। मुख्य सचिव ने सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार किए जाने की बात कही। मीडिया से बात करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के बनने से दिल्ली-एनसीआर से देहरादून पहुंचने का समय कम होगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, चारधाम यात्रा के लिए कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063